रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 25 नवम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-94 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े का वाहन हुआ क्षतिग्रस्त



**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े जिले के कुसमी में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि बतौर शामिल होने जा रही थी की एन एच 343 राजपुर थाना अंतर्गत चरगढ़ के पास में गाड़ियों को टकराने के कारण यह हादसा हुआ। हादसे के बाद उनको राजपुर के रेस्ट हाउस में लाया गया जहां डॉक्टरों के जांच के बाद उन्हें स्वस्थ बताया जा रहा है।

### इंडिया समूह के नेता खरगे के साथ करेंगे बैठक

**नयी दिल्ली।** इंडिया समूह के सदन के नेता शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले सोमवार को संसद भवन में राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के कार्यालय में बैठक करेंगे। कांग्रेस सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इंडिया गठबंधन के नेता संसद में विपक्षी दलों की रणनीति को लेकर विचार विमर्श करेंगे। गौरतलब है कि सभी दलों के नेताओं ने सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में हिस्सा लिया और कहा कि जनहित के मुद्दों पर संसद में चर्चा की जानी चाहिए।

### सरकार हर विषय पर चर्चा के लिए तैयार : रिजिजू

**नयी दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा है कि संसद सत्र से पहले सभी दलों के नेताओं के साथ सार्थक बातचीत हुई और सरकार हर विषय पर चर्चा कराने के लिए तैयार है लेकिन चर्चा शांतिपूर्ण ढंग से होनी चाहिए ताकि उसका लाभ भी हो। संसद के शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र से पहले बुलाई गयी इस बैठक में विपक्ष ने उद्योगपति गौतम अडानी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप के साथ ही मणिपुर में हिंसा, उत्तर भारत में प्रदूषण की समस्या और रेल दुर्घटना जैसे मुद्दों पर संसद में सबसे पहले चर्चा कराने की मांग की है।

### कांग्रेस ने की अडानी मुद्दे पर संसद में चर्चा की मांग

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले आयोजित सर्वदलीय बैठक में अडानी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप के साथ ही मणिपुर में हिंसा, उत्तर भारत में प्रदूषण की समस्या, रेल दुर्घटना आदि मुद्दों पर संसद में चर्चा कराने की मांग की है। बैठक के बाद कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि पार्टी ने सर्व दलीय बैठक में इन मुद्दों पर चर्चा कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पार्टी चाहती है कि सोमवार से शुरु हो रहे सत्र में सबसे पहले इन सब मुद्दों को उठाया जाए और अडानी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप से जुड़े मुद्दे पर पहले चर्चा कराई जाए।

# अनुसूचित जनजाति समाज हमारी सांस्कृतिक धरोहर और परंपराओं का संवाहक : सीएम साय

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा छत्तीसगढ़ का अनुसूचित जनजाति समाज हमारी सांस्कृतिक धरोहर, परंपराओं और मूल्यों का संवाहक है। मुख्यमंत्री ने लोकसंस्कृति पर केंद्रित डुमन लाल ध्रुव की किताब लोक जीवन के बदलते संदर्भ और छत्तीसगढ़ी कहानियों के संग्रह 'मन के पाखी' का विमोचन किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनजाति समाज के विकास और उत्थान के लिए राज्य शासन के प्रयासों के साथ-साथ आप सभी की सहभागिता और समर्पण महत्वपूर्ण है। जनजातीय समाज के कल्याण के लिए यह स्वर्णिम समय है। राज्य और केन्द्र सरकार ने जनजातीय समाज के उत्थान को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने जनजातीय समाज के उत्थान के लिए जो योजनाएं, नीतियां और कार्यक्रम बनाए हैं, उन्हें सफ़ल करने का दायित्व आपका भी है।

### विष्णु देव ने सुनी मन की बात



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मन की बात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुना। प्रधानमंत्री ने मन की बात में बताया कि ओमन में भारतीय मूल के लोग किस तरह अपनी संस्कृति को सहेज कर रखे हैं। स्लोवाकिया में भारतीय उपनिषद का हिंदी में अनुवाद किया गया है। मोदी ने यह भी बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान का असर विदेशों में भी है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पेड़ लगाने और गौरैया के संरक्षण का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस कार्यक्रम में डिजिटल अरेस्ट के संबंध में भी प्रधानमंत्री ने लोगों को जागरूक किया।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान में 100 करोड़ वृक्षारोपण : पीएम मोदी

पायनियर संवाददाता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम'अभियान में पांच माह के भीतर सौ करोड़ से अधिक वृक्षारोपण होने और कई अन्य प्रकार के कीर्तिमान कायम पर खुशी का इजहार किया है और कहा, एक पेड़ लगा कर हम अपनी मां की उपस्थिति को हमेशा के लिए जीवंत बना सकते हैं। मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा, मैं आपसे देश की एक ऐसी उपलब्धि साझा करना चाहता हूं जिसे सुनकर आपको खुशी भी होगी और गौरव भी होगा और अगर आपने नहीं किया है, तो शायद पछतावा भी होगा। कुछ महीने पहले हमने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान शुरू किया था। इस अभियान में देश-भर के लोगों ने बहुत उत्साह से हिस्सा लिया। मुझे ये बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि इस अभियान ने सौ करोड़ पेड़ लगाने का अहम पड़ाव पार कर लिया है। सौ करोड़ पेड़, वो भी, सिर्फ पाँच महीनों में - ये हमारे देशवासियों के अथक प्रयासों से ही संभव हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा, इससे जुड़ी एक और बात जानकर आपको गर्व होगा। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान अब दुनिया के दूसरे देशों में भी फैल रहा है। जब मैं गुयाना में था, तो वहां भी, इस अभियान का साक्षी बना । वहां मेरे साथ गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. इरफान अली, उनकी पत्नी की माता जी, और परिवार के बाकी सदस्य, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों में ये अभियान लगातार चल रहा है। मध्य प्रदेश के इंदौर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत, पेड़ लगाने का रिकॉर्ड बना है- यहां 24 घंटे में 12 लाख से ज्यादा पेड़ लगाए गए। इस अभियान की वजह से इंदौर की रेवती हिल्स के बंजर इलाके, अब, हरे भरे इलाके में बदल जाएंगे । राजस्थान के जैसलमेर में इस अभियान के द्वारा एक अनोखा रिकॉर्ड बना - यहां महिलाओं की एक टीम ने एक घंटे में 25 हजार पेड़ लगाए।

### मोदी कल वैश्विक सहकारी सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे

प्रधानमंत्री भारत मंडपम में वैश्विक सहकारी सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे और संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारी वर्ष 2025 का शुभारंभ करेंगे। वैश्विक सहकारी आंदोलन की प्रमुख संस्था, अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) के 130 वर्ष के लंबे इतिहास में पहली बार भारत में इस सम्मेलन और महासभा का आयोजन किया जा रहा है।

## हेमंत सोरेन 28 नवंबर को चौथी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे

पायनियर संवाददाता ◀ रांची
www.dailypioneer.com



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज भवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिलकर नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। इसके साथ ही सोरेन 28 नवंबर को मुख्यमंत्री पद की चौथी बार शपथ लेंगे। झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को 56 सीटों पर जीत मिली है। इससे पहले राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजभवन में अपना त्यागपत्र सौंपा।राज्यपाल ने उनका त्यागपत्र स्वीकार कर कहा कि वैकल्पिक व्यवस्था के गठन तक अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहने को कहा है। इसके बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) एवं भाकपा (माले) के शिष्टमंडल ने राजभवन में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड में सरकार गठन के लिए निर्वाचित विधायकों का समर्थन पत्र राज्यपाल को सौंपा। इसके बाद राज्यपाल ने हेमंत सोरेन को झारखंड का मुख्यमंत्री नियुक्त करते हुए उन्हें सरकार गठन के लिए आमंत्रित किया। इससे पहले रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में इंडिया गठबंधन की बैठक हुई।इसमें झामुमो, कांग्रेस, राजद और भाकपा माले के नवनिर्वाचित विधायक शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से इंडिया गठबंधन विधायक दल के नेता हेमंत सोरेन चुने गये।

## जिम्बाब्वे ने पाकिस्तान को एकदिवसीय मुकाबले में 80 रनों से हराया

**बुलावायो/वार्ता।** रिचर्ड एन्गरावा (48), सिकंदर रजा के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत जिम्बाब्वे ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में पाकिस्तान को वर्षा बाधित मैच में 80 रनों से शिकस्त दी। सिकंदर रजा को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफद मैच' से नवाजा गया।



206 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही और उसने तीसरे ही ओवर में अब्दुल्लाह शफीक (एक) का विकेट गवां दिया। सईम अयूब (11) आउट होकर पवेलियन लौट गये।

## किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से ही हो रही है धान खरीदी : सीएम साय

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि मोदी की गारंटी के अनुरूप इस वर्ष भी किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान के मान से ही धान खरीदी की जा रही है। किसानों को इस मामले को लेकर किसी प्रकार का भ्रम नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में भ्रम फैलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि धान खरीदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रदेश के पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कर रही है। किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए उपार्जन केन्द्रों के माईक्रोएटीएम से 2000 रूपए से लेकर 10 हजार रूपए तक की राशि निकालने की सुविधा भी दी गई है। इससे किसानों को धान बेचने परिवहन के लिए किराये पर लिए गए ट्रैक्टर, मेटाडोर आदि का भाड़ा और हमाली मजदूरी का भुगतान करने में सुविधा होगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में अनवरत धान खरीदी का सिलसिला जारी है। 14 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है।

## भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव चरणजीत सिंह ने राजनांदगांव जिले में बिहान के कार्यों का किया अवलोकन



पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

अतिरिक्त सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार चरणजीत सिंह ने जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान मिशन संचालक जयश्री जैन, अतिरिक्त मिशन संचालक झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह, सीईओ एलिस लकरा, प्रशासनिक अधिकारी जायसवाल, एसपीएम राजन सोनी सहित अन्य अधिकारी उनके साथ थे। अतिरिक्त सचिव चरणजीत सिंह ने राजनांदगांव जनपद के ग्राम पंचायत अंजोरा में 75 महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों को अवलोकन किया तथा इससे हो रहे लाभ की जानकारी ली। उन्होंने ग्राम अंजोरा में गणेशा हर्बल गुलाल यूनिट में पीपीपी मॉडल के तहत समूह की महिलाओं द्वारा बनाये जा रहे गुलाल, रोली, चंदन, कुमकुम, पूजन सामग्री के साथ ही व्यापक स्तर पर किए जा रहे पैकेजिंग यूनिट को देखा। वे जय बाबा कुटी स्वसहायता समूह एवं सखी संकुल संगठन की महिलाओं से रूबरू हुए। समूह की महिलाओं ने उन्हें बताया कि स्थानीय स्तर पर उन्हें रोजगार मिल गया है और अच्छी आमदनी मिल रही है। अतिरिक्त सचिव सिंह ने पदुमतरा में समूह के उत्पादों का अवलोकन किया। संकुल अध्यक्ष ने बताया कि संकुल गठन से अब तक 1 करोड़ 18 लाख रूपए का शुद्ध लाभ एवं विगत विश्रीय वर्ष में 30 लाख रूपए की आय हुई है। सिंह ने प्रत्येक परिवार को समूह के माध्यम से आजीविका से जोड़े की बात कही।

## सिन्हा ने डॉ. नागेंद्र और प्रो. अशोक चक्रधर को पंडित हरिदत्त शर्मा पुरस्कार प्रदान किया



पायनियर संवाददाता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने प्रसिद्ध योग गुरु एवं विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान (व्यास) के अध्यक्ष डॉ. एच.आर. नागेंद्र और प्रसिद्ध लेखक, कवि एवं पत्रकार प्रो. अशोक चक्रधर को पंडित हरिदत्त शर्मा पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उपराज्यपाल ने कहा, डॉ. एच.आर. नागेंद्र, एक प्रतिष्ठित योग गुरु, एक प्रतिभाशाली इंजीनियर और योग प्रथाओं पर एक उत्कृष्ट शोधकर्ता ने मानवता के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए दुनिया को भारत के इस प्राचीन उपहार को बढ़ावा देने में मदद की है। सिन्हा ने कहा, उन्होंने इंजीनियरिंग में 30 शोध पत्र और योग की प्रभावकारिता, सिद्धांतों और तकनीकों पर 100 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए हैं। वे बेहतर स्वास्थ्य, सामाजिक सद्भाव और शांति के लिए पूरी लगन से प्रतिबद्ध हैं। प्रोफेसर अशोक चक्रधर के साहित्यिक कार्यों को मान्यता देना भी एक बड़ी खुशी की बात है। संस्कृति की सेवा और कविता के प्रचार में उनका काम वास्तव में प्रेरणादायक है। प्रख्यात पत्रकार, लेखक और समाजसेवी पंडित हरिदत्त शर्मा को श्रद्धांजलि देते हुए सिन्हा ने साहित्यकारों, कवियों, कलाकारों और नागरिक समाज के सदस्यों से पंडित हरिदत्त शर्मा को श्रद्धांजलि के रूप में चार संकल्प लेने का आह्वान किया।

### यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत-नेपाल संबंधों को सुदृढ़ करना

## जनरल द्विवेदी की नेपाल यात्रा से सैन्य सहयोग का नया युग आरंभ होने की संभावना

पायनियर संवाददाता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी नेपाल की पांच दिन की सफल आधिकारिक यात्रा पूरी कर रविवार को स्वदेश लौट आए। इस यात्रा से दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और क्षेत्रीय सुरक्षा पर अधिक ध्यान केन्द्रित होने के साथ सैन्य सहयोग का नया युग आरंभ होने की संभावना है। रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि जनरल द्विवेदी की यात्रा से दोनों देशों के बीच मजबूत रक्षा सहयोग, सांस्कृतिक संबंध तथा परस्पर सम्मान और सुदृढ़ हुआ। यह क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और साझेदारी बढ़ाने के भारत और नेपाल की सेना की साझा प्रतिबद्धता दर्शाता है। जनरल द्विवेदी ने नेपाल के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व के साथ व्यापक चर्चा की। उन्होंने राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल, प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली और रक्षा मंत्री मनबीर राय के साथ उच्च स्तरीय बैठकें कीं। नेपाली सेनाध्यक्ष जनरल अशोक राज सिगडेल और अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ भी उनकी सार्थक चर्चा हुई। बातचीत में खुलेपन और परस्पर सम्मान का भाव रहा, जो द्विपक्षीय संबंधों को सुदृढ़ करने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारतीय सेना प्रमुख ने एक भव्य समारोह में टुंडीखेल स्थित बीर स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर नेपाल के वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। बाद में नेपाली सेना मुख्यालय में उन्होंने गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत-नेपाल संबंधों को सुदृढ़ करना था। जनरल द्विवेदी ने नेपाल के सेनाध्यक्ष जनरल सिगडेल से मुलाकात की और परस्पर हित के विभिन्न पहलुओं तथा द्विपक्षीय रक्षा सहयोग सुदृढ़ करने के उपायों पर चर्चा की। नेपाली सेना के सैन्य संचालन महानिदेशक ने उन्हें सैन्य गतिविधियों से अवगत कराया। जनरल द्विवेदी की नेपाल के अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ भी उच्च स्तरीय चर्चा हुई। वार्ता में सैन्य संबंधों को बढ़ाने, संयुक्त अभ्यास, प्रशिक्षण सहयोग तथा क्षमता उन्नयन पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिससे वैश्विक शांति और सुरक्षा की साझा प्रतिबद्धता को बल मिला।



# पायनियर हलचल...

## विष्णु के सुशासन पर मुहर



रायपुर नगर दक्षिण के उपचुनाव में भाजपा की जीत लगभग तय मानी जा रही थी, लेकिन इस जादुई आकड़े की उम्मीद न ही भाजपा के नेताओं को थी, न ही खुद सुनील सोनी और बृजमोहन अग्रवाल ने ऐसी जीत की उम्मीद की थी। दोनों दल जातिगत गणित में व्यस्त थे। लेकिन चुनाव परिणाम आते ही पूरी राजनीतिक गणित सिरे से खारिज हो गई, विष्णु के सुशासन पर जनता ने एकतरफा मुहर लगा दी। रायपुर नगर दक्षिण सीट से भाजपा के सुनील सोनी 46 हजार मतों से चुनाव जीत गए। निश्चित ही यह सुशासन वाली विष्णु सरकार की जीत है, मोदी की गारंटी की जीत है। अगले माह विष्णु सरकार का एक साल का कार्यकाल पूरा हो रहा है। इस दौरान छत्तीसगढ़ की एकमात्र सीट में हुए उपचुनाव के परिणाम के आकड़े बताते हैं, कि एक साल के कार्यकाल में जनता के बीच सुशासन वाली विष्णु सरकार का विश्वास और प्रगाढ़ हुआ है।

## मैडम भगाओ अभियान

अफसरों के साथ-साथ जनप्रतिनिधि भी अब विभागीय राशि न खर्च होने पर चिंता जाहिर करने लगे हैं। दरअसल ई-कुबेर के चलते एक विभाग में अब तक मात्र 15 प्रतिशत बजट राशि खर्च हो पायी है, जिसको लेकर विभाग में जमकर माथापच्ची चल रही है। बजट पेश होने के 8 माह बाद भी इसका कोई समाधान नहीं निकल पाया है। समाधान न होने से अफसरों के साथ जनप्रतिनिधि भी अब इसमें कूद गए हैं, एक साल बाद परफारमेंस जो दिखाना है। निश्चित ही बजट राशि खर्च न होने से अन्य काम भी ठप्प पड़े हुए हैं। एक साल बाद परफारमेंस में क्या दिखाएंगे? इसको लेकर चिंता सताने लगी है। कहते हैं कि ई-कुबेर से पिंड छुटाने मैडम भगाओ तरकीब निकाली गई है। दरअसल इस विभाग का मंत्रालयीन दायित्व दो महिला अफसरों के पास है। कहा जा रहा है कि वह ऑनलाइन भुगतान और पारदर्शिता से बिलकुल समझौता करने के मूड में नहीं हैं, ऐसे में विभाग के अन्दर कोहराम मचा हुआ है। सुनने में आ रहा है कि ई-कुबेर से तंग आकर विभागीय मंत्री भी अब मैडम भगाओ अभियान में जुट गए हैं, खैर सच क्या है? यह तो आने वाले समय में ही स्पष्ट हो सकेगा।

## बाजीगर ओपी



हारकर भी जीतने वाले को बाजीगर कहते हैं। वर्तमान परिदृश्यों में यह डायलॉग राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के उपर एकदम फिट बैठते दिख रहा है। दरअसल ओपी को हारकर भी जीतने की लत लग गई है, निश्चित ही ओपी बाजीगर हैं। जीतने की लत तभी पूरी हो सकती है, जब आप परिणाम की चिंता किए बिना डटकर मेहनत करें। सम्भवतः ओपी चौधरी भी अब तक यही करते आये हैं। परिणाम जो भी हो, वह जी तोड़ मेहनत करने से कभी पीछे नहीं हटते। झारखण्ड के विधानसभा चुनाव में राज्य के कई नेताओं को जिम्मेवारी सौंपी गई थी। जिसमें वित्त मंत्री ओपी चौधरी का भी नाम शामिल है। चुनाव के दौरान ओपी छत्तीसगढ़ में होने वाले बड़े से बड़े आयोजनों में शामिल नहीं हो सके, लेकिन वह झारखण्ड में डटे रहे। झारखण्ड में एनडीए को भले ही बहुमत न मिली हो, लेकिन ओपी चौधरी को सौंपी गई जिम्मेदारी में वह शत-प्रतिशत खरे उतरे। दरअसल ओपी को हजारीबाग की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। हजारीबाग की 7 सीटों में से भाजपा 6 सीट को जीतने में कामयाब रही। यहीं नहीं इसके पहले भी ओपी चौधरी ने जब आईएएस से इस्तीफा दिया, तब भी उन्हें खरसिया से प्रत्यासी बनाया गया था। ओपी भली-भांति जानते थे कि खरसिया कांग्रेस की परंपरागत सीट है, जीत की उम्मीद कम है, तब भी वह डटे रहे, लगे रहे। खरसिया से चुनाव हारे, तब भी वह हालातों से जूझते रहे। फाइनली अगले विधानसभा चुनाव में वह रायगढ़ से चुनाव जीतकर वर्तमान में राज्य के केबिनेट मंत्री हैं। इसीलिए ओपी को बाजीगर कहा जाने लगा है।

## कल्लूरी और प्रदीप भी रेस में





राज्य में नए डीजीपी को लेकर एक बार फिर चर्चा छिड़ गई है। कहा जा रहा है कि इसके लिए विभागीय प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। वर्तमान डीजीपी अशोक जुनेजा को दिए गए एक्सटेंशन की समयावधि फरवरी 2025 में पूरी हो जाएगी। ऐसे में 3 माह पहले नए डीजीपी के पैनल लिए प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। अभी तक डीजीपी की रेस में तीन अफसर प्रबल दावेदार थे, जिसमें आईपीएस अरुणदेव गौतम, हिमांशु गुप्ता और पवनदेव के नाम शामिल थे। लेकिन यदि पांच नामों के पैनल भेजे जाते हैं, तो ऐसे में आईपीएस कल्लूरी भी डीजीपी के दावेदार होंगे। इसके साथ ही आईपीएस प्रदीप गुप्ता का नाम भी पैनल में शामिल हो सकता है। बहरहाल पैनल में तीन अफसरों के नाम भेजे जाएंगे या फिर 5 अफसर डीजीपी की रेस में शामिल होंगे, इसका खुलासा तो आने वाले समय में ही हो सकेगा।

## दो नहीं, तीन मंत्रियों के शपथ की चर्चा?

राज्य की एक मात्र सीट रायपुर नगर दक्षिण के उपचुनाव में जनता ने विष्णु के सुशासन पर मुहर लगा दी है। अब निकाय चुनाव की घोषणा होने के पहले विष्णु मंत्रीमंडल के विस्तार की संभावना बढ़ गई है। वर्तमान में विष्णु सरकार में दो मंत्री पद रिक्त हैं, जिस पर नए नामों का ऐलान होना है। इसके साथ ही एक मंत्री को रिप्लेस करने की खबरें फिर उड़ने लगी हैं। कहा जा रहा है कि वर्तमान मंत्री को हटाकर उसी समाज से आने वाले एक तेजतर्रार पूर्व मंत्री को केबिनेट में जगह मिलने की सम्भावना बन रही है। यह दोनों नेता एक ही सम्भाग और एक ही समाज से आते हैं, ऐसे में वर्तमान मंत्री को ड्राप किए बिना वेटिंग इन मंत्री का नम्बर लग पाना संभव नहीं है। इसलिए एक मंत्री के रिप्लेस करने की खबरों से इनकार भी नहीं किया जा सकता। दरअसल बृजमोहन अग्रवाल सांसद बन चुके हैं, शिवरतन शर्मा भी विधानसभा के सदस्य नहीं हैं। ऐसे में सरकार को डिफेंस करने वाले एक आक्रामक लीडर की आवश्यकता महशूस होने लगी है। जिसके कारण दो नहीं, तीन मंत्रियों के शपथ की चर्चाएं हो रही हैं।

## नेताम के बाद रजवाड़े भी





राज्य के कृषि मंत्री रामविचार नेताम सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गए। बेमेतरा से रायपुर लौटते वक्त उनके वाहन को पिकअप ने जबरजस्त ठोकर मार दी। घायल मंत्री को राजधानी रायपुर लाया गया, हाथ की कलाई में फैक्चर हुआ, इसके अलावा भी नेताम को गंभीर चोटें आई, खैर अब नेताम खतरे से बाहर हैं। लेकिन एक दिन बीतते ही महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े सड़क हादसे की शिकार हो गई। कहते हैं कि लक्ष्मी की गाड़ी एक ट्राला को बचाने के चक्कर में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हांलाकि महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े को कोई गंभीर चोट नहीं आई। लेकिन लगातार मंत्रियों के सड़क दुर्घटना के शिकार होने से प्रशासन परेशान और हैरान है।

editor.pioneerraipur@gmail.com

# युवाओं में राष्ट्रप्रेम एवं अनुशासन की भावना को जागृत करता है एनसीसी : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित 76वें एनसीसी दिवस समारोह में शामिल हुए। एनसीसी दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि एनसीसी युवाओं में राष्ट्रप्रेम और अनुशासन की भावना को जगाता है और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करता है। मुख्यमंत्री ने एनसीसी कैडेट्स की परेड की सलामी ली। एनसीसी दिवस कार्यक्रम में एनसीसी के छात्र-छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुति के साथ ही हार्स राइडिंग, एरो मॉडलिंग, सेक्शन मूवमेंट, सीमा फोर जैसे प्रदर्शन किये गए। मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले केडेट्स को पुरस्कृत किया। साथ ही 76वें एनसीसी दिवस समारोह के मौके पर प्रकाशित पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी को 76वें एनसीसी दिवस की बहुत-बहुत बधाई देते हुए कहा कि एक बार फिर मुझे आप लोगों के बीच आने का अवसर मिला है। आप लोगों के बीच जब भी आता हूं, नई ऊर्जा से भर जाता हूं। आप लोगों ने एनसीसी दिवस पर शानदार परेड मार्च किया, एरो मॉडलिंग प्रदर्शन किया, घुड़सवारी का प्रदर्शन किया और सेक्शन अटैक का प्रदर्शन किया। आप लोगों के प्रदर्शन से मैं भी जोश से भर गया हूं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मुझे अच्छी तरह याद है कि नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होकर जब हमारे कैडेट लौटे थे, तब भी आप लोगों से मुलाकात हुई थी। गणतंत्र दिवस के मौके पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर छत्तीसगढ़ के एनसीसी कैडेटों को परेड करते हुए देखना बड़ा ही सुखद होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे कैडेट भारत के विभिन्न राज्यों से आए एनसीसी कैडेटों के साथ कदम से कदम मिलाते हुए जब तिरंगे को सलामी देते हैं तो प्रत्येक छत्तीसगढ़िया गर्व से भर उठता है। हमारे देश की यही खूबसूरती है। अलग-अलग भाषा और अलग-अलग क्षेत्रों के होने के बावजूद हम सभी में राष्ट्रप्रेम की भावना कूट कूट कर भरी हुई है। एनसीसी इसी राष्ट्र प्रेम को सींचता है, राष्ट्रीय एकता को मजबूत करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एनसीसी एक ऐसा संगठन है जो युवाओं को अनुशासन सिखाता है, उनके चरित्र का निर्माण करता है, उन्हें साहसी बनाता है और निःस्वार्थ सेवा के लिए प्रेरित करता है। एनसीसी का ध्येय वाक्य ही है- 'एकता और अनुशासन'। एनसीसी हमारे युवाओं को सेना और अन्य सुरक्षा बलों में अपना कैरियर बनाने के लिए प्रेरित करता है। युवाओं को सेना में कैरियर निर्माण के लिए प्रेरित करने के लिए आप लोगों ने अभी कुछ दिनों पहले राजधानी रायपुर में भव्य सैन्य प्रदर्शनी का आयोजन भी देखा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे यह देखकर भी बहुत खुशी होती है कि एनसीसी में बालिकाओं की भागीदारी बढ़ रही है। प्रदेश में अनेक गर्ल्स बटालियन संचालित की जा रही है, यह बड़ी प्रसन्नता की बात है। हमारी बेटियों ने राष्ट्रीय से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक एनसीसी का नेतृत्व कर छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। भारत की उपलब्धियों का गौरवगान पूरी दुनिया कर रही है। इन उपलब्धियों में निश्चित रूप से युवाओं की सबसे बड़ी भागीदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य देश के सामने रखा है। हमारे ऊर्जावान युवाओं के योगदान से हम सब अवश्य ही विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इनमें से बहुत से कैडेट सेना में अपना कैरियर बनाएंगे। हमने अपनी नई औद्योगिक नीति में अग्नि वीरों के लिए विशेष प्रावधान किए हैं। नई शिक्षा नीति में शिक्षा को कौशल विकास से जोड़ा है। जिससे आप लोग विभिन्न क्षेत्रों के माध्यम से देश की सेवा कर सकें।

## वनमंत्री केदार कश्यप भाग्यनगर हैदराबाद में आयोजित लोकमंथन कार्यक्रम में शामिल हुए

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



वन मंत्री केदार कश्यप भाग्य नगर हैदराबाद में आयोजित लोकमंथन कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रज्ञा प्रवाह द्वारा भाग्यनगर में 21 नवम्बर से 24 नवम्बर तक इसका आयोजन किया गया। वन मंत्री केदार कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि लोक मंथन में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक वाद्ययंत्रों का स्टॉल लगा हुआ है। मंत्री कश्यप ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक वाद्ययंत्रों के स्टॉल पहुंचकर उसका अवलोकन किया और छत्तीसगढ़ से इस कार्यक्रम में भाग लेने आये लोक कलाकारों से मुलाकात कर उनसे चर्चा की। वनमंत्री केदार ने कहा कि यह भारत के समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और विरासत को एकता के सूत्र में बांधने व मजबूत करने का एक सराहनीय पहल है। लोकमंथन जैसे आयोजनों का उद्देश्य देश के लोगों को अपने मूल जड़ों से जोड़े रखने का छोटा सा प्रयत्न है। वनमंत्री कश्यप ने बताया कि कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश की अराध्य देवी माई दंतेश्वरी का पूजा अर्चना किया गया। यह क्षण हमारे लिए गौरव का विषय था। पहले दिन कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## रायपुर में इस वर्ष फरवरी से अब तक 7970 अपराध हुए दर्ज

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

आईजीपी रायपुर अमरेश मिश्रा और एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां, बदमाशों व अड्डेबाजी पर कार्यवाही, विजिबल पुलिसिंग और नशे के खिलाफ कार्यवाहियों पर जोर दिया जा रहा है। जिला रायपुर में माह फरवरी से अब तक आईपीसी/बीएनएस के तहत 7970 अपराध दर्ज किए गए हैं। पिछले साल इसी अवधि में 8224 अपराध दर्ज हुए थे। इस तुलनात्मक अवधि में अपराधों में 3 प्रतिशत की आंशिक कमी हुई है। पिछले साल चाकूबाजी की 171 की जगह 102 घटनाएं और हत्या के 54 की बजाय 58 घटनाएं हुई हैं। चाकूबाजी में 40 फीसदी की कमी, हत्या में 7 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। छेड़छाड़/यौन हिंसा में 28 फीसदी, बलात्कार में 8 फीसदी, चोरी में 9 और मारपीट में 3 प्रतिशत की कमी है। इस वर्ष माह फरवरी से चलाए जा रहे नशे के खिलाफ निजात अभियान के कारण एनडीपीएस व आबकारी के दर्ज प्रकरणों में तेजी के कारण कुल पंजीबद्ध अपराध में बढ़ोतरी परिलक्षित हो रही हैं।

## उप मुख्यमंत्री अरुण साव बिलासपुर, मुंगेली और लोरमी में कई कार्यक्रमों में होंगे शामिल



**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज बिलासपुर में महिला पुलिस थाना के पास वृद्धाश्रम में बुजुर्गों से सौजन्य भेंट करेंगे। वे सवेरे साढ़े आठ बजे बिलासपुर से रतनपुर के लिए रवाना होंगे। वे सवेरे नौ बजे रतनपुर में मां महामाया के दर्शन के बाद सफाई मित्रों के पद प्रक्षालन और सम्मान कार्यक्रम में शामिल होंगे। साव सवेरे साढ़े नौ बजे रतनपुर से बिलासपुर जिले के कोटा के लिए प्रस्थान करेंगे। वे सवेरे दस बजे कोटा में नगर पंचायत के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। वे सवेरे पौने 11 बजे कोटा से मुंगेली जिले के झझपुरी के लिए रवाना होंगे। उप मुख्यमंत्री साव सवेरे साढ़े 11 बजे से मुंगेली जिले के झझपुरी, डोंगरिया, उरईकछार, घानाघाट, केसरी, दरवाजा, कारीडोंगरी, खुड़िया, जाकड़बांधा, अखरार, सारिसताल, धनियाडोली, अमलडीही और गोड़खाम्ही में स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वे शाम पौने चार बजे लोरमी स्थित मंगल भवन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह में शामिल होंगे। साव शाम चार बजे लोरमी में नगर भ्रमण और स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद शाम पांच बजे नगर पालिका के कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे।

## आवासीय योजनाओं में 50 प्रतिशत और व्यावसायिक योजनाओं में 30 प्रतिशत की विशेष छूट

**रायपुर।** रायपुर विकास प्राधिकरण ने मध्यवर्गीय परिवारों को बड़ी राहत प्रदान करते हुए बकाया राशि के भुगतान पर शानदार छूट का प्रस्ताव रखा है। अब यदि बकायादार एकमुश्त भुगतान करते हैं, तो उन्हें आवासीय योजनाओं में 50% और व्यावसायिक योजनाओं में 30% की विशेष छूट मिलेगी। इसके अलावा, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिलने वाले फ्लैट्स पर रखरखाव और जलकर के सरचार्ज की राशि पर 100% छूट भी दी जाएगी। यह ऑफर 31 मार्च 2025 तक वैध रहेगा। इस अहम फैसले का निर्णय आवास व पर्यावरण सचिव और रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष अंकित आनंद की अध्यक्षता में आयोजित संचालक मंडल की बैठक में लिया गया।




# डीएमएफ फंड के पाई-पाई का जनकल्याण में हो रहा उपयोग : लखन लाल देवांगन

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा जिले मेंडीएमएफ फंड के एक-एक रूपए का उपयोग जनकल्याणकारी कार्यों में किया जा रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों के स्कूलों, आँगनबाड़ी व अस्पतालों की व्यवस्था बेहतर करने लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। उक्त बातें कोरबा नगर विधायक और वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने वार्ड क्रमांक 30 मानिकपुर के शासकीय प्राथमिक शाला भिलाई खुर्द क्रमांक 1 के नवीन शाला निर्माण और शासकीय हाई स्कूल जेपी कॉलोनी में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के आसंदी से कही। जिला खनिज न्यास मद 2024-25 मद से क्रमशः 20-20 लाख रुपए की लागत से दोनों कार्यो का मंत्री देवांगन ने विधिवत भूमि पूजन कर शिलापट्टी का अनावरण किया।इस अवसर पर मंत्री देवांगन ने कहां कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरबा को जिला खनिज न्यास मद की बहुत बड़ी सौगात दी है, डॉ रमन सिंह जी सरकार में इस मद का उपयोग बेहतर ढंग से शुरू हुआ था। विष्णु देव के सुशासन वाली सरकार में जिला खनिज न्यास मद का उपयोग जन कल्याण में किया जा रहा है। जिले के सभी शासकीय स्कूलों में बच्चों को नाश्ता मिल रहा है, स्कूल और आंगनबाड़ी संवर रहे हैं। बहुत जल्द रेलवे क्रॉसिंग अंडर ब्रिज का निर्माण प्रारंभ होने जा रहा है। इससे प्रभावित होने वाले परिवारों को इतिहास में पहली बार शासकीय जमीन पर बसे लोगों को 3 करोड़ से अधिक का मुआवजा दिया गया। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास के संकल्प के साथ कोरबा शहर और जिले का विकास किया जा रहा है।

# बांसला में ग्रामीणों द्वारा की जा रही नवीन धान संग्रहण केन्द्र की मांग, तहसीलदार पहुंचे मौके पर

पायनियर संवाददाता ✓ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

ग्राम बांसला के ग्रामीणों द्वारा बांसला में नवीन धान संग्रहण खरीदी केन्द्र खोलने की मांग की जा रही है। ग्रामीण लगातार शासन प्रशासन से खरीदी केन्द्र खोले जाने की मांग उठा रहे हैं। नही खुलने पर चक्का जाम करने की भी चेतावनी दे रहे है इस बीच रविवार को निरीक्षण करने के लिए तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा और फूड इन्फेक्टर सैलेंद्र ध्रुव मौके पर पहुंचे।

उन्होंने ग्रामीणों साथ ग्रामीणों द्वारा चयनित जगहों को जाकर देखा। किसानो को धान क्रय के लिए हो रही परेशानियों से अवगत हुए। आपको बता दे की ग्राम बांसला के ग्रामीणों द्वारा बांसला में धान खरीदी केन्द्र खोलने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को भी ज्ञापन सौंपा गया है। साथ ही एक सप्ताह के भीतर अगर शासन प्रशासन द्वारा यहां पर धान खरीदी केंद्र नहीं खोला जाता है तो वे संबलपुर चौक में चक्का जाम करने की चेतावनी दी है। ग्रामीणों ने बताया आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. लेम्पस संबलपुर के कार्य क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत बांसला में कई वर्षों से पूर्व मुख्य मंत्री डॉ. रमन सिंह भूपेश बघेल पूर्व मुख्य मंत्री छ.ग. सरकार के समय से लगातार हर वर्ष धान संग्रहण केन्द्र खोलने की मांग लंबित है। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत बांसला आश्रित ग्राम जुनवानी, ग्राम पंचायत चवेला आश्रित ग्राम तुडगे, एवं ग्राम पंचायत जातावाड़ा के आश्रित ग्राम उत्तामार व जेपरा, इतने ग्राम आते हैं। जो कि नवीन धान केन्द्र संग्रहण से दूरी लेम्पस संबलपुर तक 10 एवं 15 किलोमीटर के दूरी पर ग्राम स्थित हैं। एवं सभी ग्राम के धान संग्रहण केन्द्र संबलपुर ले जाने से काफी परेशानी होती हैं। वहीं अधिक भीड़ होने के कारण समय पर धान की तौलाई नहीं हो पाती। लाईन लगाना पड़ता है। एवं कई कठिनाईयों का सामना करना पड़ता हैं। समस्त ग्राम पंचायत व कृषकों के द्वारा कई बार नवीन धान उपार्जन केन्द्र हेतु शासन व प्रशासन को मांग पत्र प्रति वर्ष प्रेषित किया गया हैं।



# एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के वित्त विभाग के कर्मचारी को प्रदान किया गया व्हील चेयर



पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी लिमिटेड किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही के करकमलों से वित्त विभाग के वरिष्ठ कर्मचारी रवि रेड्डी को व्हील चेयर प्रदान किया गया। विदित हो कि विश्व में अपनी उत्कृष्ट गुणवत्ता की लौह अयस्क के लिए सुविख्यात नवरत्न कम्पनी एनएमडीसी लिमिटेड उत्पादन, उत्पादकता एवं प्रेषण के नवीनतम कीर्तिमान अर्जित करने के साथ ही साथ अपने कर्मचारियों जीवनस्तर को ऊंचा उठाने एवं अधिक से अधिक सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु सतत प्रयासरत रहती है। इसी तारतम्य में वित्त विभाग के दिव्यांग कर्मचारी को बिना किसी परेशानी अपने कार्य सुगमतापूर्वक एवं सुचारू रूप से सम्पादित करने हेतु व्हील चेयर प्रदत्त किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (वर्क्स) किशन आहूजा, वित्त विभाग के विभागाध्यक्ष एस गुहा, एसकेएमएस के सचिव राजेश संधू, कार्यालय सचिव प्रदीप नामदेव, विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को मारी ठोकर एक की हालत नाज़ुक

पायनियर संवाददाता ✓ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



भानुप्रतापपुर से दल्ली रोड मुख्य मार्ग पर नाका के पास शनिवार को शाम 5 बजे एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को ठोकर मार दिया। घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें भानुप्रतापपुर के शासकीय अस्पताल में पहुंचाया गया। एक की हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल हायर सेंटर अस्पताल रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार अंतागढ़ क्षेत्र के बर्रेबेड़ा गांव के युवक सुनील ऊयके 32 वर्ष और महेश गोटी 28 वर्ष है। बताया जा रहा है महेश गोटी और सुनील उइके का रिश्ते में साला लगता है। महेश की पत्नी को भानुप्रतापपुर के सरकारी अस्पताल में डिलीवरी केस में भर्ती किया गया है जहां उन्होंने एक बेटी को जन्म दिया। दोनों युवक अस्पताल से दल्ली रोड की ओर जा रहे थे। इस दरमियान दल्ली रोड नाका के समीप एक अज्ञात वाहन ने उन्हें ठोकर मार दिया जिससे दोनों बेहद गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद दोनो को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां महेश की हालत गंभीर देखकर चिकित्सकों ने हायर सेंटर अस्पताल रेफर कर दिया। इस घटना के बाद पुलिस अज्ञात वाहन चालक की पता साजी में जुट गई है।

# कवरेज़ करने पहुंचे पत्रकार को रेंजर ने दी अश्लील भद्दी गालियां

पायनियर संवाददाता ✓ बीजापुर
www.dailypioneer.com



वन विभाग की नाकामी सामने लाने वाला चौथा स्तंभ अब अधिकारियों को चुभने लगा है। अपनी नाकामी को छुपाने की मंशा पर पानी फिरता देख अब अधिकारी बौखला गए है बौखलाहट में कवरेज करने गए पत्रकार को अश्लील अपशब्दों से सुशोभित करने लगे हैं। ऐसा ही एक वीडियो तारलागुडा वनोपज जांच नाका से आया है जहाँ जब्त किए गए जेसीबी की रिकॉर्डिंग करने के दौरान अपने वनकर्मी से बातचीत में परिक्षेत्र अधिकारी भोपालपटनम विनोद तिवारी का सामने आया है। वीडियो में विनोद तिवारी पत्रकार को न केवल अश्लील भद्दी गालियां दे रहा है बल्कि उसे पत्रकार मानने से भी इनकार करते मौके से भगाने अपने कर्मचारी को निर्देश दे रहा है। पूरा मामला भारत नेट द्वारा भोपालपट्टनम तारलागुडा क्षेत्र में नेशनल हाईवे किनारे ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने के लिए जेसीबी की खुदाई में सैकड़ों पेड़ गिराने से जुड़ा है। नियमों को दरकिनार कर भारत नेट यहां जंगलों को नुकसान पहुंचा रहा है। आदेश में स्पष्ट निर्देश है कि वनों को नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा। कल मीडियाकर्मियों की शिकायत पर वनमंडाधिकारी बीजापुर रामकृष्ण रंगनाथन के निर्देश पर रेंजर विनोद तिवारी ने तीन जेसीबी वाहनों को जंगल में काम करने के दौरान जब्त करके तारलागुडा जांच नाके में अपने कब्जे में रखा। रेंजर को ऑप्टिकल फाइबर केबल खोदाई काम कराये जाने संबंध में कोई आदेश डीएफओ बीजापुर द्वारा नहीं देने का मामला भी प्रकाश में आया। डीएफओ के ऐसे रवैये से रेंजर खासे नाराज दिख रहे थे। अब पत्रकार के खिलाफ वन विभाग के अधिकारी द्वारा ऐसे बर्ताव को लेकर पत्रकार संघ भारी आक्रोश में है। पत्रकार संघ इस मामले में बड़ी कार्रवाई की मांग प्रदेश के मुख्यमंत्री से करने का मन बना रहा है। सुकमा में बस्तर के पत्रकार साथी बप्पी राय और साथियों के खिलाफ कुछ दिए पहले हुए कार्रवाई का गुस्सा अभी शांत भी नहीं हुआ है कि बीजापुर में वन विभाग के अधिकारी का लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ पर ऐसा प्रहार पत्रकारों में रोष का कारण है। अश्लील वीडियो मामले में डीएफओ बीजापुर का वक्तव्य जानने दूरभाष पर कॉल किया गया लेकिन उनके द्वारा Can I call you later? संदेश भेजा गया। भद्दी गाली गलौच करने वाले रेंजर विनोद तिवारी को जब कॉल किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। रेंजर तिवारी का यह पहला मामला नहीं है गाली गलौच करने की उनकी पुरानी आदत है। अपने मातहत कर्मचारियों को भी वे गाली गलौच करते रहते हैं। धर्मारम परिक्षेत्र में देवगुड़ी बनाए बिना पूरा भुगतान करके राशि हड़पने के मामले में भी तिवारी के खिलाफ ग्रामीण शिकायत कर चुके हैं। जिसमें जांच अधिकारी एसडीओ मनोज बघेल को बनाया गया था लेकिन दो साल बाद भी जांच ठंडे बस्ते में है। एक निजी यूट्यूब चैनल के लिए काम करने वाले पत्रकार सदानंदम बैरीजी ने बताया कि मेरे द्वारा सैकड़ों पेड़ों को काटने वाला न्यूज़ बनाया गया और बाइट के लिए बोला गया तो मुझे भोपालपटनम रेंजर विनोद तिवारी द्वारा अश्लील भद्दी गाली गलौच किया गया। इस मामले में मेरे द्वारा थाने में रेंजर विनोद तिवारी के खिलाफ कार्रवाई करने आवेदन किया जा रहा है। रेंजर के ऐसे बर्ताव से मैं आहत हूँ। इस मामले में मैं छत्तीसगढ़ के राज्यपाल और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर शिकायत करूँगा।

# पीपीपी पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप मॉडल पर दुकानों की नीलामी में हो रही देरी को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ✓ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत भानुप्रतापपुर द्वारा दल्ली रोड़ स्थित पीपीपी पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप मॉडल पर दुकानो की नीलामी सोमवार को कराई जानी थी। एन वक्त में भाजपा पार्षदों द्वारा नियमों का हवाला देकर नीलामी को निरस्त करने के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया था। जिसके बाद नगर पंचायत द्वारा उक्त नीलामी प्रक्रिया को स्थगित किया गया है। रविवार को व्यापारियों और नागरिकों ने सांसद भोजराज नाग से मुलाकात कर जमीन नीलामी को जल्द से जल्द कराने की मांग रखी है।

**सांसद ने तत्काल कलेक्टर को लगाया फोन** - उन्होंने सांसद भोजराज नाग से मिलकर बताया है की भानुप्रतापपुर नगर पंचायत द्वारा दल्ली रोड फारेस्ट नाका पास स्थित जमीन नीलामी के लिए पिछले दो साल से निविदा निकाली जा रही है। और उसके बाद अपने चहेते धनवान व्यापारी को जमीन दिलवाने में असफल होने के कारण निविदा नीलामी को निरस्त किया जाता है।नगर पंचायत भानुप्रतापपुर द्वारा पूर्व में दल्ली रोड नाका पास स्थित जमीन को एक व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए पुरे जमीन को एक मुस्त बेचा जा रहा था। जिसको भानुप्रतापपुर के व्यापारियों और नागरिकों के विरोध के बाद नीलामी को निरस्त किया गया। उसके बाद से लगातार दो-तीन बार नीलामी के लिए निविदा निकालकर निरस्त किया जा रहा है। जिस पर सांसद भोज राज नाग ने तत्काल जिला कलेक्टर को फोन लगाया। उन्होनें कहा कि इस विषय पर बिना देरी करते हुए जांच कराए और बेरोजगार व्यापारियों और नागरिकों के हित को ध्यान में रखते हुए जो भी निर्णय निकले इसके लिए प्रयास करें।

**लगभग 2 करोड़ रुपए की होगी आमदनी** - उन्होंने बताया है की वर्तमान में उस जमीन को भानुप्रतापपुर के व्यापारियों और नागरिकों के दबाव में 10 दुकान के लिए नीलामी के लिए निविदा बुलाई गई जिससे यहां के व्यापारियों और नागरिकों में दुकान लेने के लिए काफी उत्साह देखा गया। और उस जमीन के नीलामी के लिए लगभग 93 लोगों ने नीलामी में भाग लिए। नीलामी के लिए नगर पंचायत द्वारा 13 नवंबर को समय निर्धारित किया गया जिसको किसी कारण से स्थगित करते हुए नीलामी के लिए 18 नवंबर समय 12: 00 रखा गया था।

# दंतेवाड़ा में प्लेसमेंट कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**किरन्दुल।** प्रदेश की सभी निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारी 19 नवम्बर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।दंतेवाड़ा जिले के 05 निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारी हड़ताल पर जुटे हुए हैं।दंतेवाड़ा जिले में भी सभी नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारी रविवार सुबह 10 बजे से धरना दे रहे हैं एवम हड़ताल का छटवां दिवस हैं।इस बीच दंतेवाड़ा पहुंच कर नगरपालिका परिषद् किरंदुल अध्यक्ष , एवं कांग्रेस समर्थित 12 पार्षदों ने धरना स्थल पहुंच अपना समर्थन किया।प्लेसमेंट कर्मचारियों की मांग कि समस्त नगरीय निकायों से प्लेसमेंट /ठेका प्रथा को समाप्त करने,नगरीय निकाय में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को शासन के अन्य विभाग जल संसाधन,पीडब्लूडी,पीएचई व वन विभाग आदि के तर्ज पर निकायों से सीधे वेतन का भुगतान किया जाये।समस्त नगरीय निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारियों को 4 हज़ार श्रम सम्मान राशि प्रदान करने,05,10,15,20 वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों को नियमित करने की मांग को लेकर हम हड़ताल में बैठे हुए हैं एवं आगे भी हमारी हड़ताल जारी रहेगी को सुना। प्रतिनिधि के रूप राजेंद्र मृणाल राय , गायत्री साहू, कीर्ति राणा दन्तेवाड़ा सभा स्थल उपस्थित हुए।

# छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा मंडल द्वारा किया जाएगा सुनील सोनी स्टार नाईट का आयोजन



**किरन्दुल।** छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक क्रीड़ा मंडल किरन्दुल द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम मोर छईया भुईया एवं झन भुलौ मां बाप ला के गायक संगीतकार सुनील सोनी नाइट का आयोजन किया जाएगा।संस्था के सचिव पी एल साहू ने बताया कि किरंदुल की छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक एवं क्रीडा मंडल संस्था छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना एवं एनएमडीसी स्थापना दिवस के वर्षगांठ के अवसर पर सुरमई सांस्कृतिक संध्या सुनील सोनी स्टार नाइट का आयोजन बीआईओपी स्कूल ग्राउंड में दिनांक 27 नवंबर दिन बुधवार को शाम 7:00 बजे से करवा रही है। विदित हो कि लोक गायक सुनील सोनी छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोकप्रिय गायक है, जो छालीवुड छत्तीसगढ़ी फिल्मों मे संगीत एवं गायन करते हैं।

## समिति के अध्यक्ष को न्योता नहीं मिलने से हुए नाराज

# महाविद्यालय के पत्रकारिता विभाग ने मनाया राष्ट्रीय प्रेस दिवस

पायनियर संवाददाता ✓ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com




भानुप्रतापपुर के शासकीय महर्षि महाविद्यालय में राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया गया। जिले के कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रहे। वही महाविद्यालय के आयोजित कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष को न्योता नही मिलने से नाराज चल रहे है। सोशल मीडिया के माध्यम से जनप्रतिनिधियो द्वारा कॉलेज के प्राचार्य पर भेदभाव करने का आरोप लग रहे हैं।

**कलेक्टर ने कहा लगातार मीडिया बदल रहा है** - उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा राष्ट्र निर्माण के लिए सामाजिक व व्यावसायिक जीवन में आदर्शों, नैतिक मूल्यों व ईमानदारी को समझाया। वर्तमान समय में तकनीकी दक्षता के महत्त्व को इंगित किया। कहा की पहले प्रिंट और इलेट्रॉनिक न्यूज़ को ही जानते थे अब वर्तमान में यह व्यापक हो गया है। लगातार मीडिया बदल रहा है उन्होने कहा पत्रकारिता को देखता हूं तो प्रशासन के समांतर पाता हूं।

प्रशासन ग्रामीण क्षेत्र में विकास, लाइन आर्डर सभी के बारे में जानकारी होती है। पत्रकारिता में सभी चीजों के बारे जानकारी रखना होता है। इसके आलावा किसी विषय पर खास कर सकते है जैसे राजनीती, क्राइम, खेल, सम सामयिक में विशेषज्ञता होना चाहिए। यूपीएससी की तैयारी इसका विशेष महत्व है मेरे साथ वाले कई अधिकारियों ने भी कोर्स किया है। पत्रकारिता कोर्स करते है तो लिखने में दक्ष होता है। मैं भी चाहता पत्रकारिता करने का शौक था किसी कारण नहीं कर पाया। पत्रकारिता में आपार संभवानाएं है कोई भी खबर में मिरर की तरह प्रस्तुत करता है। कोई उसी खबर में बुराई करने का भी काम करते है।सामाजिक बदलाव कर सकते है।

विशिष्ठ अतिथि कांकेर के वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा रहे उन्होने कहा आने वाले समय के आप पत्रकारिता कोर्स पूरा कर आएंगे। इसके लिए अभी से तैयार रहे यह क्षेत्र व्यापक है। यूपीएससी में जैसे को फिक्स पाठ्यक्रम नहीं है वैसा ही पत्रकारिता है। सभी विषयों की जानकारी के आलावा क्षेत्र में होने वाली घटनाओं से सीखते जाते है। यह सभी जानकारी के लिए संबंधित विशेषज्ञ से बात करते रहना चाहिए। पत्रकारिता में दिन हो चाहे रात हो सबसे सबसे पहले पहुँचे और खबर को तथ्यात्मक तरीके से बनाएं।

प्राचार्य डॉ रश्मि सिंह ने कहा कॉलेज यहाँ 1983 से संचालित है। कई समस्याओं के बीच हमारा कॉलेज में होनहार छात्र-छात्राएं भी है। इस कॉलेज से पढ़े कई अधिकारी है। खिलाड़ियों ने भी नाम रोशन किया है। पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष श्रीदाम ढाली ने कहा बस्तर संभाग यह एक मात्र कॉलेज है जहां पत्रकारिता का कोर्स चल रहा है 100 छात्र-छात्राएं है। इस मौके पर प्रभारी प्रोफेसर आरके दर्रो ने भी संबोधित किया।

**इन्हें किया गया सम्मानित :** इस कॉलेज ने निकले छात्र सुरजलाल आचला, मोहनीश कुमार को पत्रकारिता शिखर सम्मान से अतिथियों के हाथों सम्मान किया गया। साथ पिछले वर्ष बेहतर परिणाम आने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। वही सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. नसीम अहमद मंसूरी, कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष कमल किशोर प्रधान, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी नंदिनी ध्रुव, रेडक्रॉस प्रभारी सुषमा चालकी, क्रीड़ा प्रभारी चेतन श्रीवास, योगेश यादव, मुकेश डहरवाल, टुपेश कोसमा, ईश्वर सिन्हा, धनेश्वर बांधे, अनिल साहू, जीवनलाल साहू, सूर्यकांत देवांगन, निशा तिवारी, मुकेश डहरवाल, प्रीतम कोमरे, किसन गावड़े, उपासना निषाद, आस्था शर्मा, सोहद्रा विश्वकर्मा, विवेक वर्मा, अश्विनी प्रधान, प्रवीण ठाकुर, दिलीप रामटेक, पूरन गोटी, गिरधारी लाल सिन्हा, गिरीश काले, दीपक यादव, नेमीचंद भूसाखरे, बाबुलाल कोठारी, देवेंद्र सिन्हा, रविंद्र कोर्राम, देवनाथ दरपट्टी, प्रमोद साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्र उपस्थित थे।


### महाविद्यालय के आयोजित कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष को नही मिला न्योता

शासकीय महाविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में जन भागीदारी समिति अध्यक्ष रत्नेश सिंह को आमंत्रित नहीं किया गया। जिससे वे नाराज हैं। उन्होंने कहा महाविद्यालय में इतने बड़े कार्यक्रम में जन भागीदारी समिति अध्यक्ष होने के बावजूद मुझे आमंत्रित नहीं किया गया जो प्रोटोकॉल का उल्लंघन है।

# जल जगार महोत्सव, जुगाड़ महोत्सव में तब्दील, अधिकारी अब भी त्रस्त

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पिछले माह 5 अक्टूबर को जल जगार महोत्सव गंगरेल की विशाल जलराशि के बीच भगवान शिव की प्रतिमा में जलाभिषेक किया। लेकिन इस कार्यक्रम के नाम पर शासन से लाखों रूपये की राशि प्राप्त होने के बाद भी नर्सिंग होम, राईस मिलर्स, यहां तक प्रत्येक विभागों के अधिकारियों से राशि संग्रहित करने का निर्देश दिया गया था, इसे लेकर प्रदेश भाजपा महामंत्री रामू रोहरा ने भी जानकारी मिलने पर जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया था। लेकिन हकीकत यह है कि जल जगार महोत्सव जुगाड़ महोत्सव में तब्दील होकर अधिकारियों के लिये परेशानी पैदा कर रहा है और बकाया राशि दिये जाने के लिये दबाव डाला जा रहा है जिससे वे अब भी त्रस्त हैं। पिछले माह आयोजित इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के लोगों की घोर उपेक्षा कर मुंबई, गुजरात के लोगों को प्राथमिकता दी गई, इसका भी दर्द जिलेवासियों को है। जलाभिषेक संकेत के रूप में वर्षा जल जहां भी गिरे, जब भी गिरे, उसे इकट्ठा करने और भूमिगत जल तालिकाओं, नदियों को फिर से भरने की प्रतिबद्धता को दर्शाने सामूहिक रूप से कई संरक्षण संरचनाएं बनाई गई हैं। जल जगार महोत्सव में रूद्राभिषेक कार्यक्रम अंतर्गत जिले में चारों विकासखंडों में जल संरक्षण हेतु निर्मित किये गये 108 जल संरचनाओं, जिसमें अमृत सरोवर, जलाशय, पारंपरिक एवं ऐतिहासिक तालाब परकोलेशन टेंकों से जल लाकर गंगरेल बांध में भगवान शिव की प्रतिमा में अर्पित किया गया ताकि जल को धार्मिकता से जोड़ते हुए लोगों को जल संरक्षण हेतु जागरूक व प्रोत्साहित किया जा सके। इसी उद्देश्य को लेकर पिछले माह जल जगार का व्यापक पैमाने पर प्रचार प्रसार कर उसका आगाज 5 एवं 6 अक्टूबर को किया गया था जिसमें दूरदराज से अनेक लोगों ने भाग लिया था। गुजरात, मुंबई के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी थी और इस कार्य में बाहरी कंपनी को ड्रोन चलाने सहित अनेक कार्य आबंटित किये गये थे। लेकिन जिलेवासियों को इससे अछूता रखा गया




और उनकी उपेक्षा की गई। हद तो यह है कि राज्य सरकार ने इसके लिये लाखों रूपये की राशि आबंटित की थी, उसके बाद भी जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी के निर्देश पर भारी भरकम चंदा वसूली की गई। अभी भी भुगतान देयक शेष है कहकर अधिकारियों पर दबाव डालकर यह राशि संग्रहित कर प्रदान किये जाने के निर्देश पर अधिकारी त्रस्त हैं। विश्वसनीय सूत्रानुसार ज्ञात हुआ है कि जिले के नर्सिंग होम, राईस मिलर, आदि से विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा व्यापक पैमाने में राशि संग्रहित की गई थी और जो राशि संग्रहित की गई थी, उसके बाद भी भुगतान बाकी है कहकर जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा उन पर अनावश्यक दबाव डालकर राशि वसूली एवं प्रदान किये जाने का निर्देश दिया गया है। इस कार्य को लेकर जिलेवासियों में खासी नाराजगी थी। इनका तर्क था कि जल संरक्षण और संवर्द्धन के लिये प्रसिद्ध महानदी जहां से एवं इसकी सहायक नदियों से व्यापक पैमाने पर रेत चोरी की जा रही है, उसे यदि रोका जाता है तो धमतरी जिले में जल स्तर कभी नहीं गिरता। लेकिन इन चोरियों को रोकने जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी बेबस नजर आ रहे हैं। प्रतिबंधित अवधि में भी रेत का अवैध उत्खनन, परिवहन धड़ल्ले से किया गया। आज भी वैध खदानों के अलावा अवैध रेत खदानें संचालित हैं। प्रतिदिन सैकड़ों हाईवा यहां से रेत भरकर अपने गंतव्य को रवाना होती हैं जिसमें महाराष्ट्र पासिंग हाईवा भी शामिल हैं। ऐसी वाहनें यातायात विभाग से होकर आरटीओ, पुलिस विभाग के सामने से ओव्हर लोड भरकर निकलती हैं। लेकिन ताज्जुब है कि ऐसी वाहनों पर उपरोक्त विभाग के अधिकारी कोई कार्यवाही नहीं करते जिससे मिलीभगत का पता चलता है। जल जगार महोत्सव को आयोजित करने के साथ साथ जिले में जल संरचनाओं को संग्रहित करने बनाये गये स्टापडेम, एनीकट का पिछले लंबे समय से निर्माण तो हुआ। लेकिन रखरखाव के अभाव में ऐसे स्टापडेम, एनीकट स्थल से नदारद नजर आ रहे हैं वहीं तालाबों को संरक्षित करने कोई आदेश जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नहीं निकाला गया। ग्राम की बात छोड़े तो शहर के ही अनेक तालाब गंदगी और अतिक्रमण से अपना वजूद खोते नजर आ रहे हैं। यदि इनका संरक्षण किया जाता तो आज जिले में पानी का लेवल नहीं गिरता। अलबत्ता अब जब जल जगार महोत्सव हो चुका है, उसे संपन्न हुए लगभग एक माह से अधिक गुजर गया किंतु इसका नाम लेने वाला कोई नहीं रहा। यह जरूर है कि जल जगार महोत्सव जुगाड़ महोत्सव के रूप में जिले में आज भी चर्चित है जिसका मुख्य कारण अधिकारियों, व्यापारियों, नर्सिंग होम, उद्योगपति, राईस मिलर जैसे अनेक प्रतिष्ठानों से बकाया राशि देना है कहकर वसूली अभियान अब भी जारी है। कुछ पीड़ित अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि विभाग के पास ऐसा कोई फंड नहीं है जिससे हम जल जगार महोत्सव का भुगतान कर पायें। लेकिन हमें आज भी लाखों रूपये का भुगतान करने हेतु दबाव बनाया जा रहा है जिसे लेकर हम लोग काफी मानसिक रूप से त्रस्त हैं और हमारे लिये जल जगार महोत्सव एक परेशानी का सबब बन गया है।

## नगर पंचायत अध्यक्ष मीना बार्वे, उपाध्यक्ष रामकुमार साहू ने मितानिनों का किया सम्मान



पायनियर संवाददाता ◀ लवन
www.dailypioneer.com

कसडोल विधानसभा के नगर पंचायत लवन में 23 नवंबर मितानिन दिवस के अवसर पर नगर के संवेदनशील जनहितैषी अध्यक्ष मीना बार्वे, उपाध्यक्ष रामकुमार साहू ने सार्थक पहल का परिचय देते हुए स्वास्थ्य मितानिनों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए विशेष अवसर पर सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना किये। साहू ने कहा कि स्वास्थ्य मितानिन स्वास्थ्य विभाग का अभिन्न हिस्सा है जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार वृद्धि हुआ है, अगर बात करें तो अतिश्योक्ति नहीं होगी कि मितानिनों ने अथक परिश्रम से शासन की महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में योगदान देकर स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति लोगों को जागरूक किये हैं। जिसके फलस्वरूप ग्रामीण क्षेत्रों में प्रसवकाल में महिलाओं को राहत मिली है। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर अनिता जांगड़े, आशा सिंघम, तृप्ति विश्वास, सहित मितानिनों में उषा रजक, धान बाई, सीमा बंजारे, अहिल्या निषाद, महेश्वरी साहू, विमला बंजारे, लक्ष्मी सेन, मीना यदु, सरिता जांगड़े, पुष्पा तिवारी, भारती धीवर सहित सभी मितानिनों का श्रीफल साड़ी से सम्मान किये गए।

## छग महतारी महिला एसोसियेशन ने किया मितानिनों का सम्मान

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ महतारी महिला एसोसिएशन द्वारा मितानिन दिवस के उपलक्ष्य में मितानिन दीदियों को साड़ी देकर सम्मान किया गया। एक दीदी जिनके पति अभी हाल ही में गुजर गए उन्हें साड़ी एवं सहयोग राशि देकर सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वार्ड के वृद्ध नागरिक गंगा प्रसाद साहू, विशिष्ट अतिथि मुनीजा हुसैनी, एकता सिंह, शास्त्री सोनवानी, कनक शाह आदि उपस्थित थे। मितानिन दीदी जिनका सम्मान हुआ उनमें मुक्ति साहू, हेमीन साहू, शारदा साहू, माधुरी साहू, कौशल्या नाग, रेशमी पटेल, उर्वषी कुंभकार, अल्का पदमवार, हिम्मत पटेल, विभालता साहू, रेखा निर्मलकर, सावित्री कुंभकार, बबीता,



लोकेश्वरी, लता जगत आदि शामिल हैं। इस कार्यक्रम में छग महतारी महिला एसोशियेसन प्रदेश अध्यक्ष मोहनी साहू, शमीना अंजुम, भारती साहू, नीरा निर्मलकर एवं वार्डवासी किरण केसरिया, जमुना साहू, केवड़ा यादव उपस्थित हुए। मंच संचालन खिलेश्वर साहू द्वारा किया गया। साथ ही अतिथियों द्वारा मितानिन दीदियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया दीदियों के समर्पण का सम्मान करते जो कि लोगो की सेवा में दिन रात तत्पर रहते है और संघर्ष पूर्वक अपने कार्यों का निर्वहन करते है। जो माता जननी है एवं बच्चे और मां के सेहत को लेकर जागरूक रहते हैं।

## सांसद रूपकुमारी की पहल से अछोटा वासियों के चेहरे में मुस्कान लौटी

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर सांसद रूप कुमारी चौधरी का ग्राम अछोटा में प्रवास कर भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया गया था। उस दौरान वहां उपस्थित ग्रामवासी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद को ग्राम अछोटा में एक भी आवास ना मिलने की बात से अवगत कराया जिसे संवेदनशील सांसद रूप कुमारी चौधरी ने बड़ी गंभीरता से लेकर तत्काल ही वहां से उच्च अधिकारियों को बात की एवं इस समस्या का निवारण जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया। दिशा की बैठक 22 नवंबर को आयोजित की गई जिसमें सांसद रूप कुमारी ने प्रधानमंत्री आवास की जानकारी को बड़ी बारीकी से देखा तथा पूर्व में हुई बात को याद दिलाया जिसका परिणाम रहा



कि ग्राम अछोटा के ग्रामीणों के प्रधानमंत्री आवास में आ रही समस्या का समाधान हो गया है। इसकी जानकारी ग्रामवासियों को मिलते ही उनके चेहरे में खुशी की लहर दौड़ गई और ग्रामीण बड़ी संख्या में रेस्ट हाउस पहुंचकर क्षेत्र की लोकप्रिय सांसद रूप कुमार और कांकेर सांसद भोजराज नाग का पुष्पगुच्छ, गमछा पहनाकर धन्यवाद दिया। सांसद ने उपस्थित ग्राम वासियों को मुंह मीठा करा कर बधाई दी तथा उन्हें कहा कि वह जन सेवा को ही अपना धर्म मानती हैं जो नित निरंतर कई वर्षों से करती आ रही है और आगे भी करते रहेंगी। इस अवसर पर अछोटा के उप सरपंच अवनीश देवांगन, धनुष साहू, सोहन यादव, गैंदलाल ढीमर, कैलाश देवांगन, दिलीप देवांगन, सागर निषाद, तोरण यादव, राजेश यादव, महेश यादव, झुमुक उईके, डोमन देवांगन, पीयूष देवांगन आदि उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने जिले में चल रहे निर्माण कार्यों समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने निर्माण विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, एडीबी, जल संसाधन, ग्रामीण यांत्रिकी, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, गृह निर्माण मंडल, राष्ट्रीय राजमार्ग, सीजीएमएससी एवं सेतु निगम के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर अग्रवाल ने निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि स्वीकृत निर्माण कार्य जनसामान्य की बहुप्रतीक्षित मांगों से संबंधित होते हैं, इन निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करना चाहिए। जिससे इसका लाभ संबंधित क्षेत्रवासियों को समय में मिल सके। विकास कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने से उस क्षेत्र के नागरिकों को उसका लाभ समय पर मिलता है। कलेक्टर ने निर्माण एजेंसियों को शिलान्यास एवं लोकार्पण किये जाने वाले कार्यो की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विकास कार्यों की सूची बनाएं और उसके आधार पर मॉनिटरिंग करें, इससे निर्माण कार्य में तेजी आएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों में सावधानी बरते। उन्होंने निर्माण कार्यों की लगातार



मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसी द्वारा निर्माण कार्यों में कोई परेशानी आती है उसकी जानकारी साझा करें कलेक्टर अग्रवाल ने अधिकारियों से कहा कि विभागीय योजनाओं के अंतर्गत जो भी निर्माण कार्य स्वीकृत किये गए है, उसे शीघ्र प्रारंभ करें और जो कार्य निर्माणाधीन है उसे पूर्ण करें। कलेक्टर ने स्वीकृत निर्माण कार्यों में प्रगतिरत कार्य, अप्रारंभ कार्य के आधार पर अधिकारियों से चर्चा कर सभी कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूल जतन योजना के अंतर्गत स्कूलों के जीर्णोद्धार कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बंद पड़े कार्यों को शुरू कराये। रिटेंडर वाले कार्यों को टेंडर में लाने की कार्यवाही करे। इसके अलावा स्वीकृत कार्यों की सूची उपलब्ध कराये। जिन स्थलों पर कार्य पूर्ण हो चुका है। कलेक्टर अग्रवाल ने समीक्षा बैठक में जिले में हो रहे सड़क, पुल पुलिया निर्माण, नहर लाइनिंग शासकीय आवास निर्माण, अस्पताल, हाउसिंग बोर्ड, स्टॉफ क्वाटर, आंगनबाड़ी एवं स्कूल भवन के निर्माणाधीन कार्यों के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने विलंब चल रहे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश निर्माण एजेंसी को दिए। उन्होंने कहा कि शासकीय निर्माण एवं विकास कार्यों में लापरवाही और अरुचि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा की निर्माण कार्यों के कंस्ट्रक्शन प्लान के अनुसार सभी कार्यो को पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने कहा की तय समय में कार्य पूरा नहीं करने और शासकीय निर्माण, विकास कार्यो को पूरा नहीं करवाने में अरुचिकर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। इस दौरान जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एस.के. बर्मन, लोक निर्माण के कार्यपालन अभियंता अनुज शर्मा, पीएमजीएसवाय के कार्यपालन अभियंता आर.बी. सोनी, सब इंजीनियर एनएच नेपाल सिंह कंवर, एसडीओ पीडब्ल्यूडी टी.एन दीवान सहित संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## महामंत्री रामू रोहरा ने सुनी मन की बात



**धमतरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के तहत विंध्यवासिनी मां बुथ क्रमांक 120 में मंडल महामंत्री अखिलेश सोनकर के निवास में प्रदेश के महामंत्री रामू रोहरा मन की बात सुनने पहुंचे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के जिला के महामंत्री अविनाश दुबे, स्वच्छता प्रकलाप के प्रदेश संयोजक महेंद्र पंडित, अखिलेश सोनकर, पूर्व पार्षद अनिता सोनकर, धनेश सोनकर, शिवदत्त उपाध्याय, शिव नेताम, पुसाराम सोनकर, गौतम ध्रुव, दिनेश पटवा, देवेश्वर वाणी, गोपाल साहू, तुसर, अरुणा यादव, सुमन चावला, उसा नेताम, तरुण सोनकर, गणेश, आशा, पार्वती, मीना सोनकर, पवन, रमेश, शंभू, सरस्वती, नितिन एवं पीलू कुंभकार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर आयोजित किया जाएगा युवा उत्सव

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

राज्य के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक अवसर प्रदाय करने के उद्देश्य से हर साल की तरह इस साल भी खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा उत्सव का आयोजन विकासखण्ड, जिला और राज्य स्तर पर किया जाना है। प्रभारी जिला खेल अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष युवा उत्सव 15 से 29 वर्ष तक की आयु वर्ग तक होगा। इसमें 13 सांस्कृतिक विधाएं जैसे सामुहिक लोकनृत्य, सामुहिक लोकगीत, व्यक्ति गत लोकनृत्य, व्यक्ति गत लोकगीत, कहानी लेखन, चित्रकला, वाक्तृत्व कला/तात्कालिक भाषण, कविता, विज्ञान मेला, हस्तशिल्प, टेक्सटाईल, कृषि उत्पाद और रॉकबैंड, केवल जिला एवं राज्य स्तर पर शामिल किया गया है। विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 3 से 6 दिसम्बर तक किया जाएगा। इनमें 3 दिसम्बर को इंडोर स्टेडियम आमातालाब धमतरी, 4 दिसम्बर को अटल बिहारी बाजपेयी स्टेडियम कुरूद, 5 दिसम्बर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैंणमुंडी, मगरलोड और 6 दिसम्बर को श्रृंगीऋषि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## कोटवार शासन के प्रतिनिधि के रूप में महत्वपूर्ण कड़ी होते है : अभिषेक सिंह एडिशनल एसपी

पायनियर संवाददाता ◀ लवन
www.dailypioneer.com

जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस एवं आमजनों के मध्य संवाद एवं जानकारी आदान-प्रदान करने का एक मुख्य जरिया ग्राम कोटवार है। साथ ही राज्य में होने वाले विभिन्न चुनाव में आवश्यक सुरक्षा प्रबंध एवं कानून व्यवस्था हेतु ग्राम कोटवार एक मुख्य कड़ी साबित होते है। जिले में होने वाले आगामी पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव में भी शांति व्यवस्था बनाए रखने में ग्राम कोटवार अपनी एक अहम भूमिका




निभाएंगे। आगामी नगरीय एवं पंचायत चुनाव में तथा जिले में पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्र अंतर्गत कार्यरत समस्त ग्राम कोटवारों का एक दिवसीय जिला स्तरीय कोटवार सम्मेलन बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बैठक में ग्राम कोटवारों को अपने-अपने क्षेत्र के ग्रामों में चुनाव संबंधी अथवा कानून व्यवस्था संबंधी किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को अवगत कराने तथा ग्राम में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा बिंदुओं का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार ने कहा कि समस्त ग्राम कोटवार कानून व्यवस्था एवं आवश्यक सुरक्षा प्रबंध बनाए रखने में पुलिस का एक अभिन्न अंग है। किसी भी ग्राम में कोटवार शासन के प्रतिनिधि के रूप में उपलब्ध अधिकारियों में एक महत्वपूर्ण कड़ी होते है। साथ ही मैदानी घटनाक्रम तथा विभिन्न स्थितियों की जानकारी प्राप्त करने में भी ग्राम कोटवार एक प्राथमिक स्रोत है। आप सभी ग्राम कोटवारों को क्षेत्र अंतर्गत विधि व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों की रोकथाम एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावित करने वाले कारकों एवं विषयों की संपूर्ण जानकारी होती है, इसलिए आप सभी अपना कार्य पूरी तत्परता एवं तन्मयता के साथ करें। सम्मेलन में ग्राम कोटवारों द्वारा भी रोजमर्रा के कार्य, फील्ड में आ रही व्यावहारिक दिक्कतों एवं कार्य के दौरान अपने अनुभवों को सभी के समक्ष साझा किया गया। इस दौरान जिला स्तरीय कोटवार सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य रूप से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा क्षेत्र, एसडीएम बलौदाबाजार, एसडीओपी बलौदाबाजार, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली सहित 150 की संख्या में कोटवार उपस्थित थे।

## खरेंगा एनएसएस शिविर का सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से समापन

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सेवा योजना खरेंगा के द्वारा ग्राम पंचायत मुड़पार में भव्य सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन में किया गया। जिसका समापन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के आसंदी पर जिला शिक्षा अधिकारी जिला धमतरी टी आर जगदल्ले, अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत मुड़पार तेजबती निषाद, विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत सदस्य सभापति कृषि, कृषि विभाग जागेंद्र साहू पिंकु, ग्राम प्रमुख श्याम लाल ग्वाल, बिंदु निषाद पंच, लोकेश साहू फ्रीडम एकेडमी, भूपेंद्र दास मानिकपुरी नेहरू युवा केंद्र जिला धमतरी, सुभाष यादव अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धमतरी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना खरेंगा कार्यक्रम अधिकारी शेष नारायण गजेंद्र थे। मुख्य अतिथि जगदल्ले के द्वारा स्वामी विवेकानंद, भारत माता व सरस्वती माता का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात स्वयंसेवकों के द्वारा मनमोहन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें प्रमुख रूप से नशा नाश की जड़ है। छत्तीसगढ़ गढ़ में नशे की जाल फंसते हुए दिखाया गया है। जल संवर्धन हेतु फसल चक्र एकांकी का प्रस्तुतीकरण किया गया साथ ही साथ बढ़ते सोशल मीडिया के प्रभाव को देखते हुए सोशल मीडिया पर भावपूर्ण कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। इनके अलावा छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को संगीत नृत्य को बारामासी के माध्यम से लोगों के समक्ष प्रस्तुत करने का प्रयास किए गए। मुख्य अतिथि के द्वारा उद्बोधन में कहा गया कि शिक्षा का मूल आधार संस्कार और सेवा होता है। हर माता.पिता अपने बच्चों को अच्छा नागरिक बनना चाहता है ताकि वह अपने पैरों पर खड़ा होकर समाज व स्वयं लिए कार्य कर सके। राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसा माध्यम है जिसमें छात्र का सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर कार्यक्रम बनाए जाते हैं समाज के माध्यम से शिक्षा और शिक्षा के माध्यम से समाज शिक्षा दी जाती है यही राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य भी है। स्वागत उद्बोधन में कार्यक्रम अधिकारी शेषनारायण गजेंद्र के द्वारा शिविर वृत, शिविर के महत्व उद्देश्य व लक्ष्य की जानकारी दी। जागेंद्र पिंकू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना शासन के सभी योजनाओं का लोगों तक प्रसार करती है जिसके माध्यम से लोग जागरुक होते हैं चाहे वह जल संरक्षण की बातें हो नशा मुक्ति की बातें हो या फसल चक्र परिवर्तन की बातें यह उनके प्रमुख कार्य होते हैं। तेजबती निषाद सरपंच ने कहा की राष्ट्र निर्माण सामाजिक सहभागिता और सामाजिक गुणों का विकास यह केवल शिविर के माध्यम से ही हो सकता है और स्वयंसेवकों ने बहुत ही लगन स्नेहपूर्ण वातावरण में यह कार्य संपन्न किया है। अतिथियों के सम्मान के पश्चात अतिथियों के द्वारा स्वयंसेवको व उत्कृष्ट स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन धनीराम देवांगन व्याख्याता एवं मुकेश कुमार सोनकर व्याख्याता के द्वारा आभार कार्यक्रम अधिकारी शेष नारायण गजेंद्र ने किया गया। इस अवसर पर शिविर नायक शेषनारायण साहू, शिविर नायिका टमेश्वरी साहू, विनीता ध्रुव, डोमेश्वरी, कामेश, भारती, थानेश्वर चक्रधारी, टामेश्वरी साहू, गुंजा साहू, बिना साहू, लिसा मानिकपुरी, पुरुषोत्तम, चंद्रप्रभा, माधवी, ओजस्वी, हर्षलता, दुर्गेश्वरी, सुनैना, नारायणी, साक्षी, सत्यम, राजेंद्र, युगल किशोर, युगेश्वरी, नम्रता, योगमाया, तारिणी, लक्ष्मी नारायण, अंजलि साहू, चुरामन साहू, मनोरमा, डोमेश्वरी, प्रीति, डेमन, भानु प्रताप, मीनाक्षी, लेनिशा, चित्रलेखा, प्रेम नारायण, दीपाली, लिकेश्वर, केवल यादव, करण, दीपक पुष्कर, प्रियंका साहू, दानेश्वर, ओम सिह, धनेश्वर, रोशनी, इतिका, विनीता, सुमन, अलमास नूरी आदि स्वयंसेवकों सक्रिय भूमिका निभाई।

## अर्चना सिन्हा का निधन



**रायपुर।** अर्चना सिन्हा, पत्नी स्व. मोहित कुमार सिन्हा, उम्र 78 वर्ष, विशाल नगर, रायपुर निवासी का रविवार को सुबह 7:00 बजे एम्स में देहांत हो गया है। वे सुजीत कुमार सिन्हा, सुजाता राय, पूर्णिता सिन्हा एवं सुष्मिता दास राय की माता थी। जी-5, विशाल नगर, रायपुर के निवासी थी।

# मोटर साइकिल चोरी कर उसे भाड़ा में देकर आमदनी करने वाला गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे

## गिरोह के 03 सदस्यों से कुल 05 दोपहिया वाहन जप्त, 3 और 5 हजार में देते थे भाड़े में



पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मोटर साइकिल की चोरी कर उसे किराए में देकर पैसा कमाने की जुगत लगाने वाले चोर गिरोह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक प्रार्थी आशीष मिंज उम्र 33 साल निवासी पण्डरीपानी ने 22 नवंबर को थाना फरसाबहार में रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह 21 नवंबर के शाम करीब 04 बजे अपने दोस्त के साथ एक्टिवा स्कूटी क्र. सी.जी. 15 ई.ए. 0851 में साप्ताहिक बाजार फरसाबहार सब्जी खरीदने गया था, स्कूटी को बैंक के पिछे साईड खड़ा किया था, सब्जी खरीदकर वापस आने पर देखे कि जहाँ पर स्कूटी खड़ा किये थे, वहां पर स्कूटी नहीं था कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के स्कूटी को चोरी कर ले गया। मामले की सूचना पर अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू किया गया।

### इस तरह हुआ खुलासा

प्रकरण की विवेचना दौरान मुखबीर तंत्र को एक्टिव कर अज्ञात आरोपी की लगातार पतासाजी की जा रही थी एवं टीम में सायबर सेल को भी सम्मिलित किया गया था। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि तुरियालगा (फरसाबहार) खंडहर गोठान में कुछ अज्ञात लोगों द्वारा मोटरसायकल को छिपाकर रखे हैं। इस आधार पर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर जाकर दबिष देकर वहां से चोरी का 01 स्कूटी एवं 04 मोटरसायकल को जप्त किया गया एवं उक्त मोटर सायकल की चोरी करने में सम्मिलित रहे 03 आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया, मुख्य आरोपी देवनाथ साय पैंकरा ने पूछताछ में बताया कि वह पिछले 03 माह से रायगढ़, ओडिसा एवं जशपुर क्षेत्र में मोटर सायकल चोरी की घटना को अंजाम दे रहा है, भजन यादव एवं देवव्रत साय उसके सहयोगी हैं। आरोपीगण चोरी की मोटर सायकल को वि य नहीं करते थे अपितु उसे मासिक 03-05 हजार रू. किराये पर लोगों को देते थे। उक्त तीनों आरोपियों के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर उन्हें 23 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना जारी है।

### इन्हें मिली सफलता

प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं आरोपीगणों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी फरसाबहार उप निरीक्षक विवेक भगत, उप निरीक्षक खोमराज ठाकुर थाना प्रभारी तपकरा, सायबर सेल जशपुर एवं थाना फरसाबहार के समस्त स्टॉफ का योगदान रहा है।

मोटरसाइकिल चोर गिरोह के 03 सदस्य को पकड़ने में सफलता मिली है, विवेचना के दौरान गिरोह के बारे में विस्तृत जानकारी एकत्रित करके और मोटरसाइकिल बरामद करने की कार्यवाही की जाएगी।

**शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर**

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बागबहार में फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल होकर कई सौगातों की घोषणा की



पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पत्थलगांव के बागबहार में आयोजित फूटबॉल प्रतियोगिता में शामिल होने सीएम विष्णुदेव साय अपने तय समय पर बागबहार पहुंचे। उनका हेलीपैड पर सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक पत्थलगांव गोमती साय, विधायक जशपुर रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष सालिख साय, नगर पालिका जशपुर अध्यक्ष रामकुमार राम, जिला पंचायत सदस्य ममता भगत सहित स्थानीय प्रतिनिधि, कलेक्टर रोहित व्यास एवं पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह ने किया उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री को हेलीपैड से पारम्परिक जनजातीय नृत्यों के साथ स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक लाया गया।

### मुख्यमंत्री ने दिए सौगात

बागबहार में शिव मंदिर के पास तालाब के सौंदर्यीकरण की घोषणा की। बागबहार में विश्राम गृह बनाने की घोषणा की। बागबहार के चौक चौराहों पर हाई मास्क लाइट लगाने की घोषणा की। मिनी स्टेडियम में फूटबाल खिलने के लिए लाइट और सौन्दर्य करण की घोषणा की। बागबहार के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 30 बेंड करने की घोषणा की। कोतबा में अपेक्स बैंक बनाने की घोषणा की।

# जल जीवन मिशन के आवेदनों का शिविर में हुआ निराकरण



**दुर्ग।** जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर विकासखंड पाटन के ग्राम घुघवा (क) में आयोजन किया गया। जल जीवन मिशन से संबंधित समस्याओं के निवारण हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने स्टाल नंबर 12 में ग्रामीणों के लिए अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। जनसमस्या शिविर में ग्रामीणों के द्वारा 02 आवेदन विभाग को प्राप्त हुए। जिसका निराकरण शिविर स्थल में ही किया गया। ग्राम घुघवा (क) में हर घर जल उत्सव मना कर ग्राम को हर घर जल प्रमाणित किया है। ग्राम में सभी घर में नल से शुद्ध पेयजल ग्रामीणों को प्राप्त हो रहा है। जनसमस्या निवारण शिविर के दौरान विभाग के अधिकारीगण विभाग की जानकारी एवं जल जीवन मिशन की आवश्यक जानकारी के साथ उपस्थित रहे। विभाग के कार्यपालन अभियंता उत्कर्ष उमेश पांडेय, पाटन के सहायक अभियंता एम.ए. खान एवं उप अभियंता पल्लवी ध्रुव मौजूद थे।

# चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के प्रबंधकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न

## सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त करने बालिका छात्रावास की बाउण्ड्रीवाल में फेंसिंग और हाई मास्ट लाईट की होगी व्यवस्था

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कचांदुर दुर्ग की प्रबंधकारिणी स्वशासी समिति की सप्तम् बैठक आज महाविद्यालय के सभा कक्ष में संभागायुक्त एस.एन. राठौर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। एडीएम अरविन्द एक्का भी उक्त बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक में एजेंडावार चर्चा करते हुए प्रबंधकारिणी समिति की षष्ठ्म बैठक के कार्यवाही विवरण, समिति की नवीन नियमावली, बजट, चिकित्सा महाविद्यालय के आवश्यकताओं की आपूर्ति एवं समस्याओं के समाधान के संबंध में तथा अन्य आवश्यक मुद्दों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए। शहर से महाविद्यालय/चिकित्सालय तक सुविधा जनक आवागमन हेतु सिटी बस संचालित की जायेगी। संभागायुक्त श्री राठौर ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों,



कर्मचारियों और आम लोगों के आवागमन के लिए ग्राम कुरूद मोड से महाविद्यालय पहुंच मार्ग के मोड़ तक पक्की सड़क की व्यवस्था के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कमीश्नर राठौर ने आस्वस्त किया कि चिकित्सा महाविद्यालय की समस्याओं की समाधान के लिए प्रशासन हर संभंव सहयोग करेगा। चिकित्सालय में मरीजों की उपचार के साथ स्वास्थ्य सुविधाएं भी बेहतर होनी चाहिए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्थ करने हेतु सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने संस्था के उपयोग हेतु मोबाइल, परीक्षा कार्य संचालन हेतु हैण्डी कैम तथा कार्यालय के विभागों व शाखाओं के कार्यालयीन कार्यों के कुशलतापूर्वक संचालन हेतु हाईटेक कम्प्यूटर, प्रिंटर, यूपीएस आदि आपूर्ति किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में समिति को प्राप्त बजट एवं व्यय पर भी चर्चा की गई। बैठक में संभागायुक्त ने लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी को बेहतर कार्य योजना के साथ निर्माण कार्य पूर्ण कराने निर्देशित किया। चिकित्सालय में मरम्मत एवं लघु निर्माण कार्य अंतर्गत लोक निर्माण विभाग को स्त्रीरोग विभाग में वार्ड तथा ओटी में शौचालय निर्माण एवं फायर एसकेप के अधोसंरचना कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने ड्रेनेज व्यवस्था के तहत् चिकित्सालय का वेस्ट निकासी के लिए बाउण्ड्रीवॉल के साथ लगे नाले की नियमित सफाई एवं गहरीकरण करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग को लंबित भुगतान की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने कहा गया। क्रेडा विभाग को चिकित्सालय एवं महाविद्यालय भवन में सौर उर्जा से विद्युतिकरण के आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान संभागायुक्त राठौर ने चिकित्सालय के छात्रावास परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बालिका छात्रावास के बाउण्ड्रीवॉल में सुरक्षा के दृष्टिकोण से फेसिंग तार लगाये जाने के निर्देश दिए। चिकित्सालय परिसर एवं बालिका छात्रावास के अंदर और बाहर हाई मास्ट लाईट एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा गया। बैठक में सहायक कलेक्टर एम भार्गव, आयुक्त नगर पालिका निगम भिलाई राजीव कुमार पाण्डेय, एसडीएम दुर्ग एच.एस. मिरी, संचालक स्वास्थ्य शिक्षा डॉ यू एस पैकरा, सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी तथा लोकनिर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, क्रेडा के अधिकारीगण और चिकित्सालय के समिति सदस्य चिकित्सक उपस्थित थे।

# धनगांव में संपन्न हुई श्री कृष्ण भगवान की रास उत्सव



पायनियर संवाददाता ∢ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

तातापानी से लगे हुए ग्राम धनगांव में बंग समाज के द्वारा नवदिवसीय रासलीला का कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजित कार्यक्रम में प्रतिदिन संध्या आरती पूजा पाठ सांस्कृतिक कार्यक्रम जागरण भव्य आर्केस्ट्रा जादूगरी तथा कोलकाता उड़ीसा महाराष्ट्र छत्तीसगढ़ प्रदेश के मशहूर कीर्तन मंडली द्वारा शोला प्रकार के अखंड नाम संकीर्तन श्रवण के साथ-साथ प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किये। इस विशाल आयोजन में लाखों रुपए की खर्च होती जो ग्राम वासियों की प्रायस से क्षेत्र की धर्म अनुवाई सज्जनों से इकट्ठा की जाती है । जिसके फलस्वरुप धर्म के प्रति आधारित यह श्री कृष्णा भगवान की भिन्न-भिन्न लीलाओं पर केंद्र कर प्रतिवर्ष प्रसिद्ध मूर्तिकार सचिन मंडल एवं उनके सहयोगी द्वारा 43 साल से किया जाता है मूर्ति कला को देखकर हमारे नई पीढ़ी को धर्म के प्रति जानने और समझने की विषय होती है। आयोजन समिति के दिवाकर मुखर्जी ने बताया की इस वर्ष रामानुजगंज एवं बलरामपुर से ज्यादा संख्या में सह परिवार के साथ इस अनुष्ठान में देखने के लिए आए आयोजन समिति को नेतागणों का भी सहयोग प्राप्त होती है सबसे खुशी की बात है इतनी बड़ी कार्यक्रम में बिना किसी वॉलिंटियर्स तथा पुलिस बल के शांतिपूर्वक भाव से संपन्न करने के लिए क्षेत्रवासियों को बहुत-बहुत आभार धन्यवाद प्रकट किए हैं। मंगल विश्वास ने कहा यज्ञ विशाल कार्यक्रम प्रभु की आशीर्वाद एवं सभी का सकारात्मक विचारधारा से ही संपन्न हो पाती है। बाबू हालदार ने बोला दो दिवसीय भंडारा व्यवस्था में लगभग 9 कुंतल चावल की भंडारा प्रसाद तैयार करने वाले सभी रसोई कार्यकर्ता के साथ-साथ ग्रामवासियों ने हर संभव प्रयास किए हैं। समिति के बाबू हालदार दिवाकर मुखर्जी मंगल विश्वास विनय विश्वास मनजीत मंडल दीपांकर मुखर्जी मनोज विश्वास शंकर मुखर्जी तारक बनर्जी चंद्रकांत साना शंकर सरकार तथा ग्रामवासियों की अपार सहयोग से संपन्न हुआ।

# मितानिन बहने स्वास्थ्य सेवा का आधार स्तंभ : ललित चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ∢ उतई
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत खोपली में मितानिन दिवस मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। इस खास अवसर पर समाज सेवा में हमेशा तत्पर रहने वाली मितानिन बहनों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और उपस्वास्थ्य केंद्र के सहायकों का सम्मान कर, उनके अथक प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त किया। इन निस्वार्थ सेवकों को प्रोत्साहित करते हुए, उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और समाज के प्रति उनके योगदान को सराहा। इन समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से ही हमारे समाज में स्वास्थ्य और कल्याण की दिशा में लगातार सकारात्मक बदलाव आ रहा है। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने मितानिनों के समर्पण और समाजसेवा के प्रति उनके अतुलनीय



योगदान की सराहना करते हुए कहा कि मितानिन स्वास्थ्य सेवा का आधार स्तंभ हैं और उनका कार्य समाज में महत्वपूर्ण बदलाव लाने में सहायक है। पोषण, स्वास्थ्य एवं जागरूकता के क्षेत्र में मितानिनों ने उल्लेखनीय काम किया है। वे हमारे प्रदेश का गौरव हैं। छत्तीसगढ़ की जनता के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में हमारी 72 हजार मितानिन बहनों की मेहनत का बहुत बड़ा योगदान रहा है। राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो प्रगति हासिल की हैं, वह मितानिनों के प्रयास के बिना संभव नहीं होती। आगे विधायक ने कहा मितानिन बहनों द्वारा मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य और पोषण के विषयों से अपना कार्य शुरू किया गया था। फिर उन्होंने मलेरिया, दस्त, टी.बी. और कुष्ठ जैसे रोगों से लड़ने में बड़ी भूमिका निभानी शुरू की और आज वे मानसिक स्वास्थ्य, बी.पी., शुगर आदि के लिए भी समुदाय को सेवाओं से जोड़ रही हैं। वे स्वास्थ्य समस्याओं पर समुदाय की जागरूकता बढ़ाने, उचित सलाह देने और सामान्य बीमारियों के लिए प्राथमिक इलाज देने का काम कर रही हैं। स्वास्थ्य के अधिकार के साथ-साथ मितानिन बहनें महिला सशक्तीकरण जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी बेहतर कार्य कर रही हैं। वे शासन की अनेक कल्याणकारी योजनाओं के अधिकार से समुदाय को जोड़ रही है। इस अवसर पर जिला मंत्री रोहित साहू, मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, महामंत्री सोनू राजपूत, भाजयुमों अध्यक्ष प्रवीण यदु, फलेंद्र सिंह राजपूत, सतीश चंद्राकर, हरीश यादव, लक्ष्मीनारायण साहू, खुबिलाल साहू, सोहन रिगरी, डिकेश वर्मा, रूपेश पारख, नरेंद्र साहू, करण सेन, चिंटू सिन्हा, पार्षद भीमसेन सिन्हा, चंदू देवांगन, हरीश यादव, लकेश देवांगन, हुबलाल चंद्राकर, नीलम गढ़े, घनश्याम चंद्राकर, बिमला कामड़े, संगीत रजक, लता सोनवानी, वैभव देवांगन, सुनती वर्मा, ममता चंद्राकर, शीतल रात्रे, भीष्म देवांगन, दुर्गा सेन, दानेश्वरी देशमुख, राजूलाल साहू, मंशा भारती, लुकेश्वरी साहू, गिरिश शर्मा व बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, आंगन बड़ी कार्यकर्ता, मितानिन व स्वास्थय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य जशपुर नगर में महाविद्यालय प्रांगण से रैली का आयोजन किया गया**

# सीनियर डिवीजन के कैडेटों ने 76वां एनसीसी दिवस मनाया

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कमान अधिकारी कर्नल हेमंत कुमार झा 28 बटालियन एनसीसी रायगढ़ छ.ग. के निर्देशानुसार शासकीय राम भजन राय एन ई एस स्नात्कोत्तर महाविद्यालय जशपुर मे सीनियर डिवीजन एन सी सी के कैडेट्स ने 76वीं एनसीसी दिवस मनाया। 76वीं एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य जशपुर नगर में महाविद्यालय प्रांगण से रैली का आयोजन किया गया। रैली रक्षित केंद्र, जैन मंदिर, बिरसा मुंडा चौक, महाराजा चौक, बस स्टैंड से होते हुए कॉलेज प्रांगण वापस हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ यू एन लकड़ा ने इस अवसर पर एनसीसी के कैडेटों को एनसीसी के इतिहास के बारे में बताया कि इसकी स्थापना15 जुलाई 1948 को हुई थी जिसका उद्देश्य रक्षा कार्य में सेना के




सहयोग करना, भारत की एकता को बनाए रखना, चरित्र निर्माण, साहस की भावना, स्वयं सेवा की भावना को विकसित कर योग्य नागरिक बनाना है। डॉ विजय कुमार रक्षित पूर्व प्राचार्य शासकीय राम भजन राय एन ई एस स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुरनगर ने कहा कि इस महाविद्यालय से अनेक कैडेट देश की रक्षा सेवाओं में संलग्न है, जो जशपुर जैसे वनांचल क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम में डॉ ए आर बैरागी, प्रो जे आर भगत, प्रो कीर्ति किरण केरकेट्टा, डॉ जेपी कुजूर, ज्योति तिकी, सरिता निकुंज, डॉ विनय तिवारी, प्रो प्रवीण सतपति, डॉ हरिकेश प्रो वरुण श्रीवास, प्रो गौतम सूर्यवंशी, प्रो एलिन एक्का, प्रो प्रिंसी कुजूर, प्रो अंजिता कुजूर, नितेश गुप्ता, रजिस्टार बी भारद्वाज, ग्रंथपाल बीपी सिंह, एस एन सिंह, आर के सिंह, सुनील चौहान, सत्यम, ज्योति टीडू, सोनाली, रजनी बेक उपस्थित रहे।

### एनसीसी दिवस पर किया गया वृक्षारोपण

एनसीसी दिवस पर मुख्य अतिथि ने महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया तथा सभी कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर के वृक्षों को सुरक्षित करने का संकल्प भी लिया। एनसीसी सीनियर डिवीजन के कैडेट ललिता यादव और भवानी पैकरा पायलट की भूमिका में रहे। साहिल सिंह, सुरेंद्र यादव कुमारी ललिता, भवानी पैकरा, रसना सिंह, सुरेंद्र यादव ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर देश भक्ति का शमा बांधा। रोशन कुमार, अभिषेक सिंह, साहिल सिंह, अनुज भगत अक्षय सूरज, अनुराग लकड़ा, चंदन राम मोदी, कमलेश्वर सिंह, मयंक भगत, मेघनाथ राम, नितेश राम, राहुल भगत, सूरज भगत, सुरेश यादव, विकास साय युवराज भगत, अमीषा, अंजलि कुजूर, भवानी, कविता, नायक, खुशबू, लेखनी, लीलावती नमिता, प्रियंका, रीना, सुचिता भगत एवं एनसीसी अधिकारी कैप्टन एआर पैकरा के निर्देशन में कार्यक्रम संपन्न किया गया।

# भाजपा अजा मोर्चा के जिला महामंत्री हरप्रसाद ने किया स्वास्थ्य मंत्री का स्वागत



पायनियर संवाददाता ∢ उतई
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के दुर्ग आगमन पर सर्किट हाउस में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला महामंत्री हरप्रसाद आडिल ने सौजन्य मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान आडिल ने मंत्री से भाजपा संगठन चुनाव तथा क्षेत्र के स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। उतई व पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार करने तथा डॉक्टर व स्टाफ नियुक्ति की मांग रखी। इस दौरान उनके साथ क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।



# करण जौहर ने 'बागी 4' के लिए टाइगर श्रॉफ को दी शुभकामनाएं, साजिद को बताया दूरदर्शी



बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ की आगामी फिल्म 'बागी 4' की घोषणा इसके पहले पोस्टर के साथ कर दी है। यह फिल्म टाइगर श्रॉफ अभिनीत बागी की चौथी किस्त है। फिल्म के पहले पोस्टर के सामने आने के बाद करण जौहर ने शुभकामनाएं दी हैं। करण ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी साझा करते हुए लिखा, दूरदर्शी साजिद...नाडियाडवाला और टाइगर जैकी श्रॉफ के साथ उनके घातक संयोजन और एक ब्लॉकबस्टर यात्रा की शुरुआत के लिए बधाई। करण के इस पोस्ट से लगता है कि वह इस फिल्म के लिए उत्साहित हैं।

### टाइगर श्रॉफ का दिखा खूंखार अंदाज

सोमवार को निर्माताओं ने बागी 4 से टाइगर श्रॉफ का दिलचस्प पोस्टर साझा करते हुए फिल्म की घोषणा की। पोस्टर में टाइगर हाथ में चाकू और पास में शराब की बोतल लिए टॉयलेट सीट पर बैठे नजर आ रहे हैं। उनका चेहरा, दीवारें और फर्श खून से सना हुआ है। जबकि उनके चारों ओर कई शव पड़े हैं। बागी 4 का निर्देशन कन्नड़ फिल्म निर्माता ए हर्षा करेंगे, यह उनकी बॉलीवुड में पहली फिल्म है। फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला ने नाडियाडवाला ग्रैंडसन बैनर तले किया है और यह 5 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### बागी फेंचाइजी

बागी फेंचाइजी की शुरुआत वर्ष 2016 में हुई थी। इसका निर्देशन सब्बीर खान ने किया था। फिल्म में टाइगर श्रॉफ, श्रद्धा कपूर और सुधीर बाबू मुख्य भूमिकाओं में थे। दूसरी किस्त, बागी 2 वर्ष 2018 में आई थी। अहमद खान द्वारा निर्देशित यह तेलुगु फिल्म क्षणम की रीमेक थी। इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ के साथ दिशा पटानी, मनोज बाजपेयी और रणदीप हुड्डा भी नजर आए थे।




# ये काली काली आंखें के साथ ओटीटी पर लौट रही हैं श्वेता त्रिपाठी

**अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी फिर लौट आई हैं। मिर्जापुर, मसान में उनकी काली काली आंखों ने खूब जलवा दिखाया और अब जिस कहानी के साथ वह ओटीटी पर लौट रही हैं, उसका तो नाम ही है, ये काली काली आंखें। इस सीरीज के दूसरे सीजन में उनके किरदार पर ही लोगों की निगाहें टिकने वाली हैं क्योंकि बाकी सारे किरदार इस कहानी में अपने पत्ते पिछले सीजन में ही खोल चुके हैं।**

श्वेता त्रिपाठी कहती हैं, मैं चाहती हूं कि मेरे किरदार मुझसे अलग हों और एक-दूसरे से भी अलग हों। मुझे वे दांव पसंद हैं जो उच्च ड्रामा के साथ आते हैं, जहां प्रत्येक किरदार की यात्रा गहन और प्रभावशाली लगती है। ये काली काली आंखें में शिखा का किरदार मेरे किरदार से बहुत अलग है और मैं उसकी दुनिया में कदम रखने की चुनौती का आनंद लेती हूं। सीरीज ये काली काली आखें के बारे में उनका कहना है, ये शो वास्तव में सवाल पूछता है कि आप प्यार के लिए कितनी दूर तक जाएंगे? इस सीजन में शिखा खुद को इसी यात्रा पर पाती है, और मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा है जो दर्शकों को गहराई में ले जाएगा और डराएगा भी। इस सीजन में, दर्शकों को मेरे किरदार का एक स्त्री और कमजोर पक्ष दिखाई देगा, फिर भी वह उग्र और दृढ़ है। यह जीवन में एक रोमांचक संतुलन है।

ये काली काली आंखे के दूसरे सीजन का नेटफ्लिक्स पर खास प्रचार प्रसार तो नहीं हो रहा है लिहाजा इसके कलाकार अपनी बातें अपनी टीम के जरिये ही दर्शकों तक पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। इस सीरीज का पहला सीजन भी कुछ खास नहीं रहा। लेकिन, हां श्वेता को लोगों ने पसंद किया। इस बार भी वह कुछ नए कांड इस सीरीज में करने वाली हैं।

(स)रीज में अपने किरदार के बारे में भी श्वेता ने खुलासा कर दिया है। वह बताती हैं, शिखा की दुनिया तब तबाह हो जाती है जब उसका सच्चा प्यार विक्रांत पूर्वा से शादी कर लेता है, जिससे वह खोई हुई और निराश महसूस करती है। स्वभाव से डरपोक और गैर-संघर्षशील, वह शुरू में दूसरों को नुकसान पहुंचाने के लिए किसी भी सीमा को पार करने से बचती है। इस सीजन में शिखा का एक नया पक्ष सामने आने वाला है क्योंकि वह विक्रांत के साथ अपने प्यार के लिए लड़ने का फैसला करती है।

## जारी हुआ अग्नि का ट्रेलर

# फायरमैन के किरदार में प्रतीक गांधी

अग्नि का ट्रेलर सोशल मीडिया पर जारी हो गया है। 2 मिनट 43 सेकेंड के ट्रेलर फायर ब्रिगेड कर्मचारियों के संघर्ष की कहानी को अलग तरीके से दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया गया है। फिल्म में प्रतीक गांधी फायर ब्रिगेड कर्मचारी की भूमिका में नजर आने वाले हैं। वहीं, मिर्जापुर के मुन्ना भैया यानी दिव्येंदु को पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगे। ट्रेलर की शुरुआत में कहा जाता है कि जब आग लगती है तो हम किसे बुलाते हैं..बच्चे कहते हैं भगवान को। तो फायर ब्रिगेड कर्मचारी पूछता है, और किसे तो जवाब आता है फायर ब्रिगेड को। फिल्म के ट्रेलर में फायर ब्रिगेड कर्मचारियों के जीवन की कहानी बयां की जा रही है, जिसमें प्रतीक गांधी अहम रोल निभा रहे हैं।



# एक फिल्म के अंदर गुड्डू पंडित को ढालने को लेकर निश्चित नहीं हैं अली

मिर्जापुर अमेजन प्राइम वीडियो की बेहद लोकप्रिय और सफल वेब सीरीज है। हाल में इस पर फिल्म बनाने की घोषणा की गई है, जिसके बाद से फैंस अपने पसंदीदा किरदारों को फिल्मी पर्दे पर देखने के लिए काफी बेकरार हैं। हाल में ही एक इंटरव्यू के दौरान सीरीज में गुड्डू भैया के किरदार में नजर आए अभिनेता अली फजल ने इसे लेकर बात की है। उन्होंने अपने किरदार की फिल्मी रुपांतरण पर संदेह जताते हुए कहा कि वह पूरी तरह से निश्चित नहीं है कि एक फिल्म के अंदर किस तरह से उनके इस किरदार को समाया जा सकेगा। अभिनेता ने मिर्जापुर फिल्म को लेकर कहा कि अब तीनों सीजन की चीजों को नए प्रारूप में ढाल कर एक फिल्म के अंदर लाना काफी चुनौती भरा होगा। उन्होंने कहा कि वो इसे लेकर पूरी तरह से निश्चित नहीं हैं। उन्होंने कहा, यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि कहानी इस नए प्रारूप में कैसे सामने आती है। उन्होंने फिल्म को लेकर उत्सुकता जताते हुए कहा कि यह टीम के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस दौरान उन्होंने लोकप्रिय हॉलीवुड सीरीज पीकी ब्लाइंडर्स का जिक्र करते हुए कहा कि लगभग उस समय ही इस शो को भी फिल्म के रूप में रूपांतरित करने की घोषणा की गई थी।

### बड़े पर्दे पर तीनों सीजन की कहानी को फिट करना होगी चुनौती

अपने किरदार को लेकर बात करते हुए अली फजल ने कहा कि उन्हें यकीन नहीं है कि उनकी भूमिका को और कितना आगे बढ़ाया जा सकता है, यह देखते हुए कि कई पहलुओं पर पहले ही काम किया जा चुका है। अभिनेता ने यह भी चर्चा की कि निर्माताओं के लिए उनके इतने बड़े किरदार को पर्दे पर फिट करना काफी चुनौतीपूर्ण होगा। अभिनेता ने कहा, अब लक्ष्य तीनों सीजन की कहानी को एक या दो घंटे के संक्षिप्त सिनेमाई अनुभव में बदलना है, जो काफी चुनौतीपूर्ण है। यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि कहानी इस नए प्रारूप में कैसे सामने आती है। हाल ही में, निर्माताओं द्वारा मिर्जापुर फिल्म की घोषणा करते हुए पंकज त्रिपाठी, अली फजल, दिव्येंदु और अभिषेक बनर्जी की झलक दिखाई गई थी। फरहान अख्तर द्वारा साझा किए गए इस वीडियो जानकारी साझा करते हुए बताया गया कि मिर्जापुर- द फिल्म साल 2026 में सिनेमाघरों में आएगी। फरहान ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, अब भौकाल भी बड़ा होगा और पर्दा भी। मिर्जापुर द फिल्म, जल्द ही आ रही है।

### ऋतिक रोशन के कालीन भैया के किरदार में नजर आने की है अफवाह

फिल्म की घोषणा के बाद से ही इसे लेकर अफवाहों को दौर भी शुरू हो गया है। ऐसी ही एक अफवाह में कहा जा रहा है कि मिर्जापुर फिल्म में कालीन भैया की भूमिका में पंकज त्रिपाठी की जगह ऋतिक रोशन को लिया जाएगा। यह फिल्म मिर्जापुर की दुनिया में और गहराई से उतरेगी, जिसके तहत इसके मूल किरदार अपनी लोकप्रिय भूमिकाओं को दोबारार से निभाते हुए नजर आएंगे। बताते चलें कि मिर्जापुर- द फिल्म को अमेजन एमजीएम स्टूडियो और एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा समर्थित किया गया है। वहीं, फिल्म का निर्माण पुनीत कृष्णा ने किया है और गुरमीत सिंह इसका निर्देशन करने वाले हैं।

# शादी की खबरों पर मीनाक्षी चौधरी ने चुप्पी तोड़ी



मीनाक्षी चौधरी साउथ की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं। वर्तमान में अभिनेत्री के पास कई फिल्में हैं। हाल ही में उनकी फिल्म मटका रिलीज हुई, जिसमें वे साउथ अभिनेता वरुण तेज के साथ नजर आईं। हालांकि, इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुकाबले प्रदर्शन नहीं किया। वहीं, अब अभिनेत्री अपनी अगली फिल्मों की तैयारियों में व्यस्त हो गई हैं। इस बीच अभिनेत्री की शादी की चर्चाओं ने भी तूल पकड़ा। वहीं, अब खुद मीनाक्षी ने अपनी शादी की खबरों पर चुप्पी तोड़ी है।

### नागार्जुन के भतीजे को मीनाक्षी कर रहीं डेट?

दरअसल, पिछले कुछ हफ्तों में सोशल मीडिया एक अफवाह उड़ी कि नागार्जुन के भतीजे सुशांत मीनाक्षी चौधरी से शादी करने वाले हैं। इस जोड़ी ने फिल्म इचता वाहनमुलु निलुपराधु में काम किया था। यह अफवाह क्यों और कैसे उड़ी, इसका कोई कारण नहीं पता, लेकिन यह वायरल हो गई। दावा किया गया कि वे नागार्जुन के भतीजे सुशांत को डेट कर रही हैं और अब शादी करने वाली हैं।

### शादी की खबरों को बताया झूठा


मीनाक्षी चौधरी की इस साल की छठी फिल्म मैकेनिक रॉकी जल्द ही रिलीज होने वाली हैं। अभिनेत्री फिल्म के प्रचार में जुटी हुई हैं। हालांकि, कल रात मैकेनिक रॉकी के प्री-रिलीज इवेंट के दौरान मीनाक्षी ने इस बात को साफ कर दिया। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि उन्होंने भी ये अफवाहें सुनी हैं और उनका सख्त रूप से खंडन किया है। साथ ही उन्होंने कुछ फिल्मों का हिस्सा होने की खबरों का भी खंडन किया।

### सिंगल हैं अभिनेत्री

मीनाक्षी ने आखिरकार स्पष्ट किया कि वह शादी नहीं कर रही हैं। मीनाक्षी ने कहा, यह एक अफवाह है और मैं शादी नहीं कर रही हूं। मुझे नहीं पता कि ये अफवाहें क्यों उड़ती हैं। एक दिन, मैंने पढ़ा कि मैं सालार का हिस्सा हूं और दूसरे दिन, मैंने पढ़ा कि मैं विश्वंभरा का हिस्सा हूं। अभिनेत्री ने यह भी पुष्टि की कि वह फिलहाल सिंगल हैं। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, मैं फिलहाल सिंगल हूं, लेकिन अभी शादी के लिए तैयार नहीं हूं।

### मीनाक्षी की आने वाली फिल्में

वहीं, बात करें मीनाक्षी चौधरी की आने वाली फिल्मों के बारे में तो वे विक्ट्री वेंकटेश के साथ संक्रांतिकी वस्तुन्नम के लिए कमर कस रही हैं, जो संक्रांति 2025 के दौरान एक भव्य रिलीज के लिए तैयार है। उन्होंने नागा चैतन्य के साथ एक प्रोजेक्ट साइन किया है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। मैकेनिक रॉकी इस महीने की 22 तारीख को सिनेमाघरों में आ रही है। श्रद्धा श्रीनाथ भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।



# शाहिद कपूर के साथ मतभेद की अटकलों पर बोले अनीस बज्मी

अनीस बज्मी इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म भूल भुलैया 3 की सफलता का आनंद ले रहे हैं। हाल में ही कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये बताया जा रहा था कि शाहिद और रश्मिका मंदाना के साथ अनीस बज्मी की कॉमेडी फिल्म अगस्त 2023 में शुरू होने वाली थी, लेकिन रचनात्मक मतभेदों के कारण कपूर के बाहर चले जाने के बाद इसे बंद कर दिया गया।

### न किसी से दुश्मनी है न नाराजगी

न्यूज 18 के साथ एक इंटरव्यू के दौरान निर्देशक ने बंद हो चुकी कॉमेडी फिल्म के लिए शाहिद कपूर के साथ फिर से जुड़ने का संकेत दिया है। निर्देशक ने कहा, मेरे दिमाग में अभी भी वह फिल्म है। इस दौरान उन्होंने शाहिद के साथ फिर से काम करने को लेकर उत्साह व्यक्त किया और उनकी प्रतिभा की प्रशंसा भी की इस दौरान उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि उनके बीच कोई मतभेद या दुश्मनी नहीं है। निर्देशक के इस बात से दोनों को लेकर भविष्य में साथ काम करने की संभावनाएं जाहिर होती हैं। उन्होंने साफ-साफ कहा, मुझे किसी से न दुश्मनी है न नाराजगी।

### स्पष्ट बातें भ्रम से बचाने में मददगार होती हैं

अनीस बज्मी ने विवाद की अफवाहों को संबोधित करते हुए बताया कि फिल्म निर्माण के लिए आपसी समझ और ईमानदारी की आवश्यकता होती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अपेक्षाओं के बारे में स्पष्ट बातें भ्रम से बचने में काफी मददगार होती हैं। अपनी खुद की कार्यशैली को स्वीकार करते हुए, उन्होंने कहा कि वर्षों के अनुभव के बाद, उनके लिए अपना दृष्टिकोण बदलना अब काफी चुनौतीपूर्ण है।

### साथ आएंगे तो, बेहतर फिल्म ही बनाएंगे

अनीस बज्मी ने आगे कहा कि शाहिद का भी उनके जैसा ही काम करने और सोचने का अपना एक अलग तरीका है। उन्होंने कहा कि दोनों के दृष्टिकोण हमेशा मेल नहीं खाते, लेकिन उनका मानना है कि यह बिल्कुल ठीक है। उन्होंने उल्लेख किया कि अगर भविष्य में उनकी संवेदनाएं मेल खाती हैं, तो वे निश्चित रूप से फिर से सहयोग करेंगे। निर्देशक ने दोनों के बीच के रिश्ते को लेकर कहा कि इस स्थिति ने उनके बंधन को प्रभावित नहीं किया है। उन्होंने साझा किया कि शाहिद हमेशा उन्हें प्यार और सम्मान के साथ बधाई देते हैं, और वह अभिनेता को लेकर भी ऐसा ही महसूस करते हैं। भूल भुलैया 3 निर्देशक ने आगे कहा कि जब वे फिर से साथ आएंगे, तो बिनी किसी शंका के एक बेहतरीन फिल्म बनाएंगे।

### शाहिद और अनीस बज्मी का वर्क फ्रंट

बात करें, शाहिद कपूर के वर्क फ्रंट की, तो उनकी आगामी फिल्म देवा है, जो प्रसिद्ध मलयालम फिल्म निर्माता रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित एक एक्शन से भरपूर मनोरंजक फिल्म है। ये फिल्म 14 फरवरी, 2025 को वैलेंटाइन डे पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में पूजा हेगड़े, पावेल गुलाटी और कुब्रा सैत भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा शाहिद कपूर अश्वत्थामा- द सागा कंटीन्यूजमें काम करने वाले हैं। वहीं, बात करें अनीस बज्मी की, तो कहा जा रहा है कि वो नो एंट्री के सीक्वल की तैयारियां कर रहे हैं।



# दिशा समिति की बैठक में सांसद ने अधिकारियों की लगाई क्लास

## पीएचई ईई को जल जीवन मिशन के कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश



**पायनियर संवाददाता ◄ बालोद**
www.dailypioneer.com

सांसद भोजराज नाग की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। जहां सासंद ने अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई। नल जल योजना में बरती जा रही लापरवाही व अधूरे कार्य को जल्द पूरा करने पीएचई के ईई को निर्देशित किया, वही जिला खाद्य अधिकारी से धान खरीदी की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान सांसद ने सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति के अध्यक्ष सांसद भोजराज नाग ने जिले में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों को आपसी समन्वय एवं सहभागिता से जनहित में बेहतर कार्य करने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने को कहा। जिससे कि अधिक से अधिक लोगों को इसका समुचित लाभ मिल सके। इसके अलावा उन्होंने शासकीय कार्यों में गुणवत्ता को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए जिले में संचालित सभी कार्यों में शतप्रतिशत गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा बालोद जिले के विकास कार्यों को प्रदर्शित करने वाले पुस्तक प्रगति के मार्ग पर 'बदलता बालोद' पुस्तक का विमोचन किया। बैठक में गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद, संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के विधायक संगीता सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे, डीएफओ बीएस सरोटे, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, केसी पवार, नगर पालिका बालोद के अध्यक्ष विकास चोपड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### धान खरीदी कार्य की ली जानकारी

बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सांसद भोजराज नाग ने कहा कि राज्य व केंद्र सरकार के द्वारा आम जनता के कल्याण हेतु अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने जिले के अधिकारियों को आम जनता को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर दिलाने हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में सांसद ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य, मनरेगा के आधारभूत जानकारी एवं जिले के प्रस्तावित लक्ष्य एवं उपलब्धि की जानकारी, प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना, राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भधारण कार्यक्रम, प्रधानमंत्री महतारी वंदन योजना आदि के कार्यों की समीक्षा की।

### विभिन्न विभागों की समीक्षा की

इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिले के चिकित्सालयों एवं पोषण पुनर्वास केन्द्रों की स्थिति तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों के अंतर्गत जिले में नल जल योजना के कार्यों की प्रगति एवं वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने पीएचई के ईई को जल जीवन मिशन के कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। बैठक में सांसद ने शिक्षा विभाग, कौशल विकास, राष्ट्रीय राजमार्ग, आदिवासी विकास विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जिला योजना एवं सांख्यिकी, खेल, श्रम एवं लोक निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में जन कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित कर आम जनता को उनका समुचित लाभ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

### निर्धारित समयावधि में सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा : कलेक्टर

इस अवसर पर विधायक गुण्डरदेही कुंवर सिंह निषाद ने सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक संपन्न होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को जिले में शासन के योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जनप्रतिनिधियों का सहयोग करने को कहा। विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा ने आशा व्यक्त किया कि बैठक के माध्यम से जिले में संचालित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं पूरा करने में गति मिलेगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा ने भी जिले में शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूरा करने हेतु आवश्यक सुझाव दिए। कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित सभी अतिथियों को उनके बहुमूल्य उपस्थिति के धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि इस बैठक में जन प्रतिनिधियों से मिले महत्वपूर्ण सुझाव के अनुरूप जिले में शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का निर्धारित समयावधि में सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में विभाग प्रमुखों के द्वारा अपने-अपने विभागों के कार्यों की प्रगति, संचालित योजनाओं, निर्धारित लक्ष्य एवं उपलब्धि की जानकारी दी गई।

# श्री हनुमान मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा पर 101 रामायण ग्रन्थ का वितरण

**पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा**
www.dailypioneer.com



जिला मानस संघ के आह्वान पर पाल परिवार हसदा के द्वारा श्री हनुमान जी की मूर्ति स्थापना के अवसर पर 101 श्री रामायण का वितरण किया गया। श्री राम चरित मानस (रामायण) अध्यक्ष देवलाल सिन्हा ने इस अवसर पर कहा श्री राम चरित मानस व्यक्ति के लिए कल्प वृक्ष के समान है जिससे मनुष्य की मनोकामना पूर्ति होती है। श्री रामायण प्रभु के नयन है जिसके प्रतिदिन दर्शन मात्र से ही सभी व्याधि दूर हो जाता है अब समूचे छ.ग. में मानस दर्शन ने रामायण को हर घर में पहुंचाने का संकल्प लिया है जिससे सनातन संस्कृति में प्रभु श्री राम जी की चरित्रों एवं अद्भुत रहस्यो से सभी परायण के माध्यम से रामायण से जुड़ेंगे प्रारंभिक दौर से संघ सभी जिले के सभी ब्लॉकों एवं पूरे जिले में 51000 हजार श्री रामायण ग्रन्थ वितरण का लक्ष्य निर्धारित किए है जिसकी शुरुवात 101 रामायण वितरण से किया गया। इस हेतु भागीरथी पाल सहित शंकर पाल सुंदर लाल पाल मीना पाल टोपेंद्र पाल इंदु पाल सरोज पाल सतरूपा पाल सहित पूरे परिवार को अनंत हार्दिक बधाइयां एवं आभार प्रेषित किया गया। इस अवसर पर राजकुमार ताम्रकार शिव साहू विष्णु साहू उत्तम साहू अर्जुन साहू महेश साहू छगन साहू लखन वर्मा माखन साहू मदन सिंहा पुष्पा सिन्हा ईश्वर चंद्राकर उमा चौहान डमरूधर साहू रवि सिन्हा तुलाराम पाल शत्रुघ्न पाल दुर्गेश वर्मा लछमी नाथ वर्मा शंभु साहू गिरधर साहू ओम यदु चेतन साहू भरत साहू सहित बड़े संख्या पाल समाज एवं ग्राम वासी उपस्थित थे।

# डुमरडीह में सुरक्षा संगोष्ठी एवं मितानिन सम्मान समारोह का आयोजन

**पायनियर संवाददाता ◄ उतई**
www.dailypioneer.com



शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय डुमरडीह में स्वदीप इण्डेन रिसाली एवं अंजोर इण्डेन उमरपोटी के संयुक्त तत्वावधान में इण्डियन ऑइल कॉर्पोरेशन लिमिटेड अंतर्गत एलपीजी सुरक्षा संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वदीप इण्डेन रिसाली के स्वदीप कुजूर ने सभी बच्चों एवं शिक्षकों को गैस उपयोग करते समय ध्यान रखने वाली सावधानियों के साथ-साथ सही तरीके से सिलेंडर रखना, पाइप व सिलेंडर का जीवित दिनांक देखना, चूल्हा व सिलेंडर का नॉब ऑन ऑफ करने जागरूक रहने और अपने परिवार के सदस्यों को भी सतर्क रहने आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। अंजोर इण्डेन उमरपोटी से विमल कुमार पिसदा ने चूल्हे व सिलेंडर को सही जगह पर रखने, चूल्हा जलाते समय पहले माचिस की तीली जलाने व गैस की दुर्गंध महसूस होने पर तुरन्त करने वाले गतिविधियों के विषय में टोल फ्री नंबर 1906 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिक्षक पोषण मारकण्डे ने एलपीजी के सुरक्षित उपाय अभियान को सफल बनाने अपने साथ-साथ परिवार तथा अपने आस-पड़ोस को हमेशा जागरूक रहने का आह्वान करते हुए सुरक्षा संगोष्ठी सफल बनाने जागरुक रहने कहा। स्वदीप इण्डेन रिसाली एवं अंजोर इण्डेन उमरपोटी द्वारा उपस्थित सभी बच्चों को मिठाई एवं शिक्षकों को पेन वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रेरक व मितानिन का सम्मान शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ललित कुमार कुर्रे, सदस्य मेघूराम मधुकर व प्रधान पाठक गिरधर लाल चेलक के करकमलों द्वारा प्रेरक प्रमिला विश्वकर्मा, मितानिन विमला महिपाल, पुष्पा जांगड़े, ऊल्फी बंजारे, डिलेश्वरी साहू, शकुन भारती, शैलेन्द्री गायकवाड़ का श्रीफल व पेन से सम्मानित किया गया। प्रेरक प्रमिला विश्वकर्मा ने टी.बी., मोतियाबिंद, कुष्ठरोग, डेंगू, मलेरिया, बुखार, फाइलेरिया, गर्भवती महिला व नवजात शिशु का देखभाल, बच्चे के जन्म के 10 वर्ष तक फॉलोअप करना, बालिकाओं के माहवारी की जानकारी सहित विभिन्न रोगों से बचाव के सावधानियों के विषय में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में शिक्षकगण सुरेखा मंडावी, ममता सिन्हा, ज्योति देवांगन, जागृति मारकंडे, बाल केबिनेट के सदस्य नीलिमा बंजारे, जेसिका बंजारे, चन्द्रा, निहारिका कुर्रे, भाविका यादव, टिकेश्वरी, काव्या कुर्रे, कशिश उइके, प्रशांत चेलक, भावेश, कबीर साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गीता झारिया, रसोइया, सफ़ाई कर्मचारी केवरा बाई, रसोइया आदि उपस्थित रहे । कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक जी.एल. चेलक, एवं संचालन शिक्षक पोषण मारकंडे ने किया।

# ग्रीन हाउस फैन पैड निर्माण में भारी अनियमितता, सूक्ष्म जांच की आवश्यकता



**पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा**
www.dailypioneer.com




कबीरधाम वनमंडल में बीते पांच वर्षों में भारी अनियमितता बरती गई है। पांच वर्षों में वन विभाग वनों की रक्षा, सुरक्षा करने में नाकाम रही हैं लगातार वनों की रकबा में कमी हुई है। अवैध पेड़ो की कटाई और अतिक्रमण हुआ है। जिसका मुख्य वजह है कि विभाग अपने मूल कार्यों को छोड़कर निर्माण कार्यों पर ध्यान दिया है और भारी भरकम गड़बड़ियां किया है। कोई भी निर्माण कार्य में गुणवत्ता दिखाई नहीं देता। जंगल के भीतर जहां आवाजाही नहीं के बराबर होता हैं वहां पर विभाग डब्ल्यूबीएम सड़क बनाया है जो पहली बरसात में धराशाई हुई, भारी मात्रा में तालाब बनाया गया जिसमें मार्च के बाद बूंद भर पानी नहीं रहता। पौधा तैयार करने ग्रीन हाउस फैन पैड के साथ (इवापोरेटिव) कुलिंग सिस्टम का निर्माण कराया गया जो महज छः माह धराशाई हो गया। यदि इन कार्यों का विशेषज्ञों की टीम गठित कर जांच की जाए तो करोड़ो रुपए की गड़बड़ियां उजागर होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।

### टीम बनाकर जांच करने की आवश्यकता

वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को वन, वन्य जीवों को संरक्षित, सुरक्षित रखने की अनुभव होता हैं। उन्हें निर्माण कार्य से संबंधित तकनीकी जानकारी नहीं होता बावजूद लाखो करोड़ो रुपए की निर्माण कार्यों का मूल्यांकन और सत्यापन कर भुगतान कर दिया जाता है। जो महज कुछ दिनों में खराब हो जाता हैं। विभागीय नर्सरी लालपुर में अप्रैल 2022 में ग्रीन हाउस फैन पैड के साथ (इवापोरेटिव) कुलिंग सिस्टम और नेचुरली वेंटीलेटेड शेडनेट हाउस का निर्माण कराया गया है जो महज कुछ दिनों में खराब हो गया है जिसका उद्यानिकी, कृषि और अन्य जानकर विभाग की टीम गठित कर जांच कराने की आवश्यकता है जिससे उसमें हुई गड़बड़ी और जिम्मेदार के ऊपर कार्यवाही तय किया जा सके।

### नाक के नीचे गड़बड़ी

नाक के नीचे गड़बड़ी वाली मुहावरा को कवर्धा वन मंडल ने सच साबित कर दिया है। कवर्धा शहर से छटा हुआ विभागीय नर्सरी में ग्रीन हाउस फैन पैड के साथ (इवापोरेटिव) कुलिंग सिस्टम - क्षेत्र-329 स्क्वेर मीटर का निर्माण किया है। जिसका निर्माण अप्रैल महीना में किया और बरसात के पहले आए आंधी तूफान में ही धराशाई हो गया। विभागीय अधिकारी और जिम्मेदार कर्मचारियों ने उसका उपयोग करना तो दूर उसको आज तक झांकने नहीं गए। उक्त नर्सरी में विभागीय विश्राम गृह है जहां पर विभाग के छोटे और बड़े अधिकारियों का आना जाना लगा रहता हैं बावजूद उस पर ध्यान नहीं देना तरह तरह की आशंकाओं को जन्म देता है। जो जनमानस में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### चाहते कर्मचारियों को दिया रेंज का प्रभार

विगत पांच वर्षों में रेंज अफसर को लूप लाइन में रखते हुए डिप्टी रेंजर को कवर्धा वन परिक्षेत्र अधिकारी का प्रभार दिया गया जबकि वन मंडल में पदस्थ रेंज अफसर को लूप लाइन में रखा है जिसका मुख्य वजह निर्माण कार्यों के पीछे गड़बड़ी कराना ही था। डिप्टी रेंजर को प्रभार मिलने और उच्च अधिकारी का संरक्षण प्राप्त होने के कारण निर्माण कार्यों में भारी गड़बड़ी किया है जिसके चलते निर्माण के कुछ ही महीने में खराब और अनुपयोगी होते दिखाई देते है जिसकी जांच की आवश्यकता है।

### प्रभारी रेंज अफसर अगले सप्ताह होंगे रिटायर्ड

कवर्धा परिक्षेत्र अधिकारी के पद पदस्थ डिप्टी रेंजर इसी सप्ताह यानि 30 नवंबर को रिटायर्ड होने वाले है। जिसके चलते चला चली के समय में भारी गड़बड़ियां किया है। उनको संरक्षण देने वाले अधिकारी भी स्थानांतरित हो चुके है साथ ही प्रदेश में सरकार भी बदल चुका हैं बावजूद इनके द्वारा किए की अनियमितता की जांच नहीं होना विभागीय संरक्षण की आशंकाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।

### लाखों का शेड में कोई उपयोगिता नहीं

शहर के लगा हुआ विभागीय नर्सरी में ग्रीन हाउस फैन पैड के साथ (इवापोरेटिव) कुलिंग सिस्टम क्षेत्र-329 स्क्वेर मीटर अप्रैल 22 बनाया गया है जिसे 21 मई 2022 को विभाग हो हैंडओवर भी किया जा चुका हैं। उक्त निर्माण को देखने से अभी भी अधूरा दिखाई देता हैं लेकिन विभागीय संरक्षण के चलते पूर्ण भुगतान भी किया जा चुका हैं। निर्माण अधूरा होने के कारण आजतक उसका कोई उपयोगिता नहीं हुआ है।

# योगेश तिवारी ने छत्तीसगढ़िया संस्कृति के लोक कलाकारों को किया सम्मानित




**पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा**
www.dailypioneer.com

बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गब्दा में जय मां महामाया जस झांकी परिवार और समस्त ग्रामवासियों द्वारा एक दिवसीय भव्य लोक कला महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान योगेश तिवारी ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया। साथ ही सभी कलाकारों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, इस तरह के आयोजन छत्तीसगढ़ की संस्कृति को नया आयाम और पहचान देते हैं। ऐसे आयोजनों से स्थानीय कलाकारों को अपनी कला को प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। इस तरह के प्रयास लगातार होने चाहिए। कार्यक्रम में योगेश तिवारी के साथ कई प्रमुख हस्तियां भी मौजूद रहीं, जिनमें जनपद सदस्य मानसिंह वर्मा, शिवकुमार, भागवत, रिंकू बादशाह, प्रकाश पाटिल, सुरेश पाटिल, धर्मेंद्र निषाद, राज निषाद, मोहन निषाद, सूरज निषाद, जनक निषाद, प्रेमलाल निषाद, रमेश निषाद, नीलकमल निषाद, मनीष पाठक, द्रोण, लक्ष्मण, रामसाय और वीरेंद्र शामिल थे। कार्यक्रम ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने और स्थानीय प्रतिभाओं को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कथा के माध्यम से अतः करण को शुद्ध किया जाता है : शास्त्री

**पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा**
www.dailypioneer.com



श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ मे आयोजित कार्यक्रम ग्राम झिरिया जिला बेमेतरा छत्तीसगढ यदु परिवार के द्वारा यह दिव्य भागवत कथा में व्यास स्वरूप व्याख्यान दिवाकर आचार्य झम्मन शास्त्री महाराज के द्वारा प्रथम दिवस की कथा में आचार्य ने बताया कि ज्ञान यज्ञ का उद्देश्य केवल यश पाने के लिए किसी इच्छा के अधीन किया गया धर्म नहीं बल्कि कथा के माध्यम से अंतःकरण को शुद्ध किया जाता है ।भगवान को पाने की इच्छा हो तो परीक्षित और शुकदेव का संवाद ही सुन ले तो जीवन धन्य हो जाएगा अकाल मृत्यु से बचाने के लिए भागवत कथा का श्रवण अवश्य करें श्रीमद् भागवत कथा के द्वारा महाराज ने कहा कि प्रभु के लीला के बगैर ना कोई जन्म ले सकता है ।ना किसी की मृत्यु हो सकती है सभी कालचक्र में ईश्वर की सहमति विद्यमान रहती है आकृतार्थ जीवात्मा को पुनर्जन्म लेना पड़ता है इसलिए 24 घंटे में काम से कम सवा घंटा प्रभु की स्तुति भजन कीर्तन के माध्यम से करना चाहिए ।जीवन का उद्देश्य ईश्वर को पन है न कि केवल धन वैभव और जीवकोपार्जन में लगे रहना महाराज ने कहा कि पार्टी और सरकार परोपकार के लिए है न की स्वहित के लिए देश में लोग गौ माता के चारागाह पर भी कब्जा करने से बाज नहीं आ रहे हैं। माता को संरक्षित करने के लिए कोई तैयारी किसी सरकार की नहीं दिखती तो शुद्ध दूध घी दही और मक्खन कहां से मिलेगा। भागवत कथा के दौरान शामिल होने वाले खास कर युवा नहीं आते जबकि श्री राम कथा और भागवत कथा का उद्देश्य भटकते युवाओं को ग्रंथ के माध्यम से धर्म से जोड़ना है इसीलिए हर घर में एक युवा को ऐसे ही कथाओं में शामिल होना चाहिए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ पूर्ण भूमि है या भगवान श्री राम का ननिहाल है। यही कारण है। कि तमाम प्रकृति आपदाओं से छत्तीसगढ़ का प्रभावित रहता है तथा आज धरती माता को 104 डिग्री का बुखार सता रहा है ग्लोबल वार्मिंग से ग्लेशियर पिघल रहे हैं समुद्र की जलधारा बढ़ रही है। मानव विकास के चक्कर में प्रकृति से छेड़छाड़ कर रहा है। भगवान मनु और शतरूपा पर वंशज का जीवन खतरे में है। इसलिए सनातन धर्म में साइंस को भावनात्मक प्रकल्पता से जोड़े तब जाकर सनातन धर्म आपकी रक्षा करेगा।

# कबीरधाम जिले में बने सामुदायिक शौचालय उपयोगिता के अभाव में हो रहे जर्जर

**पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा**
www.dailypioneer.com




कबीरधाम जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया है जिसमें से 95 फीसदी शौचालय का उपयोग नहीं किया जा रहा है बावजूद बचे हुए गांवों में शौचालय निर्माण के लिए राशि की स्वीकृती प्रदान किया जा रहा है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बने शौचालय का उपयोगिता को लेकर विभाग के द्वारा कोई ठोस कदम उठाने के बजाए और स्वीकृती प्रदान करते हुए सरकारी खजाना को खाली कर रहे है। प्रतिवर्ष विश्व शौचालय दिवस का आयोजन 19 नवंबर को किया जाता है। इस वर्ष हमारा शौचालय हमारा सम्मान थीम पर विश्व शौचालय दिवस का आयोजन 19 नवंबर से प्रारंभ होकर मानव अधिकार दिवस 10 दिसंबर 2024 को समाप्त होगा। 22 दिवसीय इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें व्यक्तिगत शौचालय एवं सामुदायिक शौचालय के बेहतर रख रखाव एवं उपयोग के लिए प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियां शामिल है लेकिन कई ऐसे ग्राम पंचायत हैं जहां पर बने सामुदायिक शौचालय को गांव के बाहर बना दिया है जिसमें से पानी के लिए लगाए गए सिंटेक्स, नल, बिजली के कनेक्शन गायब हो चुके है और शौचालय जर्जर हो चुके है। इसे में जागरूकता अभियान को सफलता कैसे मिल पाएगा। यह अभियान भी कागजों में चलाकर खाना पूर्ति कर दिया जाएगा। इसमें कोई संशय की बात नहीं है।

### शौचालय से सिंटेक्स गायब

कबीरधाम में 496 ग्राम पंचायत है जिसमें से अधिकांश ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अलावा पंद्रहवें वित्त आयोग की राशि को शामिल कर सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया है। निर्माण एजेंसी ने शौचालय निर्माण के समय स्थल चयन को गलत जगह पर करते हुए कार्य को पूर्ण कर दिया गया। शौचालय निर्माण में भारी अनियमितता बरती गई है। कार्य में गुणवत्ता दरकिनार किया गया है जिसके चलते जर्जर हो गया है। कई ऐसे शौचालय है जहां पर आज तक पानी की आपूर्ति ही नहीं किया गया है तो कही का सिंटेक्स गायब हो गया, कुछ जगहों का ताला आज तक नहीं खुल पाया है। जांच की आवश्यकता है।

### कार्यक्रम के लिए टाइमलाइन जारी

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी ने कार्यक्रम के लिए टाइमलाइन निश्चित है। 19 नवंबर से 5 दिसंबर तक सामुदायिक शौचालय को 3 आर रिपेयर,रिस्टोर तथा रिफाइन के माध्यम से आकर्षक बनाकर साफ-सफाई एवं उपयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा। 5 दिसंबर से 9 दिसंबर तक शौचालय की क्रियाशीलता में सुधार हेतु व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्तर पर बेस्ट शौचालय का आकलन करने सर्वेक्षण किया जाएगा। 10 दिसंबर को अभियान के समापन अवसर पर बेस्ट शौचालय को अवार्ड वितरण कर सम्मानित किया जाएगा। व्यक्तिगत शौचालय प्रतियोगिता में ग्राम पंचायत एवं ब्लॉक स्तर पर हितग्राहियों को सम्मानित किया जाएगा। सामुदायिक शौचालय के अंतर्गत ब्लॉक एवं जिला स्तर पर बेस्ट सामुदायिक शौचालय वाले ग्राम पंचायत को सम्मानित किया जाएगा। अब देखना होगा कि अधिकारी द्वारा जारी निर्देश का पालन किया जाएगा या फिर अन्य बार की तरह इस बार भी कागजों में दफन हो जाएगा।

# दल्ली सेवा समिति ने योग वाटिका का सफाई कर एक कदम स्वच्छता की ओर का बेहतरीन उदाहरण पेश किया

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





नगर की समाजसेवी संस्था हमर सुघ्घर पंडर दल्ली सेवा समिति ने योग वाटिका का सफाई कर एक कदम स्वच्छता की ओर का बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। समिति के सदस्यों ने बताया कि राजहरा खदान समूह के द्वारा 25 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान चलाया गया था। जिसमें मुख्य महाप्रबंधक आर बी गहरवाल ने राजहरा वासियों से अपील की थी कि स्वच्छता अभियान एक छोटा सा प्रयास है। स्वच्छता के प्रति हम सभी को जागरूक होना अनिवार्य है। हमारा मन प्रफुल्ल तभी हो सकता है जब हमारे घर हमारे आसपास के क्षेत्र साफ और स्वच्छ हो। स्वयं को अपने आसपास की स्वच्छता रखने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। सत्तागिरि पार्क पूरे दल्ली राजहरा के लोगों के लिए बना है। हम सब की जिम्मेदारी होती है कि इसे स्वच्छ और साफ रखें। नगर वासियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए कि हम इसे बेहतर और स्वच्छ कैसे बनाएं। हमारी ओर से यह एक स्वच्छता का छोटा सा प्रयास है। इसे साफ और स्वच्छ रखने के लिए आप सभी जितनी हो सके अपने भागीदारी निभाये। हमर सुघ्घर पंडर दल्ली सेवा समिति की ओर से कहा गया था कि आगामी दिनों में सेवा समिति के द्वारा योग वाटिका में सफाई अभियान चलाया जाएगा। उन्हीं बातों को चरितार्थ करते हुए सेवा समिति के द्वारा विशाल योग वाटिका में दो दिन का सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें आसपास उगने वाले छोटे झाड़ियां, अवांछित पौधे बड़े पेड़ों के सुख कर गिरे हुए डालियाँ, पत्ते सभी को हटाकर एक जगह एकत्र किया गया है तथा योग वाटिका के आसपास को पूरी तरह से साफ सफाई कर बेहतरीन बनाया गया है। हमर सुघ्घर पंडर दल्ली सेवा समिति के कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करने के लिए मुख्य महा प्रबंधक आर बी गहरवार ने सेवा समिति के सदस्यों के साथ मिलकर सफाई अभियान में अपना योगदान दिया। साथ ही सत्तागिरि पार्क के इंचार्ज युवराज साहू ने भी सेवा समिति का सहयोग किया। सेवा समिति के द्वारा की गई सेवा भाव से मेहनत और लगन के कारण योग वाटिका फिर से सुंदर और स्वच्छ नजर आ रहा है। जहां एक समय था जब योग वाटिका के आसपास जाने के लिए भी डर लगा रहता था क्योंकि यहां पार्क बड़े-बड़े पेड़ तथा घनघोर झाड़ियां घिरा हुआ है। आसपास बड़े-बड़े पेड़ पौधे है जिसमें जहरीले सांप, बिच्छू होने का डर हमेशा बना रहता है। योग वाटिका के पास लगे योग के विभिन्न आसन की मुद्रा बनाए गए हैं ताकि योग करने वाले को आसानी हो जो की पेड़ पौधों के कारण ढक चुका था अब सभी आसन स्पष्ट नजर आ रहे हैं। सेवा समिति के मेहनत और लगन से योग वाटिका फिर से गुलजार हो गया है। हमर सुघ्घर पंडर दल्ली सेवा समिति के सदस्यों ने लोगों से अपील की है कि हमारा प्रयास से सत्तागिरि पार्क का एक हिस्सा स्वच्छ सुंदर और साफ हुआ है आप भी अपनी भागीदारी निभाइए और अपनी पसंद के कुछ चिन्हित जगह को साफ सफाई कर सत्तागिरि पार्क को स्वच्छ रखने में अपना योगदान दें। हमर सुघ्घर पंडर दल्ली सेवा समिति की ओर से इस सफाई अभियान में अध्यक्ष जीवन साहू, भोज राम साहू, शिवप्रसाद साहू, बचित्तर सिंह संधू, मिलाप कुर्रे, रोहित कुमार साहू, किशोर कराडे, ममता नेताम, विकास गजभिये और सुरेंद्र कुमार ने अपनी योगदान दिया। समिति के अध्यक्ष जीवन साहू ने कहा कि आगामी दिनों हमारे समिति की ओर से वार्ड नंबर 20 में रहने वाली रुक्मणी विश्वकर्मा के लिए दो कमरों का घर निर्माण किया जाएगा। जिसकी बजट की राशि लगभग एक लाख की है। समिति के द्वारा सभी से अपील किया जा रहा। यदि आप इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग देना चाहते हैं तो हमारे संस्था से संपर्क कर सकते हैं।

# स्काउट गाइड का राज्य स्तरीय बेसिक प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी के दिशानिर्देश एवं जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे के मार्गदर्शन में भारत स्काउट गाइड जिला संघ बेमेतरा की ओर से राज्य स्तरीय बेसिक कोर्स प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शासकीय हाईस्कूल लोलेसरा में 15 नवंबर से 21 नवंबर तक किया गया। जिसमें जिले के चारों विकास खण्ड सहित राज्य के अन्य जिलों के शासकीय व अशासकीय विद्यालयों से शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपनी सहभागिता की। स्काउट्स गाइड्स के बेसिक प्रशिक्षण कोर्स में स्काउट लीडर, गाइड कैप्टन, रोवर स्काउट लीडर, रेंजर लीडर विंग का छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य मुख्यालय रायपुर द्वारा नियुक्त प्रशिक्षक मंडल के द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर संचालक पूनम सिंह साहू स्काउट विंग, सरोजनी यादव गाइड विंग, फनेन्द्र लोधी रोवर विंग तथा कैसरिन बेग गाइड साथ ही सहायक संचालक अमित क्षत्रिय, रामेश्वरी साहू कबीरधाम, शकुंतला ठाकुर केसीजी, पूर्णिमा देवांगन, उर्मिला दिवाकर, ईश्वर लाल साहू, के नेतृत्व में स्काउट गाइड कोर्स की मूलभूत अवधारणा, इसके उद्देश्य को लेकर योजनाबद्ध रूप से संचालक मंडल की टीम सहित पूरे कोर्स की जानकारी सैध्दांतिक और प्रायोगिक रूप से पूर्ण कराया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पंजीयन पश्चात हाईस्कूल प्राचार्य बंछोर के द्वारा कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया तथा प्रशिक्षण की समय सारिणी, ग्रुप विभाजन स्काउटिंग के इतिहास की जानकारी प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में दिवसवार विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी प्रयोग सहित सभी प्रशिक्षणार्थियों को एक कुशल नेतृत्वकर्ता के रूप में दल संचालन के लिए सभी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराया गया। स्काउटिंग के मूलतत्व हाइक के कार्यक्रम में खोजी प्रवृत्ति को विकसित करने के साथ बिना बर्तन के भोजन बनाना की विधि से परिचय कराने धार्मिक महत्व स्थल सिध्दी माता मंदिर संडी तक आयोजित कर रूढ चिन्ह, मैपिंग, अनुमान लगाना, सीटी के संकेत तथा जन जागरुकता कार्यक्रम का भी प्रशिक्षण दिया गया। संध्याकाल कैम्प फायर में प्रशिक्षार्थी को इसके महत्व और इतिहास से परिचित कराकर, नियमों की जानकारी दिया गया।

# भोजराज नाग कांकेर लोकसभा सांसद ने मदन माइती को बॉडीबिल्डिंग संगठन जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर दी बधाई

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



कांकेर लोक सभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग एवं भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू का राजहरा परिवहन संघ के द्वारा कुछ मांग को लेकर किए जा रहे धरना प्रदर्शन पर बीएसपी प्रबंधन से चर्चा हेतु दल्लीराजहरा आगमन पर बीएसपी के गेस्ट हाउस में दल्ली राजहरा के भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, महामंत्री महेंद्र सिंह (गुड्डू), महामंत्री मदन माइती, हरिनाथ, अमित बादल तिवारी, थाना प्रभारी सुनील तिर्की, जी एम माइंस मयाराम ठाकुर, नितेश क्षत्री परिवहन संघ के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तुली, संतोष देवांगन, राजू मरवाह, विजय डड़सेना, बिट्टू, पन्नू,अशोक लोहिया, रमेश गुर्जर, भूपेंद्र श्रीवास, राजेश कांबले, तोरण लाल साहू और सुमित उनसे मिलने पहुंचे थे। जहां पर त्रिपक्षीय बातचीत हुई। इसी दौरान मदन माइती को जो भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री, भारतीय जनता ट्रेड यूनियन के नगर अध्यक्ष के अलावा अब वर्तमान में नए पदभार बालोद जिला बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन का जिला अध्यक्ष बनाया गया है, इस पर सांसद नाग ने कहा कि नई जिम्मेदारी से दल्लीराजहरा क्षेत्र के खेल प्रतिभाओं में निखार आएगी। दल्ली राजहरा में अनेक प्रतिभाएं छुपी हैं जिसे आपको उभारने के लिए बहुत अच्छा मौका है। मैं अपनी ओर से भरपूर प्रयास करूंगा कि जैसे भी हो आपकी सहायता कर सकूं और बच्चों के प्रतिभा को उभारने में मदद कर सकूं। यदि ये बच्चे आगे चलकर देश का प्रतिनिधित्व करें तो मैं अपने आप को धन्य समझूंगा। भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू ने भी मदन माइती को बॉडीबिल्डिंग संगठन के जिला अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। जिलाध्यक्ष मदन माइती ने कहा कि मेरा हमेशा प्रयास रहेगा कि बॉडीबिल्डिंग क्षेत्र से हमारे जिले से ज्यादा से ज्यादा प्रतिभावान खिलाड़ी निकले इसके लिए मैं अपने स्तर पर भरपूर प्रयास करूँगा। मुझे बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन का अध्यक्ष बनाया गया है जिससे इन प्रतिभा को निखारने का मुझे भरपूर मौका मिलेगा तथा मैं अपनी ओर से पूरा प्रयास करूंगा कि प्रतिभा को निखारने और छत्तीसगढ़ राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन खिलाड़ी हमारे जिले से निकले।

# टेंडर में गड़बड़ी करने व नियम विरुद्ध कार्य करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों पर जांच उपरांत कड़ी कार्यवाही करने की मांग

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



नगर पालिका दल्ली राजहरा व डौंडीलोहारा नगर पंचायत में करोड़ों रूपये के नए विकास कार्यो के लिए जारी हुए टेंडर में गड़बड़ी करने व नियम विरुद्ध कार्य करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों पर जांच उपरांत कड़ी कार्यवाही करने की मांग भाजपा युवा नेता लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम ने कही है। ज्ञात हो कि प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व उपमुख्यमंत्री नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव शहरवासियो की मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए पालिका व नगर पंचायत को करोड़ों रूपये दे रहे हैं ताकि आमजन की पानी, बिजली, सड़क, भवन की समस्या खत्म हो। लेकिन दल्लीराजहरा नगर पालिका व डौंडीलोहारा नगर पंचायत में बैठे जिम्मेदार अधिकारी के नियम विरुद्ध कार्य करने से आमजन में काफी नराजगी है। वहीं शासन से नगर विकास के लिए स्वीकृत कार्यो में बड़ी लापरवाही है। जहां एक ओर प्रदेश की भाजपा सरकार नए नए विकास कार्यो की सौगात दी रही है वहीं लापरवाह अधिकारी की गड़बड़ी की वजह से सरकार की योजनायें भी प्रभावित हो रही है।

आने वाले कुछ समय बाद प्रदेश व जिला में नगरीय निकाय के चुनाव संपन्न होने हैं। करोड़ों रूपये के विकास कार्यो के लिए जारी निविदा में पालिका व नगर पंचायत में पदस्थ कांग्रेस के अध्यक्ष व अधिकारियों की मिलीभगत से भाजपा सरकार की छवि को खराब करने का काम किया जा रहा है। जिसे स्वीकार नही किया जाएगा। लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम ने कहा कि सरकार की योजनाओं से कार्यो से जनता को फायदा मिलना चाहिए उनकी समस्या दूर होना चाहिए बावजूद नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी स्वयं के लाभ व अपनो को फायदा देने टेंडर निविदा में गड़बड़ी कर रहे है। टेकाम ने बताया कि इस मामले में जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने शिकायत के मद्देनजर त्वरित कार्यवाही कर जांच समिति बनाया है। जिससे गड़बड़ी करने वालों के मंसूबो पर पानी फिर गया है। जल्द ही टेंडर में गड़बड़ी करने वालों की शिकायत व मामले की जानकारी प्रदेश के मुख्यमंत्री को देंगे व जिम्मेदारों पर कार्यवाही कराया। इधर जानकारी मिली है कि टेंडर प्रक्रिया में हुई गड़बड़ी की शिकायत को लेकर जिला कलेक्टर ने जांच समिति का गठन कर दिया है। यह समिति गड़बड़ी को देखेगी तब रिपोर्ट कलेक्टर को देगी। कलेक्टर के आदेश में कहा गया है कि कहा गया की जांच करवाई पूर्ण होने के तक टेंडर प्रक्रिया को स्थिर रखा जाए।

# ई-चालान से बचने नंबर प्लेट से छेड़छाड़ दो युवक गए जेल

**रायपुर।** ई-चालान से बचने के लिए वाहन नंबर प्लेट में हेरफेर करने वाले दो युवकों को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इन आरोपियों की पहचान भावेश सावरकर (23) और मोहम्मद अहमद (31) के रूप में हुई है। मामला तब उजागर हुआ जब वास्तविक वाहन मालिकों के पास चालान के मेसेज पहुंचे, जबकि उनके वाहन चालान के दौरान घटनास्थल पर मौजूद नहीं थे। 23 नवंबर 2024 को सिविल लाइन थाने में यातायात मुख्यालय के प्रधान आरक्षक प्रवीण देवांगन ने रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में कहा गया कि वाहन मालिक अरुण अवस्थी और दीपक देवांगन को चालान के मोबाइल संदेश मिले। संदेश में उल्लेखित फुटेज से यह स्पष्ट हुआ कि चालान में दर्ज वाहन नंबर उनके हैं, लेकिन वाहन उनका नहीं था। आरोपी मोहम्मद अहमद ने अपने वाहन सीजी 04 पीसी 3559 की नंबर प्लेट के आखिरी अंक 5 को 6 में बदल दिया। इसके बाद उसने 16 नवंबर 2024 को ऑक्सीजन गेट से अंबेडकर चौक के बीच उल्टी दिशा में वाहन चलाया। आरोपी भावेश सावरकर ने अपने वाहन सीजी 04 पीटी 5288 की नंबर प्लेट के आखिरी अंक 9 को 8 में बदलकर 19 नवंबर 2024 को इसी प्रकार उल्लंघन किया। सिविल लाइन पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। आरोपी भावेश सावरकर और मोहम्मद अहमद को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उन्होंने अपराध स्वीकार किया। उनके कब्जे से नंबर प्लेट बदलकर इस्तेमाल की गई दो मोटरसाइकिलें भी जब्त की गईं।

# जेल केवल सजा का स्थान नहीं, बल्कि आत्म विश्लेषण एवं सुधार की भी है जगह



**सक्ती।** उपजेल सक्ति में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गंगा पटेल के मार्गदर्शन में एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य कैदियों को उनके कानूनी अधिकारों और न्यायिक प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करना था,शिविर में सीजीएम ने कैदियों से कहा की जेल केवल सजा का स्थान नहीं है, बल्कि यह आत्म विश्लेषण और सुधार की जगह भी है। इस दौरान कैदियों ने अपने कानूनी मुद्दों पर सीजीएम से सीधे संवाद किया और मार्गदर्शन प्राप्त किया। शिविर में दिव्या गोयल न्यायिक मजिस्ट्रेट सक्ति भी उपस्थित थी, जिन्होंने कानूनी सहायता, जमानत की प्रक्रिया, अदालत की कार्यवाही तथा अन्य कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी। सहायक जेल अधीक्षक सतीश चंद्र भार्गव और समस्त जेल स्टाफ एवं न्यायालय स्टाफकोमल नवरंग और पीएलवी मनीष कुमार साहू उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर हुआ भारत माता आरती कार्यक्रम



**सक्ती।** शक्ति शहर के दशको पुराने प्रतिष्ठित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विगत कई महीनो से निरंतर प्रत्येक शनिवार को हो रही भारत माता की आरती कार्यक्रम की श्रृंखला में विनय साहू पूर्व जीवन बीमा विकास अधिकारी एवं गौ सेवक संरक्षक, अभिनव अग्रवाल, योगेंद्र राठौर, देवेंद्र देवांगन, प्राचार्य, प्रधानाचार्य, आचार्य, आचार्या, भैया-बहन उपस्थित थे। योगेंद्र राठौर को सरस्वती शिशु मंदिर में भाषण देते हुए अपने बचपन के दिन याद आ गए, देवेंद्र देवांगन एवं अभिनव अग्रवाल ने कहा कि ऐसा एकमात्र ही विद्यालय है जो संस्कार,शिक्षा देता है,कहा कि विद्यालय में संस्कार और शिक्षा दिया जाता है, विनय साहू पूर्व जीवन बीमा विकास अधिकारी को शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया।

# हरदा पंचायत में सरपंच गौरीशंकर ने किया मितानिनों का सम्मान

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



23 नवंबर को मितानिन दिवस के मौके पर शक्ति विकासखंड के ग्राम पंचायत हरदा के ग्राम-गौरमूडा में मितानिन दिवस कार्यक्रम में पंचायत के सरपंच गौरीशंकर यादव की उपस्थिति में मितानिनो बहनों का सम्मान किया गया, इस अवसर पर सरपंच गौरीशंकर यादव ने कहा कि आज मितानिन बहनों का कार्य प्रशंशनीय है, एवं मितानिन बहने आज गांव में लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनने के साथ ही शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में जहां अपनी अहम भूमिका निभाती हैं,तथा लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां देते हुए उन्हें ठीक करने की दिशा में भी योगदान देती हैं, तथा मितानिनों के इन कार्यों पर हम सभी ग्राम वासी उनका आभार व्यक्त करते हैं, इस अवसर पर पंचायत के सरपंच गौरीशंकर यादव के साथ ही पंच गण- गोपाल सिंह, चित्रभान सिंह, समुंद कुंवर, राज सिंह, नर्सिंग नेताम, शासकीय शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक मौजूद थे, साथ ही इस दौरान ज्योति चौहान, सरस्वती सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन बहने पुष्प लता राज, सविता, कुसुम प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# बॉलीवुड स्टार गोपाल के. सिंह ने कलिंगा विश्वविद्यालय का दौरा किया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



बॉलीवुड स्टार गोपाल के. सिंह ने कलिंगा विश्वविद्यालय का दौरा किया और छात्रों को अपने जीवन के अनेक किस्से सुनाए। 14 नवंबर 1976 को छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले के चिरमिरी में जन्मे, गोपाल के. सिंह हिंदी फिल्मों में अपने दमदार अभिनय और अपरंपरागत भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं। सिंह ने अपना करियर 1997 में साहित्य कला परिषद से शुरू किया, जहां उन्होंने रंगमंच का अध्ययन और अध्यापन किया। फिर वह मुंबई चले गये और भारतीय फिल्मों और टेलीविजन में अपनी पहचान बना ली। उनकी प्रभावशाली फिल्मोग्राफी में अंधाधुन, बदलापुर, कंपनी, कलकत्ता मेल, एक हसीना थी, ट्रैफिक सिग्नल, पेज 3, मुंबई मिरर और बुद्धा इन अ ट्रैफिक जाम आदि शामिल हैं तथा टेलीविजन महाकाव्य जोधा अकबर में बीरबल की भूमिका ने एक बहुमुखी अभिनेता के रूप में उनकी प्रतिष्ठा को और मजबूत किया। अपने दौरे के दौरान, सिंह ने छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित किया तथा फिल्म उद्योग में अपने करियर की यात्रा, अपने अनुभवों और अपने उल्लेखनीय कार्यों के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने प्रतिभा को पोषित करने और रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देने में फिल्म निर्माण शिक्षा के महत्व पर जोर दिया तथा विद्यार्थियों को समर्पण और दृढ़ संकल्प के साथ अपने जुनून को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। अपने भाषण के बाद, सिंह ने एक इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र में भाग लिया, जहां छात्रों ने उत्साहपूर्वक उनके करियर, चुनौतियों और सिनेमा के उभरते परिदृश्य के बारे में प्रश्न पूछे। उनके विचारशील उत्तरों ने श्रोताओं को प्रेरणा और अमूल्य ज्ञान प्रदान किया। सिंह ने सत्र के बाद विश्वविद्यालय के फिल्म स्टूडियो का दौरा किया, वहां की अत्याधुनिक सुविधाओं का अवलोकन किया तथा प्रतिभाशाली छात्रों द्वारा निर्मित कल्पनाशील कार्यों का अवलोकन किया। इस यात्रा में फिल्म निर्माण में व्यावहारिक शिक्षण अनुभव प्रदान करने के लिए कलिंगा विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला गया। अंत में, सिंह ने वीडियो बाइट्स में भाग लिया और अपनी यात्रा के क्षणों को व्यापक दर्शकों के साथ साझा किया। उनकी यात्रा, जो दृढ़ता और दूरदर्शिता से परिपूर्ण है, महत्वाकांक्षी फिल्म निर्माताओं और छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस यात्रा ने प्रतिभा को पोषित करने तथा फिल्म उद्योग के साथ गहरा संबंध विकसित करने की कलिंगा विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को मजबूत किया।

# टीओ जारी करने की अनुमति के लिए एमडी मार्कफेड को भेजा जाएगा प्रस्ताव

## 9 दिसंबर तक कि खरीदी के लिए टोकन कटा, 10 से सोसायटियों में 40 प्रतिशत ऑफलाइन टोकन की होगी सुविधा

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



जिले में अवकाश के चलते धान खरीदी नही हुई और आज सोमवार को 1 लाख 81 हजार 329 क्विंटल धान खरीदी हेतु 3 हजार 939 टोकन जारी किए गए हैं। वही मिली जानकारी अनुसार आगामी 9 दिसंबर तक टोकन जारी किए जा चुके है। 10 दिसंबर से टोकन प्रक्रिया में बदलाव करते 60 प्रतिशत टोकन तुम्हर द्वार एवं 40 प्रतिशत ऑफलाइन (समिति के माध्यम से) सुविधा की जा सकती हैं। क्योंकि जिले के कई स्थानों में ऑनलाइन टोकन जारी करने में सर्वर की वजह से परेशानी हो रही है। जिला खाद्य अधिकारी तूलसी ठाकुर ने बताया कि वीसी में भी इस बात की चर्चा हुई है कि 40 प्रतिशत टोकन सोसायटियों को ऑफ्लाइन देंगे और 60 प्रतिशत ऑनलाइन रहेगा। बता दे कि शनिवार तक कि स्तिथि में 15 हजार 705 किसानों ने साढ़े 6 लाख क्विंटल से अधिक धान बेचा है। 143 केंद्रों में 13 ऐसे खरीदी केंद्र है जहां बफर लिमिट से ऊपर धान का स्टॉक है। शनिवार को जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर व डीएमओ सौरभ भारद्वाज ने बफर लिमिट हुए खरीदी केंद्रों में पहुच व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### एमडी मार्कफेड को भेजा जाएगा प्रस्ताव

जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर ने बताया कि सोमवार को संग्रहण केंद्रों में धान लाने हेतु प्रस्ताव एमडी मार्कफेड को भेजा जाएगा। कलेक्टर के हस्ताक्षर के बाद टीओ जारी करने की अनुमति के लिए एमडी मार्कफेड को प्रस्ताव भेजा जाएगा। वहां से अनुमति पश्चात संग्रहण केंद्र शुरू करेंगे, धान खरीदी केंद्रों से संग्रहण केंद्रों में धान लाया जाएगा। गुरुवार से संग्रहण केंद्रों में धान जाने का श्री गणेश हो जाएगा, खरीदी केंद्रों से संग्रहण केंद्रों में धान भेजे जाने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि 10 से अधिक केंद्र बफर लिमिट के ऊपर धान का स्टॉक है।

### संग्रहण केंद्रों में जाने से सुखत की स्तिथि होगी निर्मित : कुंवर

राइस मिलरों द्वारा धान नही उठाये जाने और केंद्रों अव्यवस्था एवं ऑनलाइन टोकन कटने में किसानों को हो रही दिक्कत पर गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निशाद ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि एक तो सरकार में इतना लेट 14 नवंबर से धान खरीदी शुरू की, फिर 3 दिन की छुट्टी पड़ गई। जिसके बाद 18 नवंबर से अनवरत धान खरीदी जारी है, लेकिन धान खरीदी एक सप्ताह भी नही हुआ, जिसमें बारदाने का आभाव हैं, धान की खरीदी सही से नही हो पा रही है और उठाव नही हो रहा है, न ही सर्वर काम कर रहा हैं। जो परेशानी किसानों को एक सप्ताह के अंदर हुई है, पूर्व कांग्रेस सरकार के 5 साल में ऐसी परिस्थितियां कभी निर्मित नही हुई। उन्होंने कहा कि राइस मिलर्स भी हड़ताल पर चले गए है, धान का उठाव कैसे होगा...? ये सबसे बड़ी समस्या है। अब धान को संग्रहण केंद्र में भेजा जाएगा। संग्रहण केंद्र में अगर धान जाएगा, तो सुखत आएगा, सरकार को नुकसान होगा। समिति को नुकसान होगा। उन्होने आरोप लगाया कि सरकार के पास न तो कोई सन्साधन है और न ही कोई व्यवस्था है। जिसकी वजह खरीदी प्रभावित हो रही है। जहां 2700 क्विंटल लेना है, वहां 600-700 क्विंटल धान ले रहे हैं। जिससे किसान परेशान हैं। विधायक कुंवर सिंह निषाद ने पूर्व की कांग्रेस सरकार की भांति 40 प्रतिशत सुविधा ऑफलाइन किये जाने की मांग शासन से की हैं। वही उन्होंने धान खरीदी में फैली अव्यवस्था को लेकर विधानसभा में सवाल उठाने की बात कही है। सरकार के पास अगर कोई माकूल जवाब हो तो विधानसभा में उत्तर दे। वही कुंवर सिंह निषाद ने भाजपा सरकार द्वारा कस्टम मिलिंग पॉलिसी में किये गए बदलाव व 120 रुपये से 60 रुपये प्रति क्विंटल किये जाने पर सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि राइस मिलरों पर संकट की स्थिति निर्मित हो गई है। राइस मिलरों के हड़ताल पर जाने से आज इसका सीधा प्रभाव सरकार पर तो पड़ ही रहा है, इसके अलावा जनता और किसानों पर भी पड़ रहा है।

# सांसद कमलेश जांगड़े ने शक्ति के मेट्रो सिनेमा में देखी साबरमती रिपोर्ट मूवी

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



23 नवंबर को जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कमलेश जांगड़े ने शक्ति शहर के स्टेशन रोड में स्थित जिंदल प्लाजा के मेट्रो सिनेमा में भारतीय जनता पार्टी शक्ति जिले के नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न संगठनों के जनप्रतिनिधियों के साथ संयुक्त रूप से साबरमती रिपोर्ट मूवी देखी, इस अवसर पर सभी कार्यकर्ता स्थानीय शासकीय विश्रामगृह रेस्ट हाउस में एकत्रित हुए, जहां से सभी पैदल ही मेट्रो सिनेमा पहुंचे एवं यहां पहले से ही सांसद कमलेश जांगड़े ने अपने कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों के लिए फिल्म देखने की व्यवस्था की थी तथा छत्तीसगढ़ की विष्णु देव सरकार ने भी साबरमती रिपोर्ट मूवी को टैक्स फ्री कर दिया है, जिसकी जानकारी स्वयं छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सोशल मीडिया पर ट्विटर के माध्यम से दी थी तथा वित्त मंत्री चौधरी ने बताया था कि इस फिल्म को शासन ने टैक्स फ्री किया है, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इस फिल्म को देख सके। वही छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित उनके मंत्री मंडल के सदस्यों ने भी 22 नवंबर को रायपुर शहर के रामा मैग्नेटो में स्थित मल्टीप्लेक्स में इस फिल्म को देखा था, तथा 23 नवंबर को छत्तीसगढ़ प्रदेश के सांसदों एवं जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों ने भी इस फिल्म को देखा है, उल्लेखित हो कि गुजरात प्रदेश में गोधरा कांड पूरी दुनिया में चर्चा में रहा था, तथा गुजरात के मुख्यमंत्री उस समय नरेंद्र मोदी थे, तथा मोदी सरकार पर यह आरोप लगे थे कि गोधरा कांड में मोदी सरकार की भूमिका है, किंतु गोधरा कांड का सच कुछ और ही था, तथा मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनते ही गोधरा कांड के सच को लोगों तक लाने की दिशा में काम किया तथा अंततः साबरमती रिपोर्ट मूवी का निर्माण किया गया जिसमें गोधरा कांड से जुड़े एक-एक पहलुओं पर जानकारी दी गई तथा आज पूरे देशवासी इस मूवी को देखकर गोधरा कांड के सच को जान रहे हैं,तथा जिन लोगों ने उसे समय षड्यंत्र कर गोधरा कांड को अंजाम दिया तथा पूरे देश में भ्रम फैलाने का प्रयास किया गया तथा आज ऐसे लोगों के मंसूबो में पानी फिर गया है।

# पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जीवन के लिए महत्वपूर्ण है : विजय शर्मा

## बस्तर ओलंपिक 2024 समापन समारोह में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com




जनजातीय बाहुल्य और माओवाद प्रभावित बस्तर संभाग में खेल के माध्यम से विकास और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया गया है। इस आयोजन को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया, जिसमें सुदूर गांवों से आए युवा अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री साय ने इस पहल को जनजातीय संस्कृति और पारंपरिक खेलों के संरक्षण के साथ ही युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास बताया है। नारायणपुर जिले में जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 23 नवंबर तक किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन नारायणपुर के परेड ग्राउंड और खेल परिसर में किया गया, जिसमें जिले के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आज जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गृह मंत्री व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला स्तरीय ओलंपिक में जीतने वाले खिलाड़ियों को 5 से 10 दिसंबर तक जगदलपुर में आयोजित होने वाले संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक में जीतने के लिए उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि बस्तर के खिलाड़ियों में एक अद्भुत प्रतिभाएं हैं, जिसको निखारने के लिए यह बस्तर ओलंपिक के माध्यम से अच्छा अवसर मिला है, जिसे आप लोग अच्छे से प्रदर्शन कर खेल को आगे बढ़ाएं। बस्तर में प्रचुर मात्रा में जल जंगल जमीन है उसको संरक्षित कर अपने जीवन को आगे बढ़ाने के लिए योगदान दें। अबूझमाड़ के पहुंचविहीन क्षेत्र में सड़क, पुल पुलिया, पेयजल, स्कूल, आंगनबाड़ी, उप स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किया जा रहा हैं, शीघ्र ही अबुझमाड़ मुख्य धारा से जुड़ने लगेगा। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने ओरछा और नारायणपुर में 50-50 लाख रूपये से निर्मित खेल मैदान बनाने की घोषणा की। उप मुख्यमंत्री ने बस्तर ओलंपिक 2024 के जिला स्तरीय के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ जीवन में खेल भी महत्वपूर्ण होता है। इसलिए खेल में लक्ष्य निर्धारित कर अपने जीवन को आगे बढ़ाने के लिए परिश्रम करना आवश्यक है। प्रदेश के मुख्यमंत्री साय की मंशानुरूप गांव के प्रतिभाओं को निखारने का अच्छा समय मिला है इस अवसर का फायदा उठाते हुए राज्य स्तर तक पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित कर खेल के क्षेत्र में आगे बढ़े। खिलाड़ियों को हमेशा खेल भावना के साथ खेलकर अपने अनुशासन का परिचय देना चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि अबूझमाड़ क्षेत्र के बच्चों ने मलखम्भ खेलों का हुंनरबाज बनकर देश के कई शहरों में प्रदर्शन कर अपने अबूझमाड़ का नाम रोशन किया है। आयोजन में सहभागिता प्रदान करने वाले खिलाड़ियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्तकर्ता खिलाड़ी को पुरस्कार स्वरूप मोमेंटों, ट्राफी, प्रमाण पत्र और गणवेश भी प्रदाय किया गया। आयोजन में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को समहभागित प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। कलेक्टर बिपिन मांझी ने अपने उदबोधन में कहा कि बस्तर संभाग में खेल के माध्यम से विकास और संस्कृति को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन ने क्षेत्र के युवाओं में विशेष जोश और उत्साह भर दिया है। मुख्यतः ग्रामीण क्षेत्रों से आए प्रतिभावान युवा अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। इस आयोजन में विभिन्न खेल विधाओं जैसे एथलेटिक्स, बैडमिंटन, कराटे, तीरंदाजी, खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल और रस्साकसी की प्रतिस्पर्धाएँ शामिल हैं। जिले के युवाओं ने इन खेलों में अपनी सक्रिय और उत्कृष्ट भागीदारी दर्ज कर आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बस्तर ओलंपिक 2024 क्षेत्र के युवाओं की ऊर्जा और सामर्थ्य को निखारने के साथ-साथ स्थानीय संस्कृति और परंपराओं को एक नई पहचान देने का सशक्त माध्यम बन रहा है। कार्यक्रम को रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी व्यापतानंद और सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक रूपसाय सलाम ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रताप मंडावी, नगर पालिका परिषद के पार्षद जैकी कश्यप, पंडीराम मंडावी, नारायण मरकाम, गौतम गोलछा, नरेंद्र मेश्राम, संदीप झा, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन, संयुक्त कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, एसडीएम अभयजीत मंडावी, खेल अधिकारी डॉ. सुमित गर्ग सहित शिक्षक शिक्षिकाएं, जनप्रतिनिधि, पत्रकार व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## फरमानिया ट्रस्ट ने खोपली स्कूल के 220 बच्चो को बांटे स्वेटर

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com





शहीद तरुण देशमुख शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल खोपली के 220 बच्चों को सरवती देवी बनारसी दास फरमानिया चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संस्थापक सुरेश फरमानिया द्वारा स्वेटर का वितरण किया गया। स्वेटर पाकर बच्चो का चेहरा खिल गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अपने उदबोधन में सुरेश फरमानिया ने सभी बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए बगैर नकल किए अपने मेहनत से आगे बढ़ने की बात कहीं और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के मंत्र को सार्थक करने के लिए सभी को प्रेरित किया। स्कूल की प्राचार्य वीणा दुबे ने फरमानिया का बच्चो के प्रति लगाव, उनके उत्कृष्ट कार्यों, सहयोग की भावना को देखते हुए साल, श्रीफल व मोमेंटो से सम्मान किया। मंच संचालन शाला की शिक्षिका माधुरी बिजौरिया ने किया तथा आभार प्रदर्शन करते हुए शिक्षक गिरीश साहू ने बताया कि सरवती देवी बनारसी दास फरमानिया ट्रस्ट विगत 10 वर्षों से सरकारी स्कूलों में बच्चो को स्वेटर, कॉपी, पुस्तके, कंपास, बेंच डेक्स आदि का वितरण छात्रहित में निस्वार्थ भाव से कर रहा हैं। इस दौरान सरवती देवी बनारसी दास फरमानिया ट्रस्ट के संस्थापक सुरेश फरमानिया, प्राचार्य वीणा दुबे, सरपंच मंजू वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक छबिलाल रघुवंशी, माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक हरिश्चंद्र देवांगन, शिक्षक गिरीश साहू, दीपक साहू, मनीष साहू, निवेदिता डेविड, प्रमिला भगत, तृप्ति दुबे, रेखारानी मिश्रा, कल्पना द्विवेदी, आरती महिपाल, जयंती विनोद, के शारदा मूर्ति, अदिति साहू, वोमेश्वरी निषाद, माधुरी बिजोरिया, जितेश्वर देवांगन, प्रगति लोधी, दवंत साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने काशी स्पाइन हॉस्पिटल का किया लोकार्पण



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के शंकर नगर में काशी स्पाइन हॉस्पिटल का लोकार्पण किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक मोती लाल साहू और पुरंदर मिश्रा, पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, अस्पताल परिवार के संतोष अग्रवाल, लीलाधर सुल्तानिया, डॉ. विमल अग्रवाल भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने अस्पताल के संचालकों को बधाई और शुभकामनाएं दी।



## समाजसेवी जितेंद्र जैन ने खपरी धोबी स्कूल के सभी बच्चों को टाई बेल्ट प्रदान किये

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



साजा नगर के समाज सेवक जितेंद्र जैन ने शासकीय प्राथमिक शाला खपरी धोबी के सभी बच्चों को टाई और बेल्ट का वितरण किया। शाला के प्रधान पाठक धनेश रजक की शिक्षा के प्रति समर्पित भाव और बच्चों के प्रति लगन को देखते हुए, विद्यालय के प्रति उसकी समर्पित भाव को देखते हुए समाज सेवी जितेंद्र जैन ने यह अनुकरणीय कार्य किया है। ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश बच्चे गरीब परिवार से आते हैं। वे टाई बेल्ट नहीं खरीद सकते। उनके पालक गरीब और श्रमिक वर्ग से आते हैं। और वह अपने बच्चों के लिए टाई और बेल्ट नहीं खरीद सकते। शाला के प्रधान पाठक धनेश रजक से मधुर संबंध के चलते उन्होंने विद्यालय के सारे बच्चों को टाई बेल्ट का वितरण कर खुश कर दिया है। टाई और बेल्ट पाकर बच्चे बहुत खुश नजर आ रहे थे। वितरण के अवसर पर जितेंद्र जैन ने कहा जब भी विद्यालय में किसी चीज की आवश्यकता होगी तो मैं हमेशा सहयोग करने के लिए तत्पर रहूंगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्य करके मुझे भी बहुत ही आत्मिक खुशी होती है। विद्यालय के बच्चों के लिए बेल्ट टाई वितरण के लिए जितेंद्र जैन को शाला के प्रधान पाठक धनेश रजक, शिक्षक थुकेल राम तारम व शिक्षिका विजयलक्ष्मी रावत ने हार्दिक धन्यवाद दिया है।

## शिप्रा फाउंडेशन ने स्वास्थ्य जांच और काउंसलिंग कार्यक्रम किया आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

शिप्रा सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा कोरबा जिले में एक स्वास्थ्य जांच और काउंसलिंग कार्यक्रम 16 से 22 नवंबर तक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान निः शुल्क परामर्श, रक्तचाप जांच, परिवार नियोजन और कल्याण पर काउंसलिंग, एचआईवी, एड्स जागरूकता और निःशुल्क शुगर (डायबिटीज) जांच की गई। उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) जागरूकता अभियान के तहत लोगों को सूचित किया गया और बीपीपरीक्षण किए गए। डॉ. गीतिका राठौर ने स्वास्थ्य जांच की और सफाई कर्मचारियों को भी इस स्वास्थ्य शिविर से लाभ हुआ। उन्हें स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, नियमित स्वास्थ्य जांच और धूम्रपान एवं शराब से बचने के बारे में भी सलाह दी गई। इसी तरह, ग्रामीण पुरुषों और महिलाओं को परिवार नियोजन के लाभों, विभिन्न विधियों और स्थायी एवं अस्थायी उपायों के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए नसबंदी के विकल्प उपलब्ध हैं, और काउंसलरों ने परिवार नियोजन के बारे में फैलाए गए मिथकों को स्पष्ट किया। कोरबा में ट्रक ड्राइवरों के साथ एक सूचना-पूर्ण और संवादात्मक एचआईवी जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया। इस सत्र का उद्देश्य ड्राइवरों और ट्रक चालकों के बीच एचआईवी के रोकथाम, इलाज और प्रबंधन के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। आवश्यकता पडने पर निःशुल्क शुगर परीक्षण (डायबिटीज के लिए) भी किए गए और उन्हें नियंत्रण उपायों के बारे में शिक्षित किया गया। इस अभियान के माध्यम से शिप्रा सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन का उद्देश्य समाज में जागरूकता बढ़ाना, पुरुषों और महिलाओं के बीच स्वास्थ्य साक्षरता में सुधार करना और स्वास्थ्य-संबंधी पठन सामग्री का वितरण करना था। कुछ मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम से 700 से अधिक पुरुषों और महिलाओं को लाभ हुआ। कार्यक्रम में डॉ. गीता राठौर सहित अन्य का सहयोग प्राप्त हुआ।

## एनएसएस शिविर का आयोजन ग्राम बम्हनी में आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



शासकीय नवीन महाविद्यालय वटगन के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम बम्हनी में सात दिवसीय एनएसएस शिविर 2024 का आयोजन 24 से 30 नवंबर तक किया जा रहा है, उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप रत्नादेवी बद्रिका निषाद (सरपंच ग्राम बम्हनी) व विशिष्ट अतिथि के रूप में के.के. यदु (प्र.पा.शास.प्राथमिक शाला बम्हनी) ए.के.यद ु(शिक्षक प्रा.शाला बम्हनी), डॉ.ए.डी. कोसले (प्र.पा.शा.पूर्व माध्यमिक शाला बम्हनी) व ओमप्रकाश पटेल (सचिव ग्राम बम्हनी) उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्रकांत जलहरे (प्राचार्य शा.नवीन महाविद्यालय वटगन) द्वारा किया गया, शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी राम प्रकाश जोशी (सहा.प्राध्यापक शा.नवीन महाविद्यालय वटगन) के द्वारा आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर ग्राम बम्हनी के प्रथम दिवस के उद्घाटन कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक शैलेन्द्र कुमार वर्मा, प्रवीण सिंह पैकरा, अतिथि व्याख्याता उमेश कुमार श्रीवास, डॉ. नोहर सिंह डहरिया, छत्रपाल राठी, शुभम भारद्वाज पुष्पा वर्मा, भूमिका साहू, शशि जलक्षत्री तथा भूतपूर्व स्वयं सेवक टुकेश साहू, कुनाल सेन, रोहित साहू, शिवा कन्नौजे, दीपक साहू, बसंत साहू, उल्लास वर्मा, चित्रगुप्त साहू, डिगेश्वरी सेन, हेलिश घृतलहरे, मीनू बघेल, तनु कौशिक, दामिनी वर्मा, गोमती साहू, वर्तमान स्वयंसेवकों को अलग-अलग समूह में विभाजित किया गया है, समूह का नाम पूर्व में आयोजित शिविर ग्राम का नाम दिया गया है, शिविर में शिविर नायक सत्यप्रकाश कुर्रे और शिविर नायिका कोमिन साहू को बनाया गया है, प्रथम समूह कौड़िया सम्मिलित स्वयंसेवक दीपेश कुमार देवांगन (ग्रुप लीडर), वंदना निषाद, गुलशन साहू, देवराज वर्मा, टिकेश्वरी टंडन, लेखनी साहू, चेतना यदु, कंचन मनहरे, द्वितीय समूह गिर्रा लक्ष्मी वैष्णव (ग्रुप लीडर), दुर्गेश्वरी चंद्राकर, कांक्षा निराला, आंचल वर्मा, हिमांशी साहू, पुष्पांजलि मनहरे, सतीश घृतलहरे, चंदन वर्मा, समूह तृतीय कुसमी दीपिका पटेल (ग्रुप लीडर), छबि प्रजापति, आकाश फेकर, सकून साहू, गायत्री वर्मा, अनीता चतुर्वेदी, पूनम फेकर, चितेश्वर साहू। समूह चतुर्थ कूंची साहिल बंजारे (ग्रुप लीडर), इशू निषाद, देवेंद्र साहू, अंजू निषाद, टेशू चंद्राकर, पुष्पा फेकर, कुसुम साहू, तामेश्वर पटेल। समूह पंचम बम्हनी दुर्गा निषाद(ग्रुप लीडर), दीपक निषाद, निशा घृतलहरे, हेमपुष्पा साहू, प्रीति यादव, संजना ध्रुव, रविन्द्र पटेल, देवा वर्मा। षष्ठम समूह वटगन क्षमा चंद्राकर (ग्रुप लीडर), कमलेश चक्रधारी, नेहा बघेल, भूमि चंद्राकर, सुमन ध्रुव, वंदना घृतलहरे, सुखसागर साहू, सिलवंत साहू। एवं पायलट समूह नीलम फेकर (ग्रुप लीडर), टोकेश्वर देवदास, रेणुका साहू, रीना वर्मा, निशा चंद्राकर, लक्ष्मी चंद्राकर, जागृति साहू, भूमिका यादव, मानस गोस्वामी, पूजा कन्नौजे थे।

## दो दिवसीय नसों की समस्या का विशाल स्वास्थ्य शिविर 26 से

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



शहर के दादू मंदिर गोशाला पीछे में नस संबंधित विभिन्न समस्याओं के लिए व समाज के लोगों को स्वास्थ्य संबंधित राहत देने के पवित्र उद्देश्य से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आगामी 26 व 27 नवंबर को किया जा रहा है। वहीं 26 नवंबर को दोपहर 12.15 से रात्रि 9 बजे तक स्थानीय लोगों के लिए होगा। और स्थानीय व बाहर से आए मरीजों की जांच आगामी 27 नवंबर को सुबह 10.15 से दोपहर 2 बजे तक जांच की जाएगी।

### नामचीन चिकित्सक करेंगे जांच

बेहद मिलनसार व्यक्तित्व के धनी मृदुभाषी नरेंद्र रतेरिया ने बताया कि यह स्वास्थ्य शिविर पूज्य पिताजी दीनदयाल की प्रेरणा से किया जा रहा है। वहीं इस शिविर में प्राचीन वैदिक पद्धति से शरीर के नसों की विभिन्न समस्याओं का उपचार किया जाएगा। शिविर में जबलपुर निरोगा धाम के सुप्रसिद्ध नसों के चिकित्सक शिरकत करेंगे जो नसों, घुटने, कमर पीठ व गठिया रोग व अन्य समस्याओं में बड़ों व छोटे बच्चों का जांच उपचार कर समाज के लोगों की सेवा में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे।

### इन समस्याओं की होगी जांच

रतेरिया ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में गठिया, आर्थोराइट्स, लिंगामेंट इंजुरी, ऑस्टियोपोरोसिस, जबड़ों का ना खुल पाना, नसो का दब जाना, पुरानी चोट, रीढ़ की हड्डी का तिरछा होना, स्लिप डिस्क पैरों में भारीपन, झुनझुनी, साइटिका, कंधा, कूल्हे का दर्द, हर्पिस के बाद नसों का दर्द, स्तनों में गांठ व शरीर के अन्य हिस्सों में गांठ सहित अनेक समस्याएं इसी तरह बच्चों में मानसिक एवं शारीरिक कमजोरी, एडी उठाकर चलना, हाथ पैरों का तिरछापन, कम सुनना, कम देखना, विलंब शारीरिक विकास, सेरेबल पॉल्सी, स्पीच प्रॉब्लम, अधिक लार का गिरना, अति चंचलता, जोड़ो का खिसक जाना सहित अनेक समस्याओं का जांच व उपचार विशेषज्ञ चिकित्सक वैदिक पद्धति से करेंगे। वहीं शहर के सभी स्वजनों से प्रार्थना है कि वे अपने परिवार व सभी स्नेहीजनों को जो नसों की बीमारी से ग्रसित हों उन्हें भी सूचित करें ताकि उन्हें भी स्वास्थ्य लाभ मिले।

## संस्कार सेंट्रल स्कूल, जैजैपुर में विज्ञान प्रदर्शनी का सफल आयोजन, यन्त्रा रोबोट ने किया सबको प्रभावित

जैजैपुर। संस्कार सेंट्रल स्कूल, जैजैपुर द्वारा आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और विज्ञान के प्रति रुचि को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शैल कुमार पांडे, शहानी (प्राचार्य संस्कार स्कूल) और संस्कार ग्रुप ऑफ स्कूल्स के निदेशक के आर चंद्रा सहित अनेक सम्मानित अतिथि और अभिभावक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण किया, उनसे प्रश्न पूछे और उनके प्रयासों की सराहना की। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत प्रोजेक्ट्स में पर्यावरण संरक्षण, नवाचार और विज्ञान की विभिन्न शाखाओं पर आधारित परियोजनाओं को विशेष रूप से सराहा गया। प्रदर्शनी ने बच्चों को अपने विचारों को सृजनात्मक तरीके से प्रस्तुत करने का अवसर दिया। मुख्य अतिथियों ने बच्चों के ज्ञान और रचनात्मकता की भूरि-भूरि प्रशंसा की। संस्कार सेंट्रल स्कूल, जैजैपुर ने इस प्रदर्शनी के माध्यम से यह साबित किया कि वह न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता में अग्रणी है, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। यह आयोजन छात्रों के भविष्य निर्माण में एक मील का पत्थर साबित होगा। विद्यालय की प्रबंधन समिति ने भी इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में टीमवर्क, आत्मविश्वास और विज्ञान के प्रति जिज्ञासा जैसे गुणों को विकसित करने में मदद की। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजन नियमित रूप से किए जाएंगे ताकि विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं को निखारने और अपने सपनों को साकार करने के अवसर मिलें। यह प्रदर्शनी न केवल विद्यार्थियों के लिए, बल्कि उनके अभिभावकों और पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक रही। संस्कार सेंट्रल स्कूल इस प्रकार की पहल करके शिक्षा के क्षेत्र में एक नई दिशा देने का प्रयास कर रहा है।

## पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में विज्ञान ज्योति कार्यक्रम रहा आयोजित



पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के नगर पंचायत लवन में स्थित पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में विज्ञान ज्योति कैंप का 20 नवंबर को शुभारंभ हुआ। बुधवार सुबह करीब 9:00 बजे भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र मुंबई के वैज्ञानिक डॉक्टर आमोद मिश्रा और देवेंद्र भाले ने विद्यार्थियों को होमी जहांगीर भाभा द्वारा किए गए कार्यों को एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई। इसके आधार पर एक प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छठवीं से लेकर 12वीं कक्षा तक सभी विद्यार्थी हिस्सा लिए। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में सही जवाब देने वालों विद्यार्थियों को पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में वैज्ञानिकों ने हमारे पर्यावरण पर होने वाले दुष्प्रभावों के कारण नए विकल्प स्रोतों पर ऊर्जा के उपाय विकसित करने की बात कही। इससे पृथ्वी पर होने वाले गंभीर मौसम परिवर्तन और परिणाम से बचा जा सके। विज्ञान के विभिन्न कैरियर आयाम के बारे में विद्यार्थियों को बताया गया। इस दौरान वैज्ञानिकों ने छात्र-छात्राओं को विज्ञान से जुड़ी जिज्ञासाओं को समाधान दूर करते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण से पर्यावरण को किस प्रकार बचाने में सहायता और पर्यावरण सुरक्षा के लिए हमारे योगदान के बारे में चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन जीव विज्ञान शिक्षिका मंदोदरी सेठ ने किया। प्राचार्य बी. गिरिजा, जी.पी साहू, एसके पांडे, ग्रंथपाल राजेंद्र सिक्का, दीपक राठौड़, नवनीत पटेल, कृष्ण कुमार, राकेश सिंह, वर्षा मोहन, ममता प्रशांत गायकवाड, ज्ञान प्रकाश, अरुप कुमार दास, राघवेंद्र सोनार सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।


## 192 हितग्राहियों को प्राप्त हुई व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय निर्माण की स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ◄ अंबिकापुर
www.dailypioneer.com

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री विजय शर्मा ने समुदाय में स्वच्छता के प्रति व्यवहार परिवर्तन एवं जनप्रतिनिधियों से सहभागिता सुनिश्चित किए जाने हेतु अपील की, इसके साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत में अपशिष्ट संग्रहण एवं पृथक्क रण घरेलू गंदे पानी के उचित प्रबंधन हेतु भी विचार साझा किया। स्वच्छता व्यक्तिगत व्यवहार परिवर्तन का अहम हिस्सा है जिससे समाज, गांव और प्रदेश की तस्वीर बदलेगी। विदित हो कि प्रतिवर्ष 19 नवम्बर को विश्व शौचालय दिवस मनाया जाता है इसके विस्तार हेतु 19 नवम्बर से 10 दिसंबर तक अभियान के रूप में चलाया जाएगा। जिसमें 14 से 18 नवंबर तक अक्रियाशील शौचालय का चिन्हांकन कर 19 नवम्बर को विश्व शौचालय दिवस का शुभारंभ एवं 19 नवम्बर से 5 दिसंबर तक 3 आर मतलब रिपेयर, रिस्टोर, रिफाइन पर केंद्रित कर व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालय का सौंदर्यीकरण एवं उपयोगिता सुनिश्चित करना। 5 दिसंबर से 9 दिसंबर तक जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सामुदायिक जागरूकता और हितग्राहियों की सुरुचि से अभियान अंतर्गत हमारा शौचालय हमारा सम्मान थीम पर प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष राजकुमारी बैगा, उपाध्यक्ष दुर्गाशंकर मिश्रा, जनपद सीईओ प्रीतेश सिंह राजपूत, वैशाली सिंह, बिनोदकुमार जायसवाल, जिला समन्वयक राजेश जैन, प्रभा पयासी, सुभाष परस्ते, नेहा सिंह के साथ सरपंच, सचिव सहित स्वच्छाग्रहियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## बेसहारा वृद्ध जनक को वृद्धाश्रम बांकीटोली में मिला आश्रय

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जिले के बेसहारा जिना कोई घर द्वार नहीं है, ऐसे वृद्धजनों का भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। जशपुर में समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान के द्वारा जनक वृद्धाश्रम बांकीटोली जशपुर में संचालित किया जा रहा है। कार्यरत् सामाजिक कार्यकर्ता कु.जमनी यादव फिल्ड के माध्यम से ग्राम बड़ाटेम्पू मनोरा में निवासरत् बेसहारा वृद्ध फौदा मिंज उम्र 65 वर्ष को इस कड़ाके की ठण्ड में बाहर निवास कर रहे थे। जिसे जिले में संचालित वृद्धाश्रम उचित देखभाल संरक्षण के लिए वृद्धाश्रम में संरक्षण प्रदान किया गया है।

# प्यार के लिए तकरार और फिर हत्या... साल्हेवारा इलाके में युवक ने चाकू से गोद डाला, शव सड़क पर रखकर ग्रामीणों ने पूरी रात काट दी

- एकतरफा प्रेम के चलते शुरु हुआ था विवाद, पुलिस ने कातिल को गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < खैरागढ़
www.dailypioneer.com



केसीजी जिले के साल्हेवारा इलाके में प्यार पर शुरु हुई तकरार खूनी वारदात में बदल गई। खादी गांव में शनिवार की रात चाकूबाजी की घटना में एक 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरु कर दी थी, लेकिन इसके बाद भी आक्रोशित ग्रामीणों ने पूरी रात प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने मृतक के शव को घटना स्थल पर ही रखकर रात भर प्रदर्शन करते हुए आरोपी को सामने लाने की मांग की।

मिली जानकारी के मुताबिक, पूरा मामला एकतरफा प्रेम से जुड़ा है। दोनों युवकों को एक ही युवती से एक तरफा प्यार था, जिसे लेकर यह घटना हुई। शनिवार रात मृतक धीरज यादव (20 वर्ष) ने आरोपी सीताराम पटेल (19 वर्ष) से मिलकर उसे युवती से छेड़छाड़ करने मना किया तो दोनों के बीच बहस हो गई। विवाद बढ़ने पर आरोपी सीताराम पटेल ने धीरज पर चाकू गोद कर उसकी हत्या कर दी।

इस वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई और देखते ही देखते सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण सड़क पर आ गए और पूरे गांव में तनाव का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। लेकिन इस घटना को लेकर गुस्साए ग्रामीणों ने मृतक के शरीर को मौके पर रख कर रात भर प्रदर्शन किया। दरअसल, आक्रोशित ग्रामीण युवक के हत्यारे को गांव में लाने के लिए पुलिस पर दबाव बना रही थी। गरमाते माहौल को देखते हुए साल्हेवारा पुलिस ने बकरकट्टा और गंडई थाने से पुलिस बल बुलाया और मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों के हाई वोल्टेज ड्रामे के बीच शव का पंचनामा किया और ग्रामीणों को समझा बुझाकर मामला को शांत कराया गया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी सीताराम पटेल को गिरफ्तार कर लिया है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

इधर, केसीजी जिले के ही ग्राम भरदाकला में 5 साल के मासूम की बांध में डूबने से मौत हो गई। बालक अपने दादा को ढूंढते हुए बांध की ओर गया था। लेकिन वह देर शाम तक नहीं लौटा तो परिजनों ने उसे तलाशना शुरु किया। बांध के गेट के पास मासूम का शव मिला है। घटना शनिवार शाम 5 बजे की है। 5 वर्षीय जतिन अपने बड़े भाई 8 वर्षीय बिट्टू के साथ दादा को ढूंढते हुए बांध की ओर गया था। बताया जा रहा है कि, बांध के करीब ही उनका खेत हैं। बिट्टू के घर लौट आने के बाद भी जतिन का कुछ पता नहीं चला। इसके बाद परिजन और ग्रामीण जतिन को ढूंढते हुए बांध की ओर पहुंचे, तभी गेट के पास रात करीब 9 बजे जतिन का शव देखा गया। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि बालक शौच के लिए बांध के किनारे पर उतरा और तभी फिसलने से वह पानी में गिर गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। खैरागढ़ पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# किशोरी-बालिकाओं से जुड़ी परेशानियों को दूर करने शिविर संपन्न




पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम माटेकसा में स्वास्थ्य स्वच्छता समिति द्वारा किशोरी बालिकाओं से जुड़ी परेशानियों को दूर करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। यहां आयोजित इस शिविर में छोटे-छोटे उपाय से एनीमिया मुक्ति में बड़ा सहयोग हो, इस विषय पर किशोरी बालिकाओं से विस्तृत चर्चा की गई। नियमित व्यायाम, योग, पैदल चलना, भरपूर निंद्रा, स्वस्थ मनोरंजन, मौसमी फल, साग सब्जी, नियमित स्वाध्याय, सामूहिक अध्ययन एवं विकृत मानसिकता से दूर रहने का उपाय बताया गया। कुपोषण से सुपोषण की ओर आगे बढ़ाने के लिए तिरंगा युक्त भोजन करने का सुझाव दिया गया। शिविर में सहायक जिला नोडल मितानिन अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर में 104 हितग्राहियों का पंजीयन हुआ, जिसमें सर्दी बुखार के 12, पेट दर्द के एक त्वचा रोग से संबंधित 4, मोतियाबिंद के 3, मलेरिया की स्लाइड 45 एवं कुष्ठ जांच 45, बीपी एवं शुगर के 71, हीमोग्लोबिन 14 एवं टीवी के दो संभावित मरीज पाए गए। डीपीएम संदीप ताम्रकार के सुझाव से स्वास्थ्य शिविर में शरीर की सुरक्षा प्रणाली को मजबूत करने का सलाह दी गई।

# ऑपरेशन मुस्कान... पखवाड़े भर के भीतर 50 को ढूंढ लाई पुलिस

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

आपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव द्वारा 4 जिलों में ऑपरेशन मुस्कान चलाकर 20 दिन में 50 गुम बालक-बालिकाओं को बरामद किया गया। गुम बच्चों को ढूंढकर उनके परिजनों को सौंपा गया। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज दीपक झा द्वारा राजनांदगांव रेंज के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को गुम बालक-बालिकाओं की बरामदगी के लिए निर्देश दिया गया था। जिसके परिपालन में पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव, कबीरधाम, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीता वाधवानी के पर्यवेक्षण में चारो जिला में एक साथ विशेष टीम बनाकर 01 से 20 नवंबर तक विशेष अभियान आपरेशन मुस्कान के तहत गुम बालक-बालिकाओं की पतासाजी कर विभिन्न शहरों मुम्बई, पुणे, नागपुर, माल्दा, श्रीनगर, हैदराबाद, अहमदनगर, तेलंगाना एवं अन्य शहरों से गुम बालक-बालिकाओं को बरामद किया गया। उक्त आपरेशन में जिला राजनांदगांव से 26, कबीरधाम से 7, मोहला-मानपुर-अं. चौकी से 2 एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई से 15 गुम बालक-बालिकाओं को इस प्रकार 20 दिन में 50 गुम बालक-बालिकाओं को बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। तत्पश्चात उनके परिजनों के उदास चेहरों में मुस्कान लौटी है।

# अधिकारीगण योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करें, जिससे जिला एक नए स्वरूप को प्राप्त कर सके : संतोष पाण्डेय

पायनियर संवाददाता < मोहला
www.dailypioneer.com



सांसद संतोष पाण्डेय ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक लेकर केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की गहन समीक्षा की। सांसद पाण्डेय ने कहा कि जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी नवीन जिला है। उन्होंने सभी जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभागीय योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करने के साथ ही क्षेत्र की जनता की समस्याओं से भी रूबरू होवे। समय-समय पर क्षेत्र भ्रमण करने एवं जनहित एवं जन सरोकारों से जुड़े हुए कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं।

जिला विकास एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक में विभागीय अधिकारियों ने अपने विभाग में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रगति की जानकारी सांसद पाण्डेय के समक्ष रखा। समीक्षा के दौरान जहां कमियां दिखी वहां इन कमियों को दूर कर बेहतर क्रियान्वयन करने के साथ ही अधिक से अधिक परिणाम लाभ लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में मनरेगा के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक मानव दिवस सृजन करते हुए अधिक संख्या में ग्रामीणजनों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंजीकृत परिवार एवं हितग्राहियों का मजदूरी भुगतान के कार्य को प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए हैं। सांसद पाण्डेय ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि यह योजना भारत के सर्वश्रेष्ठ योजनाओं में से एक है। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी नए शासकीय भवनों आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूल भवनों में रनिंग वाटर के साथ ही शौचालय का निर्माण कराएं। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें।

जिला कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने कहा की लगातार क्षेत्र भ्रमण कर क्षेत्र की समस्या से रूबरू हो रही है। क्षेत्र की जनता और जनप्रतिनिधियों से भेंट कर जिले के विकास के लिए कार्य योजना बनाने की दिशा में अधिकारियों के साथ वृहद कार्ययोजना तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैठक में हुई चर्चा में जो समस्याएं आई है।

# अवैध बोर्ड-होर्डिंग्स हटाए, 200 अवैध विज्ञापन पर कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नगर निगम की टीम ने शहर के अंदर मुख्य मार्गो के विद्युत पोलों एवं अन्य जगह लगे लगभग 200 अवैध विज्ञापन बोर्ड को हटाने की कार्रवाई की। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि नगर निगम सीमा क्षेत्रांतर्गत कतिपय विज्ञापन एजेंसियों/ संस्थानों/ व्यक्तियों द्वारा प्रायः इस निकाय के बिना पूर्वानुमति एवं स्वीकृति के विज्ञापन हेतु बोर्ड/निजी भवनों के दीवार एवं छत पर होर्डिंग्स बोर्ड, विद्युत पालों में छोटे-बड़े बैनर-पोस्टर एवं सार्वजनिक शौचालय व फ्लाई ओवर के पिल्लहरों में अन्य प्रकार का विज्ञापन लगाया जाता है और कई लोगों द्वारा लगाया भी गया है, जो छग विज्ञापन पंजीयन एवं विनियमन उपविधि 2012 की कंडिका 9 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। छग नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 248 एवं 434 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है।

# अतिरिक्त सचिव ने बिहान के कार्यों का किया अवलोकन

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

अतिरिक्त सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार चरणजीत सिंह ने आज जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान मिशन संचालक जयश्री जैन, अतिरिक्त मिशन संचालक झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह, सीईओ एलिस लकरा, प्रशासनिक अधिकारी जायसवाल, एसपीएम राजन सोनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अतिरिक्त सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार चरणजीत सिंह ने जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत अंजोरा में 75 महिला स्वसहायता समूह सदस्यों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों गुरूचन्दन, गोपीचंदन, रोली कुमकुम जैसे अन्य उत्पादों को अवलोकन किया तथा समूह के सदस्यों एवं संकुल संगठन से आय-व्यय व सदस्यों को हो रहे लाभ के संबंध में चर्चा की। इस दौरान 15 दिसम्बर तक कार्य पूर्ण करते हुए खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के साथ-साथ राजनांदगांव जिले को भी शामिल करने के संबंध में चर्चा की। इस दौरान किसानों को कीट नाशक छिड़काव हेतु ड्रोन दीदी द्वारा बताया गया। अतिरिक्त सचिव सिंह ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

# विक्रांत के प्रभार वाले भोकर सीट में भाजपा जीती

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के नतीजे से भाजपा को बड़ी जीत मिली है, वहीं छत्तीसगढ़ भाजपा संगठन नेतृत्व के निर्देशानुसार यहां से भाजपा नेताओं को महाराष्ट्र राज्य के विधानसभा क्षेत्रों में प्रभारी बनाकर भेजा गया था। ज्ञात हो कि महाराष्ट्र के पूर्व सीएम अशोक चौहान की पुत्री जया अशोक चौहान को नांदेड़ जिले के तहत भोकर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा ने मैदान में उतारा था। जिसमें राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह को भोकर विधानसभा की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जहां विक्रांत सिंह ने दिन-रात मेहनत करके हर बूथ में बैठक लेकर कार्यकर्ताओं से सतत विचार-विमर्श कर चुनावी कमान संभालने में कामयाब हुए। साथ ही भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने लगातार जनता से संपर्क बनाने में कामयाब रहे। जिसका परिणाम अब सामने है। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह पार्टी द्वारा दिए गए निर्णय में सफलतापूर्ण कार्य करते भाजपा को बड़ी लीड दिलाने में कामयाब रहे। वहीं दूसरी ओर महाराष्ट्र में भोकर विधानसभा हाईप्रोफाइल सीट पर सबकी निगाहें टिकी हुई थी। जिसमें भाजपा को जबर्दस्त लीड मिलने से छत्तीसगढ़ भाजपा संगठन में विक्रांत सिंह का कद बढ़ा हुआ देखा जा रहा है। साथ ही केसीजी जिले सहित उनके शुभचिंतकों ने महाराष्ट्र के भोकर विधानसभा क्षेत्र में बड़ी जीत दिलाने पर सिंह को बधाई प्रेषित किया है।

## एनसीसी दिवस पर स्टेट स्कूल में छद्म युद्ध का प्रदर्शन

# कैडेट्स ने मोर्चा लिया... विस्फोट हुआ, गोलियां चली और दुश्मन पर जीत का झंडा गाड़ा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नेशनल कैडेट कॉर्प्स (एनसीसी) के 76वें स्थापना दिवस पर स्थानीय स्टेट स्कूल में छद्म युद्ध में दुश्मनों से लडने् का हौसला दिखा, वहीं युद्ध जैसा नजारा देखकर लोग रोमांचित हुए। रविवार को एनसीसी कैडेटों ने पटाखों के बीच छद्म युद्ध अभ्यास का प्रदर्शन किया। दो देश के जवान आपस में युद्ध करते नजर आए। एनसीसी कैडेट करीब सप्ताहभर से इसकी तैयारी में जुटे रहे।

स्थानीय स्टेट स्कूल में आयोजित 76वां एनसीसी दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसपी मोहित गर्ग शामिल हुए। इस अवसर पर चंद्रकांत चंद्राकर सेकंड आफिसर नेवल एनसीसी, सुनील भागवत, जीडी वैष्णव, भूपेंद्र जोगी, शिव वर्मा, नायर, सुजात चंद, कैडेट क्लब से अमित चंद्रवंशी, आदित्य श्रीवास्तव, शरीफ अहमद, संदीप जायसवाल, आशीष डोंगरे, राहुल देवांगन व किशोर देशमुख शामिल थे। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्टेट स्कूल में नवंबर माह के अंतिम रविवार को एनसीसी दिवस मनाया गया। समारोह अवसर पर सुबह 9 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर ध्वजारोहण, परेड निरीक्षण, मार्चपास्ट, एनसीसी शपथ, संदेश वाचन एवं वार्षिक प्रतिवेदन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन दिए। इसके अलावा विभिन्न प्रतियोगिताएं, सेक्शन अटैक प्रदर्शन, पुरस्कार वितरण, आभार प्रदर्शन एवं एनसीसी गान की प्रस्तुति भी हुई। अफसरों का मानना है कि एनसीसी देश की सुरक्षा में तैनात सेना और दूसरे सुरक्षा दस्तों की एक पहली कड़ी है, यानी एनसीसी कैडेट एक तरह से स्कूलों और कॉलेज में ही देश की रक्षा के महत्व से जुड़े शिक्षा हासिल करते हैं। इससे पहले स्थानीय हाईस्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। एनसीसी-डे के अवसर पर उत्कृष्ठ कैडेटों को अतिथियों के हाथों से सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी अधिकारी समेत अन्य लोग समेत बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट भी शामिल थे।



## क्वीक न्यूज

### कल छुरिया में मनाया जाएगा संविधान दिवस

**छुरिया।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामुदायिक भवन छुरिया में सर्व आदिवासी समाज एवं ब्लाक बौद्ध समाज छुरिया के पदाधिकारियों का संयुक्त रूप से बैठक सम्पन्न हुई। 26 नवम्बर को प्रातः 11:00बजे से ब्लाक मुख्यालय छुरिया में स्थित अंबेडकर भवन में भारतीय संविधान दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। संविधान दिवस कार्यक्रम में भारतीय संविधान पर गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा तथा उपस्थिति के अनुसार रैली का आयोजन किया जाएगा। बैठक में सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग के जिला अध्यक्ष नंदकुमार गोंड़िया, सर्व आदिवासी समाज के ब्लाक अध्यक्ष पवन चंद्रवंशी, बौद्ध समाज के ब्लाक अध्यक्ष बीरसिंग टेमरे सहित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे। बैठक का संचालन बौद्ध समाज के ब्लाक सचिव उदल सहारे ने किया ।

### विकासखंडों के लिए विकास कार्यों की स्वीकृति

**राजनांदगांव।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों के लिए 7 लाख 80 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। इसके अंतर्गत ग्राम मौहाभांठा में रंगमंच निर्माण कार्य हेतु 1 लाख 30 हजार रूपए एवं सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 6 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। छुरिया विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों के लिए 15 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। इसके अंतर्गत ग्राम पण्डरापानी, गहिराभेड़ी तथा पण्डरीपथरा में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 5-5 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की है।

### राज्य शासन ने जारी किया आदेश

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य शासन ने राजनांदगांव जिला न्यायालय में आधा दर्जन शासकीय अभिभाषकों की नियुक्ति कर दिए हैं। इस आशय के आदेश जारी कर दिए गए हैं। शासन ने वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश कुमार मिश्रा को शासकीय अभिभाषक एवं लोक अभियोजक की नियुक्ति की गई। अधिवक्ता राजेश खांडेकर एवं अधिवक्ता विनोद बाजपेयी को अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक एवं लोक अभियोजक नियुक्त किया गया तथा अधिवक्ता गंगादास वैष्णव को विशेष लोक अभियोजक एक्ट्रोसिटी, अधिवक्ता अरूण कुमार गुप्ता को विशेष लोक अभियोजक को फास्ट ट्रेक कोर्ट, अधिवक्ता महेश वर्मा को विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस, अधिवक्ता संतोष रजक को विशेष लोक अभियोजक पीसी एक्ट तथा अधिवक्ता प्रिया कांकरिया को विशेष लोक अभियोजक पाक्सो फास्ट ट्रेक स्पेशल कोर्ट में नियुक्त किया गया है, जो कि पूर्व में शासकीय अभिभाषको का स्थान लेंगे। समस्त नवनियुक्त शासकीय अधिवक्ताओं ने जिलाधीश के समक्ष कार्यकाल ग्रहण किया।

### दुष्कर्म के आरोपी को सश्रम कारावास

**राजनांदगांव।** घर पर सो रही 68 साल की वृद्धा से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को कोर्ट ने दस-दस साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायालय एट्रोसिटी एक्ट के न्यायाधीश थामस एक्का ने उक्त फैसला सुनाया है। लोक अभियोजक विकास शुक्ला ने बताया कि मामला डोंगरगांव थाना क्षेत्र का है। वृद्धा अपने घर में रात में सो रही थी, तभी 27 वर्षीय टेमन साहू उसके घर में घुस गया। आरोपी ने वृद्धा से मारपीट करते हुए दुष्कर्म भी किया। सुबह पीड़िता ने मामले की जानकारी आसपास के लोगों को दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया था। सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी को 10-10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

# खेल स्पर्धा का उद्देश्य है विद्युतकर्मियों में टीम भावना का विकास : कटियार

## ओलंपियन दानिश मुजतबा का किया गया सम्मान

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



46वीं अखिल भारतीय विद्युत लॉन टेनिस स्पर्धा का आगाज छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के प्रबंध निदेशकगण एसके कटियार और राजेश कुमार शुक्ला ने टेनिस कोर्ट में खेलकर किया। मुख्य अतिथि कटियार ने कहा कि नौ राज्यों से आई विद्युत कंपनियों की टीमें अपने साथ भाईचारे का संदेश लेकर आई हैं, हर स्पर्धा में खिलाड़ियों में टीम भावना का गुण सर्वोपरि होता है, इसी टीम भावना को बढ़ाना इस अखिल भारतीय आयोजन का उद्देश्य है। कटियार ने कहा कि ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड ने कोरोना के पांच साल बाद 46वीं अखिल भारतीय लान टेनिस स्पर्धा के आयोजन का निर्णय लिया है। जिसकी मेजबानी छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद को दिया जाना हमारे लिये गौरव का विषय है। उन्होंने राजधानी के छछानपैरी जैसे ग्रामीण क्षेत्र में एपीसेम एकेडमी व्दारा लॉन टेनिस कोर्ट विकसित किये जाने की सराहना की, इसी कोर्ट में सभी मैच खेल जा रहे हैं। स्पर्धा के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार थे। अध्यक्षता ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने की। विशेष अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेशक गण जेएस नेताम, एसके मनोठिया एवं एमएस चौहान उपस्थित थे। एमडी शुक्ला ने कहा कि अखिल भारतीय स्तर के आयोजन से यहां के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर का खेल देखने को मिलेगा। साथ ही दूसरे राज्यों के आये विद्युतकर्मियों के साथ उनकी कार्यशैली और संस्कृति सीखने-जानने का अवसर मिलेगा। उन्होंने सभी टीमों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिये शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर ओलंपियन दानिश मुजतबा को सम्मानित किया गया, वे उत्तरप्रदेश पॉवर कार्पोरेशन लिमिटेड में खेल अधिकारी व मैनेजर के बतौर इस स्पर्धा में शामिल हो रहे हैं। पहले दिन टीम इवेंट व सिंगल के कई राउंड में मैच हुए। जिसमें खिलाड़ियों ने पूरे दमखम के साथ खेल का प्रदर्शन किया। केरल और कर्नाटक के बीच हुए मुकाबले में केरल विजेता रही है। छत्तीसगढ़ और कोलकाता के बूच हुए मैच में छत्तीसगढ़ ने जीत दर्ज की। सेमीफाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ और केरल के बीच मुकाबला हुआ है, जिसमें केरल फाइनल में पहुंच गई। वहीं आंध्रप्रदेश और असम के बीच हुए मुकाबले में असम विजयी रही। तेलंगाना और उत्तरप्रदेश के बीच हुए मुकाबले में उत्तरप्रदेश ने जीत दर्ज की। असम और उत्तरप्रदेश राज्य विद्युत मंडल की टीम कल सेमीफाइनल खेलेगी। समापन समारोह आज दोपहर 2.30 बजे होगा, जिसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव होंगे। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में प्रबंध निदेशकगण राजेश कुमार शुक्ला एवं भीमसिंह कंवर उपस्थित रहेंगे। इस स्पर्धा में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ सहित आंध्रप्रदेश, असम, कर्नाकट, उत्तरप्रदेश, तमिलनाडू, केरल, कोलकाता, तेलंगाना राज्य से विद्युत कंपनियों की टीमें आई हैं। उद्घाटन समारोह का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) उमेश कुमार मिश्र ने किया।

# विधायक मोतीलाल साहू ने बोरियाखुर्द रायपुर में 21 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के लिये किया भूमि पूजन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में 29 नवम्बर से 01 दिसम्बर तक बोरियाखुर्द रायपुर के खेल मैदान में आयोजित 21 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं निःशुल्क संस्कार महोत्सव के लिये भूमिपूजन व ध्वजपूजन रविवार 24 नवम्बर को रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू द्वारा गायत्री परिवार के प्रतिनिधी दिलीप पाणिग्रही, श्याम बैस, सदाशिव हथमल, लच्छुराम निषाद, कार्यक्रम संयोजक मोहनलाल साहू, आयोजक ऋषि साहू के साथ विधि विधान व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। यज्ञाचार्य ने बताया कि भूमि का अच्छे व बुरे संस्कार मनुष्य के जीवन को प्रभावित करते हैं। यज्ञ में पुंसवन, नामकरण, अन्नप्राशन, मुंडन, कर्णछेदन, विद्यारंभ, दीक्षा, यज्ञोपवीत, विवाह, जन्मदिवस, विवाह दिवस इत्यादि विविध संस्कार निःशुल्क संपन्न होंगे। रायपुर ग्रामीण के विधायक साहू ने कहा कि गायत्री मंत्र से मनुष्य में सद्बुद्धि का विकास और यज्ञ से वातावरण का परिशोधन व मानव मात्र का कल्याण होता है। गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के द्वारा चलाये गये सप्तसूत्रीय आंदोलन से आज जन-जन प्रभावित है। उनके विचारों पर चलने से मानव में देवत्व का उदय-धरती पर स्वर्ग का अवतरण तथा युग निर्माण अवश्य होगा। गायत्री परिवार आज हर जगह सामाजिक समरसता का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के संयोजक मोहनलाल साहू व आयोजन मण्डल से ऋषि साहू ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम दिवस 29 नवम्बर को दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे के मध्य सद्गुरुज्ञान गंगा शोभा यात्रा एवं भव्य गंगाजल कलश यात्रा, कलश स्थापना, आद्य शक्ति, युग शक्ति पर संगीत व प्रवचन, प्रसाद वितरण होगा। द्वितीय दिवस 30 नवम्बर को प्रातः 8 बजे दोपहर 2 बजे तक देव पूजन, यज्ञ का ज्ञान-विज्ञान संदेश, गायत्री महायज्ञ एवं विविध संस्कारो का निःशुल्क आयोजन तथा शाम 4 बजे शाम 6 बजे तक संगठनात्मक कार्यकर्ता गोष्ठी, नारी शक्ति सम्मेलन, गीत-संगीत, प्रज्ञा प्रवचन, नारी सशक्तिकरण पर विशेष उद्बोधन, राष्ट्र जागरण, दीप महायज्ञ होगा।

# आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है हमारी सरकार : विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

गढ़फुलझर में आदिवासी समाज की बैठक में विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने अंगवस्त्र से विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल का सम्मान किया। विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने आदिवासी समाज को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी भाईयों और आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए छत्तीसगढ़ की हमारी भाजपा सरकार प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार छत्तीसगढ़ के विकास के लिए हमने बनाया है हम ही संवारेगें की दिशा में कार्य कर रही है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, भाजपा नेता रामचंद्र अग्रवाल, सोनू श्रीवास्तव, विधायक प्रतिनिधि व महामंत्री अभिमन्यु जायसवाल, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, सुवर्धन प्रधान, एन एल भोई सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## परिवार व्यवस्था दुनिया के लिए प्रेरणादायी



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बसना खण्ड के द्वारा आयोजित परिवार सम्मेलन कार्यक्रम गढफुलझर के रामचण्डी मंदिर परिसर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। सर्वप्रथम उन्होंने श्री श्री श्री रणेश्वर रामचण्डी माता की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली की कामना किए तथा सम्मेलन में शामिल होकर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की सनातन परंपरा में परिवार व्यवस्था दुनिया के लिए प्रेरणादायी रहा है। जिसमें सृष्टि के सभी प्राणियों, नदियों, पर्वतों आदि का ध्यान स्वाभाविक रखा जाता है। उन्होंने कहा कि भारत ही एक ऐसा देश है जिसे हम मां कहकर पुकारते हैं। इन बातों का ज्ञान हमें हमारा सनातन शास्त्र कराता है। सभी श्रेष्ठ संस्कारों की प्राप्ति का स्थान परिवार ही होता है।

# मुलायम सिंह यादव की जयंती पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन कुमार गुप्ता ने फल वितरण किया



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव की जयंती पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन कुमार गुप्ता ने प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ नेता जी की जयंती मनाया। और उसके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। एवं अस्पतालों, वृद्धा आश्रम एवं विद्यालयों में फल वितरण का आयोजन किया गया। और साथ ही, समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा छत्तीसगढ़ के अलग-अलग विधानसभा एवं जिला मुख्यालय में और अनेकों स्थानों पर श्रद्धेय नेताजी की जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश प्रवक्ता डॉ. पुरूषोत्तम सोनवानी, प्रदेश महासचिव मनीष श्रीवास्तव, मनोहर लाल साहू, प्रकाश जोशी, कुनाल गुप्ता, जयंत अग्रवाल, पवन सिंह ठाकुर, अमित खुटे, पन्ना आडिल, मनोज राजपूत प्रमुख रूप से शामिल हुए, एवं नेताजी के सपने को सदैव जागृत रखने हेतु, और नेताजी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

# शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में लाहोद में सम्पन्न हुआ, कई शिक्षकों ने कार्यक्रम में किये शिरकत



पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com

अहिल्या इंटरनेशनल स्कूल लाहौद, बलौदा बाजार में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। यह कार्यक्रम कक्षा प्रबंधन पर केंद्रित था। इस कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल के प्रिंसिपल जीसी दास ने किया था, जिन्होंने दिल्ली से आए संसाधन व्यक्ति निहारिका शर्मा और अन्य गणमान्य व्यक्तियों जैसे कि आदित्य बिरला स्कूल के प्रिंसिपल आनंद बंगाल, दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल भाटापारा के प्रिंसिपल योगेश पोपट, डीएवीवी मुख्य मंत्री स्कूल सकरी के प्रिंसिपल शशि कुमार, अकादमी हाई पब्लिक स्कूल राजिम के प्रिंसिपल जितेंद्र दास और जेएनबी लावन के राजेंद्र सिखा को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। अहिल्या इंटरनेशनल स्कूल के सभी शिक्षकों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। यह कार्यक्रम बहुत ही इंटरैक्टिव, रोचक और अर्थपूर्ण था। संसाधन व्यक्ति निहारिका शर्मा ने शिक्षकों को समझाया कि संज्ञानात्मक, भावनात्मक और मनो-मोटर डोमेन के विकास को समझना कक्षा प्रबंधन को संभालने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसके बाद स्कूल के प्रिंसिपल जीसी दास ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि छात्रों की मानसिक क्षमता को समझना ही कक्षा प्रबंधन का वास्तविक अर्थ है।

# खरोरा मे नवनिर्मित मितानिन भवन का लोकार्पण, महिलाओं के आत्मनिर्भरता से समाज मे समृद्धि आएगी

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत खरोरा में शनिवार को मुख्य अतिथि डॉ. एकता लंगेह द्वारा नवनिर्मित मितानिन भवन और रोजगार प्रशिक्षण केंद्र का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मितानिनों द्वारा विभिन्न तरह के खेल जैसे मटका फोड़, नुककड़ नाटक, प्रेरणादायक गीत और विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. एकता लंगेह ने कहा की मितानिन भवन के निर्माण से यहां महिलाएं आपस में बैठकर अपने स्वास्थ्य से लेकर आर्थिक समृद्धि और अन्य भविष्य की योजनाओं पर कार्य कर सकते हैं। यहां भवन बनने से उन्हें इधर-उधर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि आज महिला हर क्षेत्र में आगे है, यहां महासमुंद में महिलाएं प्रत्येक गतिविधियों में उत्साह के साथ भाग ले रही हैं। महिला एक परिवार ही नहीं बल्कि पूरी पीढ़ी की धुरी है। उनके पास धैर्य भी है और काबिलियत भी है आज वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है और निरंतर प्रगति पथ पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर होना आवश्यक है ताकि वे अपने जरूरतो को भी पूरा कर सके, परिवार और समाज की मदद कर सकें। उन्होंने कहा कि आर्थिक स्वावलंबी से महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेंगी। डॉ. लंगेह ने कहा कि महिला स्वास्थ्य भी महत्वपूर्ण है यदि महिला स्वस्थ है तो परिवार भी स्वस्थ रहेगी उन्होंने मितानिनों से कहा कि वह अपने काम बखूबी निभा रही है और भविष्य में भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरे मनोयोग से करते रहे। कार्यक्रम में सरपंच सुनीता चंद्राकर सहित मितानिन समन्वयक राजमणि पवार स्थानीय पंच, सहित सखी सेंटर के सदस्य और मितानिन मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से बरसों का घर का सपना हुआ साकार

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



ये कहानी है वर्षो से कच्चे मकान की दीवारों के बीच सिमटे रहने वाले अमर की जो अब अपने पक्के घर में खुशहाली से अपना जीवन बीता रहे हैं। अमर के पिता का रामाधार ग्राम पंचायत मोहलई ब्लाक धमधा के निवासी है। वह एक साधारण किसान है जो कई वर्षो से कच्चे मकान में रहते थे। वे हमेशा से अपने परिवार के लिए एक पक्का घर बनाने का सपना देखते थे। लेकिन आर्थिक तंगी की वजह से यह सपना अधूरा ही रह गया था। समय बीतने पर अमर की भी शादी के बाद रहने की समस्या थी। आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण वह अपना घर नही बनवा पा रहा था। अमर सिंह बताते है मेरा कच्ची दीवार वाला अत्यंत पुराना घर था, जिसके उपर पन्नी तान कर गुजर-बसर चल रहा था, बरसात के दिनों में तो हालात और भी बदतर हो जाते थे। छत से टपकता पानी, मिट्टी का फर्श और चारों तरफ कीचड़, ये सब मेरी जीवन की यादें बन गए थे। तब प्रधान मंत्री आवास योजना से मुझे मेरी समस्या का समाधान का हल मिला। योजना से मेरे पिता का सपना साकार हुआ। अंकित को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रा.) वर्ष 2020-21 के तहत् आवास स्वीकृत होने की सूचना मिली। योजना के तहत उन्हें 1.20 लाख की राशि की स्वीकृति मिली। महात्मा गांधी नरेगा के 90 दिवस का रोजगार भी प्राप्त हुआ। साथ ही शासन की उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेण्डर का लाभ मिला। कुछ दिनों बाद उनके बैंक बचत खाते में पीएम आवास योजना के तहत् प्रथम किश्त की राशि 25 हजार रूपए, द्वितीय किश्त 40 हजार रूपए, तृतीय किश्त की राशि 40 हजार रूपए और अंतिम 15 हजार की राशि खाते में जमा हो गयी थी। अमर सिंह खुशी जाहिर करते हुए बताते है देखते ही देखते मेरा अच्छा पक्का मकान बन कर तैयार हो गया। हम परिवार सहित अब उसी आवास में प्रसन्नता पूर्वक निवास कर रहे है। मैं शासन का बहुत शुक्रगुजार हूं जिन्होंने मुझ जैसे गरीब के बारे मे सोचा और आवास बनवाने के लिए धन राशि सीधे मेरे खाते मे उपलब्ध करा कर मेरी अंधेरी जिन्दगी में रौशनी लाने का काम किया।

# कृष्णा टेकाम बने सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष, अन्य पदाधिकारीयों का भी हुआ मनोनयन



पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक इकाई भानुप्रतापपुर का पुनर्गठन भानुप्रतापपुर स्थित गोंडवाना भवन में किया गया। ब्लाक अध्यक्ष के रूप में कृष्णा टेकाम को मनोनयन किया गया। ब्लॉक स्तरीय बैठक का अध्यक्षता मत्ते सिंह भूआर्य ने किया। एवं कार्यकारिणी सदस्यों व वरिष्ठ सदस्यों आदिवासी समाज के अंतर्गत सभी जाति के प्रमुख व महिला प्रभाग युवा प्रभाग की उपस्थिति में ब्लॉक स्तरीय सर्व आदिवासी पुनर्गठन किया गया। जिसमे शहीद वीर नारायण की मूर्ति अनावरण के लिए चर्चा भी किया गया। वही सर्व आदिवासी समाज कार्यकारी ब्लॉक सदस्य संरक्षण हरिश्चंद्र कौड़ों, लखमू राम कोसमा,अध्यक्ष कृष्ण टेकाम, उपाध्यक्ष गेंद सिंह हिड़को, वीरेंद्र कोरेटी, ढाल सिंह राणा, राजकुमार तेता, सचिव पवन कुमार, कोषाध्यक्ष मत्ते सिंह भूआर्य, महासचिव संजय बेलसरिया, मीडिया प्रभारी तुषार ठाकुर और राजेंद्र धुर्वा, संगठन मंत्री मेहर सिंह वट्टी और सुरेंद्र नेतम को बनाया गया। इस अवसर टेकाम ने कहा कि मेरा जीवन का उद्देश्य ही यही है कि सर्व आदिवासी के हक की लड़ाई चाहे जल, जंगल जमीन हो या शिक्षा संस्कृति से लेकर आर्थिक सुधार हो, हर क्षेत्र में सर्व आदिवासी समाज के मांगो और समस्याओं को निराकरण कराना और साथ ही साथ सर्व समाज को एकजुटता के सूत्र में बांधकर प्रगतिशील बनाना उनका प्रमुख कार्य होगा। हमारा समाज कई प्रकार की मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं हर उस सख्स का आवाज बनने का उनका प्रयास रहेगा। मौजूद सर्व आदिवासी समाज के प्रमुखों ने पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा की आप सभी सर्व आदिवासी समाज प्रमुखों की अगुवाई में यह ब्लॉक इकाई की नवीन टीम एक बेहतर समन्वय के साथ कार्य करते हुए समाज को आगे बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगी यही उम्मीद करते हैं।

# कच्चे साल्हे के धान खरीदी केंद्र में अब तक नही हुआ खरीदी चालू, किसान परेशान

पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

धान उपार्जन केन्द्र कच्चे साल्हे में धान खरीदी शुरू नही हो पाया है। जिससे किसान परेशान हो गए हैं इस इलाके के समस्त किसानों ने बैठक कर इस विषय में चर्चा किया। बैठक में शामिल किसानों ने बताया कि अभी तक धान खरीदी चालू नहीं किया गया है जिसके कारण वे अपनी धान नही बेच पा रहे हैं। उनका कहना है इस वर्ष कच्चे खरीदी केंद्र में 536 किसनो ने अपना पंजियन कराया है जिसमें मरदेल ईरागाव साल्हे टेकाढोडा कच्चे के किसान शामिल हैं। उनके द्वारा लेम्स से हजारों लाखों का कर्ज भी लिया गया है उस कर्ज को चुकानें के लिए चिन्ता सताने लगा है। इस बैठक में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक शाहीन खान,



लैंप्स प्रबंधक पांडे धान खरीदी केंद्र कच्चे प्रभारी लालू कोरचे एवं गांव से आए किसानों द्वारा अपनी अपनी बात रखी गई। इस दौरान बताया गया कि यहां पर शासन प्रशासन द्वारा धान मंडी के लिए आरक्षित एरिया में अतिक्रमण किया जा रहा है। जिससे धान खरीदी केंद्र

## धान खरीदी जल्द होगी शुरू

बैठक में हरिचंद कौवडो, जीवराखन सलाम, गैंद हिडको,रिखी राम मंडावी, विनय पांडे, खिलावन आचला, गायत्री कावडे, सोमजी सलाम, विजय शोरी, सिया राम उयके, योगेश्वरी आचला, धनशू कोराम,कृष्णा कोस्मा, लखन नागवंशी ने बताया इस बैठक में पहुंचे अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उन्हें आश्वासन दिया है कि जल्द ही धान खरीदी चालू हो जाएगा।

को बढ़ाने में दिक्कत हो रही है। इस कारण इस जगह का सीमांकन कराने का निर्णय लिया गया। उन्होंने शासन पशासन से मांग करते हुए कहा कि हमारे इस मंडी में पक्की बाउंड्री वॉल शेड व चबुतरा निर्माण किया जाए ताकि बेमौसम बारिश से यहां पर होने वाली नुकसान से बचा जा सके।

# महाराष्ट्र विधानसभा एवं रायपुर दक्षिण उपचुनाव में भाजपा की जीत पर जश्न मनाया गया

पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com



नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव एवं रायपुर दक्षिण उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी को भारी बहुमत से विजय प्राप्त होने पर उतई मंडल के बाजार चौक उतई में उत्साह और जोश के साथ जीत का भव्य जश्न मनाया गया। इस अवसर पर सभी देवतुल्य जनता, समर्पित कार्यकर्ताओं और समर्थकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। यह जीत भाजपा की जनहितैषी नीतियों और जनता के अडिग विश्वास का प्रतिफल है। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर, जिला भाजपा मंत्री रोहित साहू, भाजपा उतई मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, महामंत्री सोनू राजपूत, भाजयुमों अध्यक्ष प्रवीण यदु, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष फलेंद्र सिंह राजपूत, सतीश चंद्राकर, हरीश यादव, लक्ष्मीनारायण साहू, खुबीलाल साहू, सोहन रिगरी, डिकेश वर्मा, रूपेश पारख, नरेंद्र साहू, करण सेन, चिंटू सिन्हा, पार्षद भीमसेन सिन्हा, चंदू देवांगन, हरीश यादव, लाकेश देवांगन, हुबलाल चंद्राकर, नीलम गढ़े, घनश्याम चंद्राकर, बिमला कामड़े, संगीत रजक, लता सोनवानी, वैभव देवांगन, सुनीता वर्मा, ममता चंद्राकर, शीतल रात्रे, भीषम देवांगन, दुर्गा सेन, दानेश्वरी देशमुख, राजूलाल साहू, मंशा भारती, लुकेश्वरी साहू, गिरिश शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403